श्रावण कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 26 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 179, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



खेलों के महाकुंभ में पदकों की दहाई का लक्ष्य 15

बॉलीवुड में कमबैक करना चाहती है सोनम 16

## दरबार हॉल नहीं, अब गणतंत्र मंडप

नई दिल्ली, एजेंसी

**बदला नाम**

- राष्ट्रपति भवन का अशोक हॉल अब कहलाएगा अशोक मंडप

राष्ट्रपति भवन के प्रतिष्ठित दरबार हॉल और अशोक हॉल के नाम गुरुवार को बदलकर क्रमशः गणतंत्र मंडप और अशोक मंडप कर दिए गए। पिछले साल राष्ट्रपति भवन परिसर में प्रसिद्ध मुगल गार्डन का नाम बदलकर अमृत उद्यान कर दिया गया था।

राष्ट्रपति सचिवालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि भारत के राष्ट्रपति का कार्यालय और निवास राष्ट्रपति भवन, राष्ट्र का प्रतीक और देश की एक अमूल्य धरोहर है। लोगों के लिए इसे और अधिक सुलभ बनाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। दरबार हॉल राष्ट्रीय पुरस्कारों की प्रस्तुति जैसे महत्वपूर्ण समारोहों और कार्यक्रम के आयोजन का स्थान है। बयान में कहा गया कि भारत के गणतंत्र बनने के बाद दरबार की प्रासंगिकता खत्म गई। गणतंत्र मंडप आयोजन स्थल के लिए एक उपयुक्त नाम है। अशोक शब्द का अर्थ किसी ऐसे व्यक्ति से है जो सभी कष्टों से मुक्त है। भारत गणराज्य का एक राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ है। जिसके अनुसार अशोक हॉल का नाम बदलकर अशोक मंडप रखा गया है। इस हॉल का उपयोग दूसरे देशों के प्रमुखों द्वारा परिचय पत्र प्रस्तुत करने के स्थल के रूप में किया जाता है।

### सरकार के लिए दरबार नहीं, शहंशाह का सिद्धांत



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल और अशोक हॉल का नाम बदले जाने के बाद केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस सरकार के लिए दरबार का नहीं, बल्कि शहंशाह का सिद्धांत है। दोनों हॉलों के नाम बदले जाने पर प्रियंका गांधी ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि सरकार के पास दरबार का नहीं, शहंशाह का सिद्धांत है।

## सिपाही भर्ती परीक्षा की नई तिथियों की घोषणा

- अगस्त में 23, 24, 25, 30 व 31 तारीख को प्रतिदिन दो पालियों में होगी परीक्षा
- 60,244 सिपाहियों की भर्ती परीक्षा पेपर लीक होने से फरवरी में हुई थी स्थगित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से सिपाही भर्ती परीक्षा की नई तिथियों की घोषणा कर दी गई है। 60,244 पदों पर सीधी भर्ती-2023 के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन अगस्त माह की 23, 24, 25, 30 व 31 तारीख को किया जाएगा। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में होगी। प्रत्येक पाली में लगभग 5 लाख अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। बोर्ड की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि परीक्षा फरवरी माह में निरस्त कर दी गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निर्देश दिया गया था कि यह परीक्षा छह महीने के अंदर पुनः आयोजित होगी। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए परीक्षा संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं यथा, परीक्षा की तैयारियों, परीक्षा केंद्रों के चयन, परीक्षार्थियों का सत्यापन आदि के लिए विस्तृत दिशा निर्देश शासन द्वारा 19 जून को जारी किए गए हैं। यह परीक्षा इन सभी मानकों के अनुसार आयोजित की जा रही है।



**परीक्षा संबंधी अपराध में उम्रकैद व एक करोड़ का जुर्माना :** प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों, जैसे प्रश्नपत्र लीक होना, उत्तर पुस्तिकाओं से छेड़छाड़ आदि को रोकने के लिए उप्र सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश-2024 पहली जुलाई 2024 को अधिसूचित किया गया है। इस अधिनियम में प्रावधान किया गया है कि परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करना, नकल करना अथवा कराना, प्रश्नपत्र का प्रतिरूपण करना अथवा षड्यंत्र करना आदि अपराध की श्रेणी में आएगा। ऐसे प्रकरणों में संलिप्त पाए जाने पर उम्रकैद अथवा एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों हो सकता है।

**परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को मिलेगी फ्री बस सेवा**

परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को परिवहन विभाग निशुल्क बस सेवा की सुविधा देगी। अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार इसका लाभ ले सकते हैं। इसके लिए बस से यात्रा करने वाले अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश पत्र की अतिरिक्त दो प्रतियां रखनी होगी। एक प्रति परीक्षा केंद्र के जनपद तक की यात्रा और दूसरी प्रति परीक्षा उपरांत अपने जनपद तक की यात्रा के लिए कंडक्टर को देना है।

**एक नजर**

### अब्बास की बेल पर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार से विधायक अब्बास अंसारी की जमानत (बेल) याचिका पर जवाब मांगा। अंसारी ने उस मामले में जमानत का अनुरोध किया है जिसमें उन पर आरोप है कि उन्होंने अपनी पत्नी के मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए विभिन्न लोगों को जबरन वसूली के लिए धमकाया। अंसारी की पत्नी चित्रकूट जिला जेल में बंद अपने पति अंसारी से मुलाकात के लिए जाती थी। मऊ विधानसभा क्षेत्र से विधायक अंसारी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के एक मई के उस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

### गूगल मैप्स ने भारत में कई नई सुविधाएं पेश कीं

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने अपने गूगल मैप्स पर कई नई सुविधाएं की पेशकश की है। इनमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन की सूचना, फ्लाईओवर कॉलआउट और चार-पहिया वाहन चालकों के लिए संकरी सड़क के उपयोग को कम करने के लिए एआई-संचालित रूटिंग क्षमता शामिल है। गूगल मैप्स ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जबकि उसे घरेलू कंपनी ओला मैप्स से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। गूगल मैप्स ने गुरुवार को नई विशेषताओं की घोषणा करते हुए कहा कि यह मैपिंग के लिए एक रोमांचक समय है।

## सत्ता पक्ष-विपक्ष में तीखी नोकझोंक

**बजट पर चर्चा** हंगामे के चलते दो बार स्थगित हुई लोकसभा की कार्यवाही

कांग्रेस सांसद चन्नी और केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू के बीच चले शब्द बाण

किसानों को एमएसपी की गारंटी के बयान पर बिफरे केंद्रीय मंत्री गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में गुरुवार को केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच अलग-अलग मुद्दों पर तीखी नोकझोंक हुई जिसके बाद सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। सबसे पहले केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी के बीच तीखी नोकझोंक हुई, बाद में सत्तापक्ष एवं तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों के बीच कहासुनी देखने को मिली।

सदन में केंद्रीय बजट 2024-25 पर चर्चा के दौरान जालंधर से कांग्रेस के सांसद और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि ये देश के हवाई अड्डे समेत सबकुछ बेच रहे हैं। चन्नी ने कहा कि आप (सरकार) देश की संपत्तियों के संरक्षक हैं, मालिक नहीं हैं। इन्हें बेचने की और देश को बर्बाद करने की गलती मत कीजिए। कांग्रेस सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से करते हुए आरोप लगाया कि इनमें (सत्तापक्ष) और अंग्रेजों में कोई फर्क नहीं है, सिर्फ रंग का फर्क है। पहले ये सत्ता में काबिज हुए और फिर सत्ता के रास्ते ये देश के उद्योगों पर अपने लोगों का कब्जा करा रहे हैं। इस पर रेल राज्य मंत्री और पूर्व कांग्रेस सदस्य बिट्टू ने कुछ टिप्पणी की। जवाब में चन्नी ने उनका नाम लेते हुए कहा कि आपके पिताजी शहीद हुए थे। लेकिन वह उस दिन मरे, जिस दिन आपने कांग्रेस को छोड़ा। इस पर पीठासीन सभापति संध्या राय ने कांग्रेस सदस्य से व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करने को कहा। बिट्टू ने कहा कि इन्होंने (चन्नी ने) मेरा नाम लिया। मेरे दादा सरदार बेअंत सिंह ने कुर्बानी देश के लिए दी थी, कांग्रेस के लिए नहीं दी थी। उन्होंने कहा कि चन्नी गरीबी की बात कर रहे हैं, लेकिन सारे पंजाब में अगर ये सबसे अमीर और सबसे भ्रष्ट आदमी नहीं हुए तो मैं अपना नाम बदल दूंगा। इस पर दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक होने लगी। हंगामे के कारण कार्यवाही दोपहर 1:25 बजे दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दो बजे सदन की कार्यवाही दोबारा आरंभ हुई तो रक्षा मंत्री और सदन के उपनेता राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों तरफ के सदस्यों के भाषणों को देखा जाए और जो भी असंसदीय है उसे कार्यवाही से हटा दिया जाए। इसके बाद चन्नी ने अपना अधूरा भाषण आगे बढ़ाया और कहा कि सरकार ने किसानों को (एमएसपी की) कानूनी गारंटी देने का लिखित वादा किया था। इस पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कांग्रेस सदस्य अपनी बात प्रमाणित करें या माफी मांगें। सदन में एक बार फिर से नोकझोंक शुरू हो गई। बिरला ने कहा कि कांग्रेस सदस्य को अपनी बात प्रमाणित करनी होगी। चन्नी के बाद जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सदस्य सुनील तटकरे ने बोलना शुरू किया तो तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने बैठने के स्थान को लेकर कुछ आपत्ति जताई। इसके बाद फिर दोनों पक्षों के सदस्यों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। हंगामे के बीच पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने सदन की कार्यवाही दो बजकर करीब 25 मिनट पर अपराह्न तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी।



रवनीत सिंह बिट्टू — चरण जीत सिंह चन्नी

### मर्यादा रखें, आसन को चुनौती नहीं दें : बिरला



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय तथा तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी की टिप्पणियों की पृष्ठभूमि में सदस्यों से कहा कि वे सदन की मर्यादा रखें तथा आसन को चुनौती नहीं दें। बुधवार को गंगोपाध्याय के वक्तव्य के दौरान कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने गोडसे को लेकर टिप्पणी की जिस पर गंगोपाध्याय ने आपत्तिजनक शब्द कहे थे।

### बजट पर चर्चा के दौरान विपक्ष कर रहा राजनीति



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने गुरुवार को विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने संसद में केंद्रीय बजट पर बहस के दौरान महत्वपूर्ण पहलुओं पर बोलने के बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गाली देना शुरू कर दिया। रीजीजू ने कहा कि जिस तरह से कुछ विपक्षी नेताओं ने अपने भाषण दिए, वह सदन का अपमान करने और बजट सत्र की गरिमा को कम करने जैसा है।

## जौहर विवि में शत्रु संपत्ति पर गृह मंत्रालय ने लिया कब्जा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- नौ अप्रैल को दिए गए हाईकोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई
- 13.8 हेक्टेयर रकबे पर चारों ओर खंभे लगे, कराई तारबंदी

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री आजम खां के मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में लखनऊ से आई टीम ने शत्रु संपत्ति को कब्जे में ले लिया। गुरुवार को शत्रु संपत्ति को चिन्हित कर खंभे लगवाने के बाद तारबंदी करवा दी गई। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिस तैनात रही। जौहर विवि में करीब 13.8 हेक्टेयर शत्रु संपत्ति है। नौ अप्रैल के हाईकोर्ट के आदेश पर गृह मंत्रालय की टीम ने शत्रु संपत्ति को कब्जे में लेने की कार्रवाई की है।

सपा सरकार में मंत्री रहे आजम खां ने 2006 में तहसील सदर स्थित आलियागंज में जौहर विश्वविद्यालय की स्थापना का काम शुरू किया था, लेकिन सपा सरकार के बाद भाजपा की सरकार ने आजम खां की घेराबंदी शुरू कर दी थी। निर्माण के दौरान जौहर विश्वविद्यालय में शत्रु संपत्ति को भी मिला लिया था। यह संपत्ति करीब 13.8 हेक्टेयर है। इसके बाद उच्चाधिकारियों द्वारा जांच कराने पर मामला सही पाया गया था। तभी से इसकी जांच चल रही है। कुछ दिनों पहले लखनऊ से आई टीम ने स्थानीय प्रशासन के साथ जमीन को चिहिन्त करके खंभे लगवाकर तारबंदी करा दी थी। हालांकि बाद में आजम खां के अधिवक्ताओं ने इस जमीन पर कुछ समय के लिए कोर्ट से स्टे ले लिया था। इसके बाद खंभे हटा दिए गए थे। स्टे का समय पूरा होने के बाद गुरुवार को फिर गृह मंत्रालय से आए शत्रु संपत्ति के अभिरक्षक प्रशांत सैनी, नायब तहसीलदार गौरव विश्वनोई राजस्व टीम के साथ जौहर विश्वविद्यालय पहुंचे। उन्होंने शत्रु संपत्ति को चिहिन्त करने के बाद खंभे लगवाए और तारबंदी कराई।

### सीयूईटी-यूजी की अंतिम कुंजी जारी, नतीजे जल्द

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने गुरुवार को संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) की अंतिम कुंजी जारी कर दी। इसी के साथ स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परिणाम घोषित करने का रास्ता साफ हो गया। एनटीए ने 7 जुलाई को सीईयूटी-यूजी की वैकल्पिक कुंजी जारी की थी जबकि करीब एक हजार विद्यार्थियों की शिकायत पर उनकी दोबारा परीक्षा 19 जुलाई को ली गई। एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि परिणाम जल्द घोषित किए जाएंगे।

## कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 8 अगस्त तक बढ़ाई



- सिसोदिया और के कविता की हिरासत भी बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को सीबीआई की ओर से दर्ज दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि आगामी 8 अगस्त तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तिहाड़ जेल में बंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज धनशोधन के एक अन्य मामले में मुख्यमंत्री की हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ा दी गई। केजरीवाल को तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। विशेष अदालत ने धन शोधन मामले में आप के नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता और अन्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि भी 31 जुलाई तक बढ़ा दी है।

## राज्यों के पास खनिजों पर टैक्स वसूलने का कानूनी अधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- सीजेआई की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की नौ सदस्यीय पीठ ने दिया निर्णय

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि खनिजों पर देय रॉयल्टी कोई कर नहीं है और संविधान के तहत राज्यों के पास खदानों और खनिज युक्त भूमि पर कर लगाने का विधायी अधिकार है। इस फैसले से झारखंड और ओडिशा जैसे खनिज समृद्ध राज्यों को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से केंद्र द्वारा खदानों और खनिजों पर अब तक लगाए गए हजारों करोड़ रुपये के करों की वसूली पर फैसला करने का आग्रह किया था। राज्यों ने शीर्ष अदालत से आग्रह किया कि केंद्र से करों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए फैसले को पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू किया जाए। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हालांकि दलीलों का कड़ा विरोध किया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने केंद्र और राज्यों से इस पहलू पर लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा और कहा कि वह 31 जुलाई को इस मुद्दे पर फैसला करेगी।

## बारिश-भूस्खलन से बदरीनाथ, केदारनाथ व गंगोत्री हाईवे बंद

**देहरादून।** उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में जारी बारिश व भूस्खलन के चलते चमोली व रुद्रप्रयाग जिले में बदरीनाथ, केदारनाथ हाईवे समेत कई सड़कें बंद हो गई हैं। उत्तरकाशी में भटवाड़ी-गंगनानी के बीच बोल्डर गिरने से गंगोत्री हाईवे बंद हो गया है। चमोली जिले में ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग जगह-जगह बंद होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब आए यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ हाईवे पर फाटा के निकट डोलिया देवी में मलबा आने से हाईवे पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। केदारघाटी में लगातार बारिश से केदारनाथ हाईवे पर जगह-जगह भूस्खलन हो रहा है। उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग भटवाड़ी व गंगनानी के बीच में मलबा व बोल्डर आने के कारण बाधित हो गया।

## मेरठ से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से करें सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्र का प्रस्ताव इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को भेजा पत्र

केंद्र ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजे) को पत्र लिखकर कुछ मामलों की मेरठ और आगरा से वीडियो कांफ्रेंस के जरिये सुनवाई करने का प्रस्ताव भेजा है तथा उसे उम्मीद है कि इस पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलेगी।

कानून एवं विधि राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट सबसे पुराना हाईकोर्ट है, इसमें कोई शक नहीं है। इसकी पीठ मेरठ और आगरा में स्थापित हो, यह विषय लंबे समय से चल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार 'ई-कोर्ट प्रोजेक्ट-तृतीय' के माध्यम से ऐसा प्रयास कर रही है। मेघवाल ने कहा कि हमने (इलाहाबाद हाईकोर्ट के) मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर कहा है कि कुछ सुनवाई मेरठ और आगरा से की जा सकती है। उसका (पत्र का) जवाब अभी आया नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि सकारात्मक उत्तर आने की संभावना है। मेघवाल ने हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा बढ़ाने के प्रश्न पर कहा कि इस तरह का कोई प्रस्ताव अभी सरकार के समक्ष विचाराधीन नहीं है। इससे पहले कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने सरकार से जानना चाहा कि सरकार जब सर्किट बेंच या क्षेत्रीय पीठ बनाने पर विचार करेगी तो क्या वह देश के सबसे पुराने हाईकोर्ट में से एक इलाहाबाद हाईकोर्ट की क्षेत्रीय पीठ बनाने पर विचार करेगी? उन्होंने यह भी पूरक प्रश्न किया था कि क्या सरकार हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा 62 से बढ़ा कर 65 वर्ष और 65 से बढ़ाकर 70 वर्ष करने पर विचार करेगी, वेतन एवं भत्तों के साथ? एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में मेघवाल ने कहा कि हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 217 और 224 के तहत की जाती है, जिसमें किसी भी जाति या वर्ग के लोगों के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं है।

## अनपरा की दो इकाइयां ठप, बिजली संकट बढ़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उमस भरी गर्मी में कटौती होने से परेशान हैं लोग

**अमृत विचार :** भारी उमस के बीच प्रदेश में बिजली उत्पादन इकाइयों के ठप होने का सिलसिला लगातार जारी है। गुरुवार को अनपरा की दो इकाइयां ठप हो गई हैं। इससे बिजली संकट गहरा गया, जबकि स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादतर इलाके बिजली संकट की चपेट में रहे।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार दोपहर में अनपरा की पांच सौ मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई। अपरान्ह करीब तीन बजे अनपरा की ही 210 मेगावाट क्षमता की दूसरी इकाई भी ठप हो गई। सूत्रों ने बताया कि दोनों इकाइयों को चालू करने के लिए प्रयास जारी हैं। इन इकाइयों के देर रात तक चालू होने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि सिंगरौली की दो सौ मेगावाट की इकाई 20 जुलाई से बंद चल रही है। सूत्रों का कहना है कि गर्मी व उमस के कारण बिजली की मांग बढ़ी हुई है। बिजली आपूर्ति के लिए निर्धारित समय सारिणी के तहत गांवों में छह घंटे, नगर पंचायतों-तहसील मुख्यालयों में ढाई घंटे व बुंदेलखंड क्षेत्र में चार घंटे की घोषित बिजली कटौती जारी रही। इस दौरान लोग परेशान रहे।

## उत्तराखंड आने वाले पर्यटक वाहनों में लगाने होंगे डस्टबिन

**राज्य की प्राकृतिक स्वच्छता को बनाए रखने को फैसला**

ब्यूरो, देहरादून



मुख्य सचिव राधा रतूड़ी

- पर्यटकों, टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंसी व वाहन चालकों को पालन कराने के निर्देश
- उत्तराखंड परिवहन विभाग ने उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के परिवहन आयुक्तों को लिखा पत्र

**अमृत विचार :** उत्तराखंड की प्राकृतिक स्वच्छता व सुंदरता को बनाए रखने के लिए पर्यटक वाहनों में अब डस्टबिन/कचरा बैग रखना अनिवार्य होगा। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंसियों व टैक्सी चालकों को इसका सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। पर्यटकों से भी वाहन में कचरा बैग रखने की अपील की है।

मुख्य सचिव ने इस संबंध में नियमित रूप से चेकिंग एव चालान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा जारी आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। पूर्व में इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चण्डीगढ़, राजस्थान व मध्य प्रदेश के परिवहन आयुक्तों को भी पत्र लिखा गया था। परिवहन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार चारधाम यात्रा के दौरान स्वच्छता अभियान के तहत वाहन में बैठे यात्री सड़कों पर कचरा नही फेंक सकते तथा सभी वाहनों में डस्टबिन / कचरा बैग लगाना अनिवार्य है।

मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में प्रवेश करने वाले वाहनों को ट्रिप कार्ड जारी करते समय यह अवश्य सुनिश्चित कर लिया जाए कि प्रत्येक वाहन में डस्टबिन/कचरा बैग हो। आमजन को व्यापक स्तर पर इसकी जानकारी दी जानी चाहिए। उन्होंने इस संबंध में टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंसी व वाहन चालकों से भी संवाद व समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि पर्यटन प्रदेश होने के कारण राज्य की प्राकृतिक स्वच्छता बनाए रखना और पर्यावरण का संरक्षण उत्तराखंड वासियों के साथ ही यहां आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं का भी सामूहिक उत्तरदायित्व है। यह कार्य सामूहिक भागीदारी का है।

## कठुआ आतंकी हमला: आतंकवादियों के दो मददगार गिरफ्तार

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सेना के गश्ती दल पर हुए आतंकी हमले में संलिप्तता के लिए आतंकवादियों के दो कथित मददगारों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि जिले के दूरस्थ मछेड़ी इलाके में आतंकवादियों द्वारा 8 जुलाई को घात लगाकर किए गए हमले में एक जूनियर कमीशन अधिकारी सहित सेना के पांच जवान शहीद हुए थे और पांच अन्य लोग घायल हुए थे। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान बिलावर के कलना धानू परोल के रहने वाले लायाकत अली उर्फ पावू और मल्हार के बौली मोहल्ला के मूल राज उर्फ जेनजू के रूप में हुई है। मल्हार थाने में अली और राज के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा और इग्रेस एंड इंटरनल मूवमेंट कंट्रोल अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में 100 से अधिक व्यक्तियों से पूछताछ की गई।

### छत्तीसगढ़ में 5 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में पांच नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि नक्सलियों पर कुल 19 लाख रुपये का इनाम घोषित है।

# डीएम ने यूट्यूब पर सत्र संयोजन कर स्कूलों की हकीकत परखी

## सोमवार से गुरुवार को स्कूलों में रिवीजन-डे पर की चर्चा, व्यायाम और खेलकूद का भी टाइम टेबल बना

▶▶ **नौनिहालों को इंडोर-आउटडोर खेल के लिए करें प्रोत्साहित**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर शिक्षक क्षमता संवर्धन लाइव उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। बेसिक शिक्षा में शैक्षिक, भौतिक परिवेश के उन्नयन, शिक्षण क्षमता संवर्धन के लिए लाइव सत्र चला। इस दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार मौजूद रहे। यूट्यूब सत्र का संयोजन बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने किया।

सेशन सत्र में डीएम बोलीं, मेरा बेसिक शिक्षा परिवार के सदस्यों को नमस्कार! मुझे विद्यालय आकर और बच्चों से मिलकर आनंद की अनुभूति होती है। गत दिवस ब्लॉक लखीमपुर से विद्यालय निरीक्षण की शुरुआत की। आने वाले दिनों में आपसे मिलने आपके विद्यालय अवश्य आऊंगी। डीटीएफ-बीटीएफ सदस्यों द्वारा भी हर माह की निरीक्षण कर शिक्षा की गुणवत्ता जांची जाएगी। प्रधान-सचिव विद्यालय आकर विद्यालय की समस्याओं को न केवल जानेंगे, बल्कि उसे हल करने का हर स्तर पर प्रयास करेंगे। सभी शिक्षक स्कूलों को चमकाने में पूरे मनोयोग से जुट जाएं। सोमवार-गुरुवार सफाई कार्मिक विद्यालय आकर सफाई कार्य करेंगे। यदि कहीं सफाई कर्मचारी न पहुंचे तो विद्यालय इसकी सूचना दें, तत्काल कार्यवाही होगी।


कैम्प कार्यालय से यूट्यूब सत्र में निर्देश देतीं डीएम।

### नौनिहाल करेंगे 30 मिनट व्यायाम

डीएम ने कहा कि विद्यालय में शुरुआत के 30 मिनट व्यायाम के लिए आरक्षित किए जाएं। खेल सामग्री का समुचित उपयोग कराते हुए नौनिहालों को इंडोर-आउटडोर खेल को प्रोत्साहित किया जाए। बच्चों को खिलाएं भी और उनके साथ खेले भी। शिक्षक सप्ताह में 02 दिवस (सोमवार-गुरुवार) को पिछले कार्य दिवसों में पढ़ाये गये अध्यायों का रिवीजन कराएं। यथा सोमवार, मंगलवार व बुधवार को पढ़ाए गए अध्याय का रिवीजन गुरुवार को करायें। गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार पढ़ाये अध्यायों का रिवीजन सोमवार को कराएं। नौनिहालों में रिवीजन की आदत डालें और उसे उनके जीवन में आत्मसात कराएं।

### हर क्लास में लगवाएं दो-दो ट्यूबलाइट

डीएम ने कहा कि कमजोर बच्चों को चिन्हित कर अग्रिम पंक्ति में बैठाया जाए ताकि उन पर अलग से ध्यान दिया जा सके। बच्चों को भोजन से पूर्व व बाद में हाथों की साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया जाए। कहा कि शिक्षक कंपोजिट ग्रांट का सदुपयोग कर प्रत्येक कक्षा-कक्ष में अनिवार्य रूप से दो-दो ट्यूबलाइट लगवाएं। शौचालयों में हैंडवॉश यूनिट, पानी आदि होना चाहिए। स्कूल में पीने के पानी की शत-प्रतिशत व्यवस्था रहे। निरीक्षण में मिड डे मील गुणवत्ता, यूनिफॉर्म में बच्चे, शिक्षक-नौनिहाल की उपस्थिति बेहतर मिलने और कक्षा-कक्ष के बाहर बच्चों की एक लाइन में रखे मिलने पर प्रशंसा की।

# मरीजों की देखरेख में न बरते कोताही

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में बृहस्पतिवार को सीएमएस ने स्टाफ नर्सों संग बैठक कर मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के साथ उनकी समस्याएं सुनकर निराकरण कराने का आश्वासन दिया। सीएमएस डॉ. आरके कोली ने कहा कि शाम एवं रात की ड्यूटी में अक्सर मरीज व उनके तीमारदार सही देखरेख न होने को लेकर शिकायत करते हैं, जोकि बेहद गलत है।

उन्होंने कहा कि मरीज के पास जाकर उसे दी जाने वाली दवाओं का अवलोकन करें और वार्ड छोड़कर कदापि न जाएं। सहयोगी वार्ड बॉय, गार्ड, एमरजेंसी में मौजूद डॉक्टर और इलाज करने वाले डॉक्टर का नंबर पास में अवश्य रखें, जिससे विषम हालात में उन्हें बुलाया जा सके। उपकरणों की नियमित देखरेख करें, जैसे कि पल्स ऑक्सीमीटर, बीपी मशीन, ग्लूकोमीटर मशीन। देखरेख न होने के चलते यह टूट जाते हैं। इस दौरान वार्ड इंचार्ज ने पल्स ऑक्सीमीटर, बीपी मशीन और ग्लूकोमीटर के लिए सेल की आवश्यकता, वार्डों में स्टाफ के पीने के पानी की अलग से वयवस्था न होने, सैनिटाइजर की कम उपलब्धता, महिला स्वीपर की कमी आदि बिंदुओं पर जानकारी दी। इस पर सीएमएस ने जल्द से जल्द से इनका समाधान कराने का आश्वासन दिया। बैठक में स्टाफ नर्स आदि मौजूद रहीं।


नर्सों को मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराने के निर्देश देते सीएमएस।

▶▶ **सीएमएस ने स्टॉफ नर्सों को दी चेतावनी, कहा-उपकरणों की नियमित करते रहें देखभाल**

# मॉकड्रिल: बाढ़ के पानी में डूबते दो ग्रामीणों को बचाया

## पूर्वाभ्यास की सफलता पर डीएम-एसपी ने एनडीआरएफ टीम को दी शाबासी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** गांव लंगड़ीपुर में बाढ़ के पानी में डूब रहे दो व्यक्तियों को एनडीआरएफ की टीम ने बचाकर बाहर निकाला। इस कार्य में आपदा मित्रों ने भी सहयोग किया। साथ ही बाढ़ के पानी में फंसे गांव वालों को सुरक्षित स्थान पर लेकर आए। यह पूर्वाभ्यास गुरुवार को एनडीआरएफ की टीम ने सदर तहसील के ग्राम श्रीनगर के कर्बला मैदान पर मॉक ड्रिल कर किया। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार व इंसीडेंट कमांडर/एडीएम संजय कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन व देखरेख में यह आयोजन हुआ।

गांव श्रीनगर के कर्बला मैदान से डीएम के निर्देशन में एडीएम ने गांव लंगड़ीपुर और गांव गूम के लिए एक-एक टीम रवाना की। पहली टीम बाढ़ के संभावित गांव गूम के लिए रवाना हुई, जहां पहुंचकर टीम ने गांव के लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर बसाया। दूसरी टीम ग्राम लगड़ीपुर के लिए रवाना हुई। जहां से बाढ़ के पानी में डूबते दो व्यक्तियों को बचाकर राहत शिविर गजोधर प्रसाद इंटर कॉलेज में लाकर चिकित्सा शिविर में लाया गया। घटना स्थल गांव लगड़ीपुर में शारदा नदी में बाढ़ आने से क्षेत्र दो लोग डूबने लगे। जिनके शोर मचाने और डूबते हुए खिने पर एनडीआरएफ रेस्क्यू रिसपांस टीम के सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में टीम लीडर व आपदा मित्रों ने सेफ्टी हेल्मेट और बॉडी प्रोटेक्टर से लैस होते हुए मोटरवोट से रेस्क्यू के लिए निकले। टीम ने मेगाफोन, लाइफ जैकेट, स्ट्रेचर आदि जीवन रक्षक उपकरणों के साथ बाढ़ के पानी से संघर्ष कर रहे दोनों व्यक्तियों को मोटर बोट पर सवार किया और पूरी तत्परता के साथ उन्हें किनारे पर लेकर आए। पूर्वाभ्यास के दौरान उप जिला मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में टीम ने ग्राम गूम पहुंचकर आने वाले कुछ घंटों के भीतर गांव में पानी बढ़ने की सूचना देकर गांव खाली कराया।


मॉक ड्रिल में डूबते को बचाने का पूर्वाभ्यास करती एनडीआरएफ की टीम। मौके पर मौजूद डीएम-एसपी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### मॉक ड्रिल का तात्पर्य तैयारियों को परखना : डीएम

डीएम ने बताया कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य यह है कि हम वास्तविक आपदा आने से पूर्व ही उन्हीं परिस्थितियों का सामना करते हुए राहत व बचाव कार्यों को सम्पन्न कराकर अपनी तैयारियों को परख रहे हैं ताकि वास्तविक स्थिति उत्पन्न होने पर सभी संबंधित विभाग बेहतर ढंग से कार्य कर सकें। आपदा की स्थिति में राहत बचाव के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। इसके अतिरिक्त आपदा की स्थिति में लोगों एवं पशुओं की जान बचाने और उन्हें प्रभावित क्षेत्र से बाहर राहत शिविर में लाने का अभ्यास किया।

### टीम में शामिल अधिकारी

एएसपी पवन गौतम, सीएमओ डॉ. संतोष कुमार गुप्ता, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, एसडीएम अश्वनी सिंह, राजेश कुमार, रेनू मिश्र, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता बाढ़ अजय कुमार, अधिशासी अभियन्ता जल निगम योगेन्द्र कुमार नीरज समेत 95 आपदा मित्र आदि।

## राहत किट न देने पर शाहपुर लेखपाल के खिलाफ नारेबाजी

**पलिया कलां, अमृत विचार :** भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर निवासियों का बाढ़ राहत किट नहीं मिली। इस पर काफी संख्या में पीड़ित गुरुवार को तहसील पहुंच गए और राहत किट वितरण में धांधली का आरोप लगाते हुए शाहपुर लेखपाल मुर्दाबाद आदि के नारे लगाए और धरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि लेखपाल जिनके घरों में कई दिन पानी भरा रहा और घर का सारा सामान भीग कर सड़ गया। उन्हें राहत किट न देकर मनचाहे लोगों को वितरित कर दी। आपत्ति करने पर धमकी देते हुए भाग गया। इसके बाद उन्होंने लेखपाल को हटाए जाने की मांग के साथ नायब तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा। नायब तहसीलदार ने उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजने की बात कहकर सभी को शांत किया।

# शिक्षामित्रों ने काली पट्टी बांधकर मनाया काला दिवस

## 25 जुलाई को रद हुआ था समायोजन, मांगों को लेकर सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** आज के ही दिन शिक्षामित्रों का समायोजन निरस्त हुआ था। इसको लेकर शिक्षामित्र हर साल 25 जुलाई को काला दिवस मनाते हैं। जिलेभर के शिक्षामित्रों ने बृहस्पतिवार को काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। वहीं, जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एसडीएम मितौली को ज्ञापन देकर समायोजन बहाली की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि मांगे न माने जाने पर शिक्षामित्र पांच सितंबर से आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

जिलाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि शिक्षामित्र पिछले करीब 22 साल से परिषदीय स्कूलों में शिक्षण कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं। शिक्षामित्रों की आर्थिक स्थित भी बेहद दयनीय है। उन्होंने बताया कि आज की तारीख यानि 25 जुलाई को शिक्षामित्रों का समायोजन रद्द किया गया था। वह काला दिन आज भी शिक्षा मित्रों के लिए काला ही बना हुआ है। इसी के विरोध में शिक्षामित्रों ने बृहस्पतिवार को काली पट्टी बांधकर काला दिवस मनाते हुए शिक्षण कार्य किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि एसडीएम मितौली को ज्ञापन देकर शिक्षामित्रों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग की गई है। अन्यथा की स्थित में शिक्षामित्र पांच सितंबर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।


मितौली एसडीएम को ज्ञापन देते शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष।

### प्रमुख मांगें

1. शिक्षामित्रों की योग्यता पूरी कराकर पुन: समायोजन हो।
2. समायोजन प्रक्रिया पूरी होने तक 12 माह व 62 वर्ष की सेवा सुरक्षित कर सम्मानजनक वेतन मिले।
3. नई शिक्षा नीति में शिक्षामित्रों का शामिल कर भविष्य सुरक्षित किया जाए।
4. मृतक शिक्षा मित्रों को अहेतुक सहायता देकर आश्रित की नियुक्त हो।
5. टेट पास शिक्षामित्रों को सहायक अध्यापक पद पर नियमित किया जाय।
6. मूल स्कूल से वंचित शिक्षामित्रों को पुन:एक अवसर मिले व महिलाओं को ससुराल के जिले में तबादला किया जाय।

# कॉलेज प्रशासन पर शासन की योजना से वंचित करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** आर्य कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने प्राचार्य पर स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्टफोन व टेबलेट बांटने में अनियमितता पूर्ण वितरण करने का आरोप लगाया है।

परास्नातक हिंदी विषय की छात्राओं ने बताया कि हिंदी विषय में कुल 39 छात्राएं पंजीकृत थी, जिसमें से सिर्फ नौ छात्राओं को स्मार्टफोन व टेबलेट वितरण किया गया। जबकि 30 छात्राओं को इससे वंचित कर दिया गया। इस संबंध में जानकारी करने पर कॉलेज प्रशासन उचित कारण न बताकर अभद्रता पूर्वक महाविद्यालय से बाहर निकाल दिया गया। छात्राओं ने बताया कि कुछ छात्राओं को कौशल विकास योजना के अलावा कॉलेज से भी स्मार्टफोन टेबलेट वितरित कर दिए गए। छात्राओं ने डीआईओएस कार्यालय पहुंचकर एडीएम को संबोधित ज्ञापन कार्यालय में देकर स्मार्टफोन व टेबलेट दिलाने की मांग की है। दीक्षा सोनी, निदा खातून, लक्ष्मी, इरम फातिमा, रोशनी शमी, फलक परवीन, दामिनी आदि छात्राएं मौजूद रहीं।


डीआईओएस कार्यालय पहुंची आर्यकन्या डिग्री कॉलेज की छात्राएं।

## सार-संक्षेप

### उन्नकिसेस कृषि संस्थान में हुआ संघ का गुरु दक्षिणा कार्यक्रम

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।** अमृत विचार : नगर के लक्ष्मी नगर कॉलोनी स्थित उन्नकिसेस कृषि संस्थान के शैक्षणिक हॉल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरु दक्षिणा कार्यक्रम सत्य प्रकाश अग्रवाल प्रांत गौसेवा संरक्षक, टोली सदस्य की मौजूदगी में हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गतिविधि गौ सेवा विभाग संयोजक विनीत सिंह भदौरिया ने भारत की प्राचीन गुरु शिष्य परंपरा पर प्रकाश डाला। महापुरुषों के निर्माण में गुरुओं के योगदान का वर्णन किया। उन्होंने भगवा ध्वज को विश्व गुरु के रूप में स्थापित करने की अपील की। नगर प्रचारक अभिषेक कुमार, डॉ. यदुलेश मुरारी सक्सेना, जिला गौ सेवा संयोजक डॉ पीयूष शुक्ला, सौरभ सिंह, विमलेश मिश्रा, रामकुमार सिंह, हरिओम सिंह, दिलीप सिंह, संजीव मिश्रा, अमितांशु मिश्र पुच्ची आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### महिला संत समागम में दी गई प्रेम की शिक्षा


गोला के निरंकारी सत्संग में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** लखीमपुर रोड स्थित निरंकारी सत्संग भवन में हुए महिला समागम में परमात्मा का बखान कर आपस में प्रेम व्यवहार बनाए रखने की शिक्षा दी गई। प्रयागराज की सीमा सचदेवा ने कहा कि परमात्मा जाना जा सकता है, देखा जा सकता है, प्रेम से प्रकट होता है। सत्संग की शुरुआत अपने घर से करनी चाहिए। अगर हमारे घर में आपस में प्रेम नहीं तो सत्संग करना बेकार है। महिला परिवार को संभालने का कार्य करती है। अगर परिवार को एक करना है तो महिलाओं को प्यार से अपने घरों में रहना होगा। संचालन शालिनी खुराना, शीतल निरंकारी ने किया। समागम में नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, गोला मुखी प्रमिला खुराना सहित पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर, मोहम्मदी, पलिया, संपूर्णानगर के तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

### युवा आचार्य का आकस्मिक निधन

**संवाददाता, पलिया कलां।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के युवा आचार्य अवनीश वाजपेयी का उनके घर सरौरा, बड़ागांव, सीतापुर में आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिन से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर पाकर विद्यालय में शोक छा गया। विद्यालय प्रबंधक रामबचन तिवारी, प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह सहित समस्त आचार्यों व छात्रों ने शोक सभा की।


आचार्य अवनीश वाजपेयी (फाइल फोटो)

### अभाविप के योगेश नगर अध्यक्ष, लवकुश नगर मंत्री बने

**संवाददाता, खमरिया। अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की खमरिया नगर इकाई का गुरुकुल एजुकेशनल अकादमी में बैठक कर पुनर्गठन किया गया। मुख्य अतिथि प्रखर मिश्रा की मौजूदगी में योगेश अवस्थी को खमरिया नगर अध्यक्ष, और लवकुश शुक्ला को नगर मंत्री मनोनीत किया गया। अनिल कुमार, मनोज कुमार चौधरी, प्रदीप कुमार उपाध्यक्ष, विनीत कुमार, अभिषेक गुप्ता नगर सहमंत्री, अर्पित मिश्रा नगर संयोजक, ऋषभ संयोजक, जतिन गुप्ता, शिवांक मिश्रा, अमर अवस्थी को नगर कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। नितिन, प्रशांत मिश्रा, प्रशांत गुप्ता, अंश गुप्ता, कुशाग्र तिवारी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर संगठन विस्तार की शुभकामनाएं दी। इस दौरान विशिष्ट अतिथि अजय पांडेय मौजूद रहे।

### छात्रवृत्ति परीक्षा के विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित



सभागार में डीआईओएस के साथ मौजूद मेधावी छात्र-छात्राएं।

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के विद्यार्थियों को बृहस्पतिवार को प्रमाण पत्र दिए गए। डीआईओएस कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने छात्रों को प्रमाण पत्र देकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले के 318 छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें से 11 को कार्यालय पर प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यालय के अभय अग्निहोत्री ने बताया कि शेष बच्चों को विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमाण पत्र देंगे।

## ऑटो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**लखीमपुर। अमृत विचार:** मैलानी थाना क्षेत्र में एक बाइक सवार को ऑटो ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जाता। इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना मैलानी के गांव अहिरनपुर निवासी अवनीश कुमार यादव कंचनपुर पेट्रोल पंप पर काम करता था। वह अपनी ड्यूटी करने पेट्रोल पंप पर गया था। वापस घर जाते समय बांकेगंज पावर हाउस के पास उनको ऑटो ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नयापुरवा गांव में कटान ने पकड़ी रफ्तार

संवाददाता, मूड़ा सवारान

**अमृत विचार:** आबादी और फसलों को नुकसान पहुंचाने के बाद शारदा नदी ने कटान तेज कर दिया है। सैकड़ो एकड़ फसल नदी में समा चुकी है। थोड़ी बहुत फसल बची थी वह भी नदी के मुहाने पर है। शारदा नदी के प्रकोप से बचने के लिए ग्रामीण गांव से पलायन करने को मजबूर है।

तहसील गोला के विकास खंड बिजुआ क्षेत्र के गांव नयापुरवा में शारदा नदी के कटान की रफ्तार अचानक तेज हो गई है। पिछले वर्ष इस गांव में बाढ़ के चलते सैकड़ो लोगों को बेघर होना पड़ा था। नयापुरवा गांव में शारदा नदी ने मंगलवार से कटान तेज कर दिया है, जिससे ग्रामीण आशंकित हैं। बुधवार तक कटान से कई घर शारदा नदी की गोद में समा गए साथ ही दर्जनों घर नदी में विलीन होने की कगार पर खड़े हैं। कटान के डर से सहमें ग्रामीण बैलगाड़ियों एवं ट्रालियों में अपना सामान भरकर अपने आशियानों को छोड़कर गांव से सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यदि कटान की स्थिति ऐसी ही रही तो चकपुरवा गांव की तरह इस गांव का वजूद भी समाप्त हो जाएगा और एक दिन कागजों के पन्ने में नयापुरवा गांव भी इतिहास बनकर रह जाएगा।


नयापुरवा गांव में खुद का मकान तोड़ते ग्रामीण। अमृत विचार

▶▶ **बाढ़ के बाद कटान से पलायन करने को मजबूर ग्रामीण**

# गन्ने की अधिक के लिए वैज्ञानिकों ने बताई विधि

संवाददाता, औरंगाबाद

**अमृत विचार:** गन्ना विकास परिषद जेबी गंज व गन्ना समिति मैगलगंज ने गांव ग्राम औरंगाबाद में एक किसान गोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें कृषि वैज्ञानिकों ने गन्ने की अधिक पैदावार लेने के तरीके बताए।

गन्ना शोध संस्थान शाहजहांपुर के पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बीडी सिंह ने अच्छी उपज लेने के लिए गन्ने के खेत की तैयारी, स्वस्थ गन्ना बीज का चयन, बुवाई विधि, खरपतवार नियंत्रण, मृदा परिरक्षण एवं फसल अवशेष प्रबंधन बांधने आदि की जानकारी दी। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, जेबीगंज अविनाश चंद्र तिवारी ने किसानों को अनबॉन्डेड गन्ने पर सदस्यता ग्रहण करने पर एवं सर्वे सट्टा प्रदर्शन के 63 बिंदुओं पर बताया। सचिव मैगलगंज अजीत प्रताप सिंह ने नए मेंबर बनने तथा घोषणा पत्र भरने की अपील की। चीनी मिल के क्षेत्रीय प्रबंधक रमेश चौधरी ने किसानों को चीनी मिल द्वारा चलाए जा रहे अधिक उपज बढ़ाओ अभियान के अंतर्गत प्रति हेक्टेयर उत्पादन पर नगद पुरस्कार दिए जाने की जानकारी दी। गोष्ठी में जोनल इंचार्ज पंकज सिंह, बृजेश मिश्रा, अरविंद सिंह, नवाब कल्बे हसन सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल : मौसम में उतार-चढ़ाव से वायरल के बढ़े मरीज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** मौसम में हो रहे बदलाव का असर लोगों की सेहत प्रभावित कर रहा है। बच्चों से लेकर बड़े और बुजुर्ग सर्दी जुकाम खांसी से लेकर वायरल बुखार की चपेट में आ रहे हैं। इससे जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। उधर, प्राइवेट अस्पतालों में बुखार, सर्दी-खांसी, गले में दर्द के मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि मौसम में उतार-चढ़ाव से वायरल फीवर का प्रकोप बढ़ जाता है, क्योंकि इस समय मौसम में अचानक तेज धूप के साथ गर्मी पड़ती है। साथ ही बारिश भी हो जा रही है। इसके बाद होने वाली उमस स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा कर दे रहा है। ऐसे में शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कम हो जाती है, जिससे वायरस का अटैक जल्दी होता है।

जिले में पिछले करीब 15 दिनों से तापमान में निरंतर बदलाव हो रहा है। कभी बारिश होने लगती है तो कभी तेज धूप निकल आती है। बारिश में भीगने और उमस वाली गर्मी के साथ ही ठंडी हवाओं की चपेट में आने से लोग संक्रमण का शिकार हो रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि इस बार वायरल के असर में भी बदलाव हुआ है। पहले तीन से चार दिन में ठीक होने वाली सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार अब आठ से 10 दिन में ठीक हो रहा है। बृहस्पतिवार को जिला अस्पताल में पंजीकरण कराने वाले 1218 मरीजों में करीब 40 फीसद मरीज वायरल फीवर की चपेट में थे।

▶▶ **बुखार व खांसी ठीक होने में लग रहे आठ से दस दिन**

▶▶ **बृहस्पतिवार को 1218 मरीजों ने कराया पंजीकरण**


ओपीडी में बुजुर्ग महिला को दवा लिखते जिरियाट्रिक फिजिशियन।

### वायरस म्युटेशन के कारण ठीक होने में लग रहा समय

जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉ. शिखर बाजपेई बताते हैं कि सामान्य तौर पर तीन से चार दिन में ठीक होने वाला वायरल बुखार आठ से दस दिन तक चल रहा है। जांच कराने पर प्लेटलेट्स भी कम आ रही है। इससे मरीज परेशान हो जा रहे हैं। हालांकि इससे घबराने की जरूरत नहीं है। बुखार आदि आने पर सीधे अस्पताल आकर दिखाएं, जिससे समय रहते जांच और इलाज हो सके। उन्होंने बताया कि वायरल फीवर का ठीक होना काफी हद तक मरीज की इम्युनिटी पर निर्भर करता है।

### बुखार ठीक होने के बाद नहीं जा रही खांसी

फिजीशियन डॉ. रोहित पाठक ने बताया कि वायरल संक्रमण में तेज बुखार आ रहा है। शरीर में तेज दर्द भी होता है। इन मरीजों को ठीक होने में आठ से दस दिन का समय लग जा रहा है। वहीं बुखार ठीक होने के बाद खांसी से निजात नहीं मिल रही है। इसलिए बिना डॉक्टर की सलाह के दवाएं बिल्कुल न लें। अस्पताल आएं, जिससे जांच कराने के बाद इलाज शुरू हो सके।

## देवकली में 9 अगस्त को होगा कालसर्प योग निवारण महायज्ञ

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** देवकली तीर्थ स्थित श्रीमती चंद्रकला आश्रम एवं गुरुकुल विद्यापीठ में कालसर्प योग निवारण महायज्ञ का आयोजन नौ अगस्त को होगा। कालसर्प योग से पीड़ित जातक हिस्सा लेकर शान्ति करा सकते हैं। श्रीमती चंद्रकला आश्रम एवं गुरुकुल विद्यापीठ के महंत प्रमोद जी महाराज का कहना है कि कालसर्प योग शांति महायज्ञ का आयोजन नौ अगस्त को सुबह आठ बजे से शुरू कर दिया जाएगा। जो शाम पांच बजे तक चलेगा। उनका कहना है कि जिस जातक की जन्मांक में यह दोष पाया जाता है तो वह व्यक्ति विकास के सभी मार्गों से भटकता रहता है। वह अपने दैनिक जीवन में तमाम प्रकार की समस्याओं से घिर जाता है। कालसर्प योग दोष की शांति करवाना बहुत जरूरी होता है। जिससे वह अपने दैनिक जीवन में अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष की प्राप्ति कर सके।

# डीएम साहिबा ! राजकीय इंटर कॉलेज की दशा सुधारिए

## शिक्षकों की कमी सहित अव्यवस्थाओं से जूझ रहा है यह कॉलेज, चार शिक्षकों के सहारे 983 बच्चों का भविष्य

संवाददाता, धौरहरा/लखीमपुर खीरी

▸▸ हिन्दी, सामाजिक विज्ञान सहित 17 शिक्षकों के पद रिक्त

▸▸ अभिभावकों के सहयोग से सात प्राईवेट शिक्षक दे रहे शिक्षा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल इन दिनों प्राथमिक स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था और उनके कायाकल्प के लिए पहल कर रही हैं। ऐसे में धौरहरा के लोगों को भी उम्मीद बंधी है। वजह है कि सरकारी इंटर कालेजों की दशा सुधारने के भले ही लाख दावे किए जा रहे हो लेकिन हकीकत इससे इतर हैं। इस कॉलेज में शिक्षकों की कमी के साथ ही अन्य दिक्कतें हावी हैं। धौरहरा के राजकीय इंटर कालेज में विषयवार शिक्षकों का टोटा है, जबकि कंप्यूटर लैब, विज्ञान लैब की प्रयोगशाला का भी बुरा हाल है। यहां 983 छात्र पंजीकृत हैं।



राजकीय इंटर कॉलेज, धौरहरा।

सरकारी इंटर कालेजों की दशा सुधारने के सरकारी दावे धौरहरा में खोखले साबित हो रहे हैं। यहां के राजकीय इंटर कॉलेज में कक्षा 6 से 12 तक 983 छात्र पंजीकृत है। इन छात्रों को शिक्षा देने की जिम्मेदारी इंचार्ज प्रधानाचार्य सहित चार शिक्षकों के कंधे पर है। जबकि इस कालेज में 9 सहायक और 8 लेक्चरर शिक्षकों के पद रिक्त है। यदि विषय वार शिक्षकों की बात करें तो हिन्दी, सामाजिक विज्ञान, फिजिक्स, बायोलॉजी, गणित और फिजिकल के शिक्षकों का टोटा है। विज्ञान लैब है यहां प्रयोगात्मक शिक्षा भी यहां के इकलौते विज्ञान शिक्षक जितेन्द्र कुमार के कंधों पर है। इंचार्ज प्रधानाचार्य रजनीश वर्मा कॉलेज की व्यवस्था के साथ छात्रों के क्लास रूम में जाकर शिक्षणकार्य भी देखते हैं। इंचार्ज प्रधानाचार्य रजनीश वर्मा बताते हैं विषयवार कुल 17 शिक्षकों के पद रिक्त है। पढ़ाई कराने के लिए सात प्राईवेट शिक्षक रखे गए हैं, जो बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं। समय-समय पर उच्चाधिकारियों को शिक्षकों की कमी की रिपोर्ट भी भेजी जाती है।

**फर्नीचर की कमी से टाट फट्टी पर बैठते हैं छात्र**

धौरहरा के राजकीय इंटर कॉलेज में जहां शिक्षकों का टोटा है वही छात्रों के बैठने के लिए फर्नीचर की भारी कमी है। इसके चलते छात्र टाट फट्टी पर बैठ कर पढ़ाई करने को विवश है। राजकीय इंटर कॉलेज में पेयजल के लिए समरसेबिल लगा है। दो हैंडपंप भी है। छात्रों को पानी शुद्ध और ठंडा मिले इसके लिए वाटर कूलर आरो कालेज में लगाया गया है, पर बंदर आए दिन इसे तोड़ देते हैं। जिसकी वजह से अक्सर वह खराब रहता है।

**अभिभावक संघ देता है 7 निजी शिक्षकों का मानदेय**

धौरहरा के राजकीय इंटर कॉलेज में विगत वर्ष 983 छात्र कक्षा 6 से 12 तक पंजीकृत थे। इसकी सुचारु रूप से शिक्षण कार्य के लिए अभिभावक संघ के ओर से सात प्राईवेट शिक्षक मानदेय पर रखे गए। इन प्राईवेट शिक्षकों का मानदेय अभिभावकों से शुल्क लेकर दिया जाता है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की हुई मौत

संवाददाता, बांकेगंज

**अमृत विचारः** सड़क दुर्घटना में युवक की मौत से आक्रोशित परिजनों ने अंतिम संस्कार रोककर पुलिस चौकी पर हंगामा किया। एफआईआर कॉपी पाने के बाद परिवार वाले माने तब शव को गांव ले जाकर अंतिम संस्कार किया गया।

बांकेगंज हाइडिल के निकट बुधवार की देर रात साढ़े नौ बजे मैलानी थाना क्षेत्र के गांव अहिरनपुर निवासी बाइक सवार अवनीश कुमार (30) अपना काम निपटाकर घर वापस जा रहा था।पीछे से आ रही ऑल्टो कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह उछलकर सड़क पर दूर जा गिरा। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची कुकरा और बांकेगंज पुलिस उसे



अवनीश कुमार। (फाइल फोटो)

अस्पताल ले जाती। इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। इस बीच युवक के फोन पर बहन की आई कॉल को पुलिसकर्मियों ने रिसीव कर घटना बताई। किसी बवाल की आशंका से पुलिस ने आनन फानन में वाहन की स्वयं व्यवस्था कर शव को पोस्टमार्टम हाउस लखीमपुर भेजवाया। जब ग्रामीणों, परिजनों ने बिना जानकारी दिए पोस्टमार्टम हाउस भेजे जाने का विरोध किया तब पुलिस ने उनसे कहा कि पंचनामा पुलिस चौकी में भरा जाएगा, आप लोग वहीं चलिए। गुरुवार पोस्टमार्टम के बाद पहुंचे शव को देखकर परिजन और परिवार में पत्नी और बूढ़ी मां पछाड़े खाकर गिर पड़ी। उनका कहना था कि वह एकमात्र परिवार चलाने का सहारा था। ग्रामीणों ने पुलिस पर वाहन चालक को बचाने का संदेह जताते हुए उसका संस्कार रोककर पुलिस चौकी जा घेरी और एफआईआर की कॉपी मांगी।

कुकरा चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार का कहना है कि उन्होंने भली प्रकार से मृतक के शरीर का निरीक्षण परीक्षण कर लिया था। उस समय उसकी मृत्यु हो चुकी थी। उन्होंने स्वयं लखीमपुर भिजवाने की व्यवस्था मानवीय आधार पर अपनी तरफ से की थी। पुलिस अल्टो कार और बाइक को चौकी बांकेगंज ले आई।

# कार रोककर युवक को गोली मारी

संवाददाता, उचौलिया (लखीमपुर खीरी)

▸▸ पेट में लगी गोली, हालत गंभीर, बरेली के मेडिकल कॉलेज में भर्ती

**अमृत विचारः** बुधवार की देर शाम अपनी कार से पसगवां जा रहे थाना उचौलिया क्षेत्र के गांव सुनौरा निवासी आरएसएस के खंड कार्यवाह के भाई मयंक दीक्षित को हमलावरों ने रास्ते में रोक लिया और तमंचे से गोली मार दी। गोली उनके पेट में जा धंसी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें बरेली के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। घटना की वजह जमीनी रंजिश बताई गई है।

घायल मयंक आरएसएस के खंड कार्यवाह दीपेंद्र दीक्षित का भाई और पत्रकार अरविंद शुक्ल का दामाद हैं और नोएडा में रहकर सर्विस करता है। वह अपनी पत्नी को लेकर नोएडा जाने के लिए बुधवार की शाम 7.45 पर घर से निकले थे। बताते हैं कि करीब एक किलोमीटर दूर गांव मढ़िया से पहले रास्ते में गांव के विजय दीक्षित व श्रवण कुमार पुत्र चंद्रपाल, संजीव पुत्र जगत कुमार, रामनरेश उर्फ गुटकानी पुत्र राम नारायण, अभिषेक दीक्षित पुत्र विजय कुमार और कुछ अज्ञात हमलावरों ने उन्हें घेरकर तमंचे से गोली मार दी। हिम्मत बांधकर वह किसी तरह से घायलावस्था में गाड़ी चलाकर अपनी पसगवां पहुंचे और परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। भाई दीपेन्द्र और ससुर अरविन्द शुक्ल उन्हें सीएचसी ले गए, जहां से डॉक्टर ने पहले शाहजहांपुर और वहां से उन्हें बरेली रेफर किया गया। सूचना पर उचौलिया पुलिस मौके पर पहुंची। एसपी गणेश प्रसाद साहा, एएसपी नैपाल सिंह, सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह, प्रशिक्षु सीओ स्वर्णिमा सिंह, पसगवां और मैगलगंज की पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने पांच लोगों के नामजद और कुछ अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने विजय दीक्षित, श्रवण कुमार, संजीव और रामनरेश उर्फ गुटकानी को हिरासत में लिया है, जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। सीओ मोहम्मदी, उचौलिया इंस्पेक्टर और शाहजहांपुर पुलिस ने घायल के बयान लिए हैं।

# निघासन को आदर्श नगर पंचायत का दर्जा

**निघासन। अमृत विचारः** करीब तीन साल पहले नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद अब निघासन नगर पंचायत को पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के तहत चयनित किया गया है। इससे लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। नगर अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य ने नगर कार्यालय में सभासद सहित कर्मचारियों का मुंह मीठा कराया। वहीं मुख्यमंत्री योगी और केशव प्रसाद मौर्य का आभार व्यक्त किया। ईओ दिनेश शुक्ल ने बताया कि करीब 4 करोड़ का प्रपोजल है, जिसका प्रस्ताव करके भेजना है। बहुत जल्द नगर के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के अलावा नगर में कई योजनाएं भी धरातल पर मिलेंगी।

# सिंगाही थाने की फौज पर भारी पड़ रहे चोर

## छिटपुट वारदातों से सहमे ग्रामीण, बोले-नहीं होती पुलिस की गश्त

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** अपराधियों और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए थाना सिंगाही में तैनात पुलिस पर चोर भारी पड़ रहे हैं। पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने की बजाय जांच की बात कहकर चोरियों को टरका रही है। लगातार हो रही छिटपुट वारदातें लोगों के लिए सिरदर्द बनी हैं। जेल से जमानत पर छूटे अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं, लेकिन पुलिस इन पर नकेल कसने के बजाय वसूली में जुटी है। बुधवार की रात चोर क्लेशहरण तिराहे के पास एक घर के बाहर लगा एक हार्स पावर का मोटर खोलकर चोरी कर ले गए।

**तो कानून का खौफ दिखाकर वसूली में मशगूल है पुलिस**

ग्रामीणों ने बताया कि सिंगाही पुलिस क्षेत्र में गश्त नहीं करती है। गश्ती सिपाही अपने परिचितों और ट्रक यूनियन पर खा पीकर सो जाते हैं। गश्त न होने के कारण अपराधी बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। थाने के सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने इन दिनों नया फंडा अपनाया है। उसने अपराधियों पर गैंगस्टर, गुंडा एक्ट और संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई के नाम पर एक सूची तैयार की है। सूची में शामिल लोगों को कानून का खौफ दिखाकर उनसे वसूली करने का प्रयास करती है। बनाई गई इस सूची में पिछले तीन साल के भीतर हत्या, लूट, चोरी के दर्ज मामलों में शामिल अपराधियों के नामों को शामिल किया है। पुलिस उनके घरों पर जाकर उन्हें थाने बुलाती है और कार्रवाई की खौफ दिखाकर उन्हें आर्थिक रूप से प्रताड़ित करती है।

थाना सिंगाही क्षेत्र के कई अपराधी ऐसे हैं, जो पिछले दो महीने के भीतर जेल से जमानत पर छूटकर आए हैं। इन अपराधियों के बाहर आने के बाद से क्षेत्र में आपराधिक घटनाएं तेजी से बढ़ गई हैं। आए दिन छिटपुट चोरी की वारदातें हो रही हैं। ऐसा नहीं है कि इन वारदातों की जानकारी पुलिस को नहीं है। पीड़ित थाने पर जाकर तहरीर भी देता है, लेकिन पुलिस मौके पर आकर जांच करने और उसके बाद कार्रवाई का आश्वासन देकर पीड़ित को टरका देती है। यही वजह है कि क्षेत्र में लगातार वारदातें हो रही हैं। क्लेशहरण तिराहा के निकट गांव हरद्वाही निवासी मेडिकल व्यवसाई नावेद हुसैन के घर के बाहर लगा एक हार्स पावर का मोटर बुधवार की रात चोर खोल ले गए। उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

> गश्त तेज करने के निर्देश समय-समय पर थानेदारों को दिए जाते हैं। अगर गश्त नहीं की जा रही है तो यह गंभीर विषय है। इसकी आकस्मिक जांच की जाएगी। सूची बनाकर वसूली जैसा कोई मामला मेरी जानकारी में अभी तक नहीं आया है। फिर भी अपने स्तर से इसे दिखवाते हैं।
> –पवन गौतम, एएसपी पूर्वी

# पूर्व प्रधान पर धारदार हथियारों से किया हमला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** अवैध शराब पकड़वाने के शक में कुछ लोगों ने थाना निघासन के गांव बरौठा के पूर्व प्रधान की पहले जमकर पिटाई की। बाद में उन पर तलवार और चाकू से प्रहार किया, जिससे वह लहूलुहान हो गए। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घायल पूर्व प्रधान का मेडिकल परीक्षण कराया है।

थाना निघासन के गांव बरौठा निवासी पूर्व प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि गांव मटेहिया निवासी राजेंद्र आदि अवैध शराब बनाने और बेचने का काम करते हैं। कुछ दिन पहले पुलिस ने आरोपियों को अवैध शराब बनाते हुए पकड़ा था। आरोपियों को शक था कि उसने उनकी शराब पुलिस को सूचना देकर पकड़वाई है। इससे आरोपी उससे रंजिश मान रहे थे। बुधवार को वह अपना खेत देखने ग्रंट नंबर 12 गए थे। तभी मटेहिया गांव के पास राजेंद्र, विजयपाल और संदीप ने रोक लिया और कहा कि तुमने हमको शराब बनाते हुए पुलिस से पकड़वाया था। बांए हाथ पर धारदार हथियार तलवार और चाकू से वार किया। घायल पूर्व प्रधान खून से लथपथ होकर थाना पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी।

## बिजली केबिल से उलझकर बाइक सवार घायल

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** विकास चौराहे से मिल डायवर्जन रोड पर बिना रास्ता बंद किए बिजली कर्मियों द्वारा सड़क क्रास कर केबिल खींचते समय बाइक सवार तार मे उलझकर घायल हो गया है। जिसने बिजली विभाग और पुलिस को सूचना दी है। कसबा कुकरा निवासी अबरारुल हक अंसारी अपनी बाइक से मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर से पत्नी और बच्चे के साथ लौट रहे थे। मिल डायवर्जन रोड पर विकास चौराहा से पहले बन रही ऊंची इमारत को बिजली कनेक्शन देने के लिए बिना रास्ता बंद किए बिजली कर्मी केबिल क्रास कर रहे थे। इसी बीच अबरारुल हक अंसारी की गर्दन में केबिल फंस गई, जिससे बाइक सड़क पर पलट गई। हादसे में चालक अबरारुल हक अंसारी (29), उनकी पत्नी हुमैरा (27), पुत्र अजमल (2) सड़क पर गिरकर घायल हो गए। विद्युत वितरण खंड के एसडीओ विनीत कुमार वर्मा ने बताया कि गलती बिजली कर्मियों की है। वह उसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

# बिना रुपये दिए नहीं मिल रही प्रसव की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, बेहजम

▸▸ सोशल मीडिया पर स्टाफ नर्स की रुपये लेने का वीडियो वायरल

▸▸ महिला अस्पताल से लेकर सीएचसी पर जमकर हो रही लूट खसोट

**अमृत विचारः** जिले के सरकारी अस्पतालों में धनउगाही चरम पर है। महिला अस्पताल से लेकर सीएचसी पर प्रसव के लिए आई गर्भवतियों से स्टाफ नर्स लूट खसोट कर रही हैं। आए दिन धन उगाही के मामले के वीडियो वायरल हो रहे हैं। गुरुवार को स्टाफ नर्स द्वारा रुपये लेने का वीडियो वायरल हो रहा है।

महिला अस्पताल के लेबर रूम में स्टाफ नर्स द्वारा एक गर्भवती महिला से 2200 रुपये मांगने का मामला अभी पूरी तरह से ठंडा भी न हो सका था कि बृहस्पतिवार को सीएचसी बेहजम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें स्टाफ नर्स रुपये लेते दिख रही हैं। वायरल वीडियो में एक युवक के पूछने पर स्टाफ नर्स 450 रुपये जमा करने के लिए कहती हैं। इस पर युवक मोलभाव करने लगता है। मगर, उसे स्टाफ नर्स को पूरे पैसे देने पड़ते हैं। बताते हैं 20 जुलाई को सीएचसी क्षेत्र के गांव बिल्लाई निवासी बलवीर पत्नी दुलारी को प्रसव के लिए सीएचसी लेकर आए थे। उसी दौरान पैसे को लेकर लेनेदेन हुआ, जिसका वीडियो बना लिया। जिसे अब वायरल कर दिया गया। हैरानी की बात यह है कि इसके बावजूद जिम्मेदार कार्यवाही करने की बजाय पुराना वीडियो बताकर अपना पल्ला झाड़ ले रहे हैं। धनउगाही के मामले में जिम्मेदार कभी स्टाफ नर्सों का आपसी विवाद बता देते हैं तो कभी उधार दिए गए रुपये वापस लेते समय वीडियो बनाना बता देते हैं।

**सीएमएस के बोल पुराना है वीडियो**

सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल वर्मा ने बताया कि यह वीडियो सात से आठ माह पुराना है। स्टाफ नर्स अलका वर्मा व सरिता आस्थाना का आपस मे विवाद था, जिस पर दोनों ने एक दूसरे का वीडियो वायरल किया था। इसमें दोनों पर कार्रवाई हुई थी। सरिता आस्थाना का वेतन रोक दिया गया था तो अलका वर्मा को हटा दिया गया था।

## सार-संक्षेप

### बकाया 11 लाख रुपये मांगे तो एजेंसी मालिक ने की अभद्रता

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** शहर के मूसाराम बिजनेस एंड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारियों ने बेहजम रोड स्थित एक एजेंसी मालिक पर बकाया 11,03,164 रुपये मांगने पर अभद्रता करने और रुपये न देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी एजेंसी मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर की एलआरपी रोड स्थित मूसाराम बिजनेस एंड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी अमरदीप शुक्ला ने बताया उनकी फर्म में सैमसंग कंपनी के विभिन्न उत्पादों की बिक्री की जाती है। बेहजम रोड स्थित बजरंग इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर विशाल कुमार तिवारी ने उनकी फर्म से 1 जनवरी 2024 से 10 मई 2024 तक 17,55,864 रुपये का माल उधार लिया था। माल उधारी देने के सम्बन्ध में यह शर्त थी कि उधारी का भुगतान 15 से 21 के अंदर किया जाना है। माल सप्लाई के सापेक्ष आरोपी विशाल कुमार तिवारी ने 17 जुलाई 2024 तक मात्र 6,52,700 रुपये का भुगतान किया है। आज भी 11,03,164 रुपये का का भुगतान बकाया है। तमाम तकादों के बाद भी आरोपी ने भुगतान नहीं किया। भुगतान मांगने जाने पर आरोपी अभद्रता से पेश आते हैं। प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया कि कर्मचारी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विद्या भारती में नवीन पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में छात्र संसद और कन्या भारती के नवीन पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कॉलेज में हुए शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि प्रो रामऔतार विश्वकर्मा, प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने कार्यक्रम का शुभारम्भ मां वीणा पाणिनी के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि ने निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों आयुष वर्मा को प्रधानमंत्री, आयुष तिवारी को उप प्रधानमंत्री, कन्या भारती की प्रधानमंत्री अंशिका गुप्ता और उप प्रधानमंत्री श्रद्धा यादव को शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ने अथक परिश्रम और प्रत्येक विषय वस्तु के तत्व ज्ञान को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम अध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा ने विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति हेतु आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

### ट्रेनिंग में मिला लंच, निकली सूड़ी

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** सीएमओ कार्यालय सभागार में कोल्ड चेन हैंडलर की ट्रेनिंग चल रही है। इसमें सीएचसी पर तैनात कोल्ड चेन हैंडलर को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें ट्रेनिंग में आए लोगों को दोपहर में लंच भी दिया जाता है। बृहस्पतिवार को दिए गए लंच के चावल में सूड़ी दिखने से हड़कंप मच गया। सूड़ी देखकर लोगों ने इसे खाने से मना कर दिया। हालांकि इस मामले में जिम्मेदार पर्दा डालते नजर आए। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार वर्मा ने बताया कि लंच पैकेट में सूड़ी निकलने की जानकारी नहीं है। बृहस्पतिवार को गोला निरीक्षण के लिए गया था। लंच पैकेट किसने और कहां से मंगवाए। इसकी जानकारी की जाएगी।



वायरल लंच पैकेट के चावल में पड़ी सूड़ी। अमृत विचार

### पशु चराने गए किशोर की तालाब में डूबने से मौत

**संवाददाता, पसगवां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम पनई में पशुओं को चराने गए एक किशोर की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। गांव पनई निवासी राज कुमार कुशवाहा का 15 वर्षीय पुत्र अनोज कुशवाहा घर से जानवर चराने के लिए निकला। उसके साथ गांव के राजन पुत्र नरवीर और शोभित पुत्र राम नरेश भी थे। तीनों पास में स्थित एक तालाब में नहाने चले गए। इसी बीच नहाते नहाते अनोज गहरे पानी में चला गया। उसे डूबता देख दोनों साथी किशोरों ने घर जाकर बताया। घर वालों ने मौके पर पहुंच कर उसे निकाला और सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने अनोज को मृत घोषित कर दिया। मृतक के दो छोटे भाई लंकुश और लवकुश हैं। परिवार वालों का रो रोकर हाल बेहाल है।



अनोज कुशवाहा (फाइल फोटो)

### खाद्य विभाग की टीम ने खजूर का भरा सैम्पल

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नगर में स्टेशन रोड समेत कई जगह निरीक्षण कर दुकानदारों को खाद्य पदार्थों को ढक कर रखने, पंजीकरण कराने, लाइसेंस और रेट लिस्ट का डिस्प्ले करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही खजूर का सैम्पल लिया है। गुरुवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी नत्थू कुशवाहा, रामजी शुक्ला ने सबसे पहले स्टेशन रोड पर दुकानों का निरीक्षण किया। फिर शिव मंदिर के निकट प्रसाद की दुकानों पर पहुंचकर प्रसाद को ढक कर रखने के निर्देश दिए हैं। टीम ने विकास चौराहे पर एक फल विक्रेता की दुकान पर कीमिया गोल्ड खजूर का नमूना भरा है। खाद्य सुरक्षा टीम के इस अभियान से दुकानदारों में हड़कंप रहा।

# सोशल मीडिया पर कमेंटबाजी से गरमाया माहौल

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** सोशल मीडिया के प्लेटफार्म फेसबुक पर भगवान शिवजी पर की गई अशोभनीय टिप्पणी पर कोतवाली पहुंचे लोगों ने जमकर हंगामा किया और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही इसी सोशल प्लेटफार्म पर एक और कमेंटबाजी करने पर आरोपी के खिलाफ दूसरी तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। हंगामे के कारण कोतवाली में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा।

नगर के नवीन बाईपास निवासी रामसेवक वर्मा ने फेसबुक पर बुधवार को भगवान शिवजी पर की गई अशोभनीय पोस्ट की थी। इससे लोग भड़क गए थे। हिंदूवादी संगठनों के साथ तमाम लोग कोतवाली पहुंचे थे और धरना देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शीघ्र गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी। उधर, एक अन्य युवक ने फेसबुक पर एक और आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। इससे एक बार फर माहौल गर्मा गया। आरोपी की गिरफ्तारी न होने से भड़के लोग फिर कोतवाली पहुंचे और उसी फेसबुक पर पोस्ट पर एक अन्य युवक द्वारा की गई आपत्तिजनक कमेंट पर दो पक्ष आमने सामने हो गए। रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग करने लगे। कोतवाल रमेशचंद्र पांडे ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। शीघ्र ही गिरफ्तारी की जाएगी। कोतवाली में डॉ पीयूष शुक्ला, डॉ सौरभ दीक्षित, मनोज मिश्रा, राजेश शुक्ला, अरुण अवस्थी, अवधेश बाजपेयी, अमितांशु मिश्र पुच्ची, राहुल मिश्रा, विनीत सिंह भदौरिया, अशोक जोशी, सचिन सिंह, अनुभव पांडे, आयुष शुक्ला, सुयश त्रिवेदी, एकांश पांडे आदि मौजूद रहे।



गोला कोतवाली निरीक्षक से वार्ता करते पदाधिकारी। अमृत विचार

▸▸ आरोपी की गिरफ्तारी न होने, दूसरे कमेंट पर भड़के लोग, एक और रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग

# खेत का बैनामा करा रहा न ही रुपये लौटा रहा खेत मालिक

संवाददाता, बेलरायां

**अमृत विचारः** कोतवाली तिकुनिया की पुलिस चौकी बेलरायां के गांव भूलनपुर निवासी संजय ने गांव के ही एक युवक पर खेत का बैनामा न कराने और अग्रिम दिए गए 2,10,000 हजार रुपये वापस न करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की थी। मुख्यमंत्री के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच बेलरायां चौकी इंचार्ज को सौंपी है।

गांव भूलनपुर निवासी संजय ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र देकर बताया था कि उसने गांव के ही दिनेश कुमार का 2 बीघा खेत खरीदने के लिए 4,00,000 रुपये में सौदा किया था। उसने आरोपी के खाते में 24 नवंबर 2023 को 1,00,000 व 14 दिसंबर 2023 को 90,000 रुपये ट्रांसफर किए थे। शेष 210,000 लाख रुपये बैनामा करवाने के आरोपी दिनेश को देने की बात तय हुई थी। जब उसने शेष रुपये की व्यवस्था की और विपक्षी से बैनामा कराने को कहा तो विपक्षी दिनेश मुकर गया। कहा कि न खेत का बैनामा कराएंगे और न ही रुपये वापस करेंगे। प्रभारी निरीक्षक तिकुनिया मनोज कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेश पर आरोपी दिनेश कुमार के खिलाफ सुसंगत धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रकरण की जांच बेलरायां चौकी इंचार्ज अभिषेक कुमार यादव को सौंपी गई है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सहयोग के लिए स्मृति चिन्ह किया भेंट

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** रोटरी क्लब के दायित्व ग्रहण समारोह में कालर पिन पहनाकर नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण कराया गया।

नगर की कृष्णा वाटिका में हुए पदभार ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि रोटरी मण्डल 3120 के मण्डलाध्यक्ष पारितोष बजाज ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ कराया। पूर्व रोटरी अध्यक्ष संजय सैनी ने अपनी कालर नए सत्र 24-25 के अध्यक्ष अभिषेक राजपूत, सचिव प्रमोद कुमार, डॉ.योगेश कनौजिया ने अपनी कॉलर नए रोटरी सचिव प्रमोद वर्मा को पहनाकर कार्यभार सौंपा। पूर्व अध्यक्ष ने सदस्यों को उनके कार्यकाल में मिले सहयोग के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। नव नियुक्त अध्यक्ष ने अतिथियों का स्वागत कर सत्र में होने वाले समाजिक कार्यो की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने नए सदस्यों को पिन पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई। मंडलाध्यक्ष ने नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व रोटेरियन डॉ जेपी जायसवाल को मेरिटोरियस अवार्ड से सम्मानित किया। संचालन आदर्श सोनी ने किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब छोटी काशी, लायन्स क्लब, भारत विकास परिषद, रोट्रैक्ट क्लब गोला, रोटरी क्लब भीरा, रोटरी क्लब मैलानी के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य तथा गोला सेन्ट्रल के उमेश जायसवाल, महेन्द्र गिरि, पंकज पुरवार आदि मौजूद रहे।



रोटरी क्लब के पद ग्रहण समारोह में मौजूद अतिथि और पदाधिकारी।

# डीआईओएस कार्यालय में भ्रष्टाचार के विरोध में शिक्षक संघ का धरना

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ नौ सूत्रीय मांग संबंधी ज्ञापन डीआईओएस को सौंपा

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई के पदाधिकारियों ने बृहस्पतिवार को डीआईओएस कार्यालय पर धरना दिया। पदाधिकारियों ने पुरानी पेंशन बहाली, वित्तविहीन शिक्षकों को समान कार्य समान वेतन, तदर्थ शिक्षकों को विनियमतीकरण आदि मांगों को लेकर डीआईओएस को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष श्याम मूर्ति शुक्ला ने बताया शिक्षकों की तमाम समस्याओं को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया। मगर, शासन स्तर से मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे शिक्षकों में शासन के प्रति नाराजगी है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नई पेंशन योजना शिक्षक के लिए सही नहीं है। इसलिए पुरानी पेंशन बहाल की जाए। जिन तदर्थ शिक्षकों की सेवाएं समाप्त की गई हैं उनकी सेवाएं बहाल की जाएं। वित्तविहीन शिक्षकों को समान कार्य समान वेतन का लाभ मिले। आठवें वेतन आयोग का गठन करने सहित 23 सूत्रीय मांग पत्र डीआईओएस को सौंपा। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह वर्मा, जिला मंत्री विशाल वर्मा सहित तमाम माध्यमिक शिक्षक मौजूद रहे।

**डीआईओएस कार्यालय पर भ्रष्टाचार का आरोप**

जिलाध्यक्ष ने डीआईओएस को ज्ञापन देकर कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार का खत्म करने, नवनियुक्त शिक्षकों के शैक्षिक प्रपत्रों का सत्यापन कराकर उनका अवशेष वेतन दिलाया जाय, बोर्ड परीक्षा 2023-24 के मूल्यांकन का पारिश्रमिक दिलाया जाए, बीबीएलसी इंटर कॉलेज के शिक्षकों का रोंका गया वेतन बहाल किया जाए।

## एक नजर

### बीडीसी सदस्यों ने ब्लॉक प्रमुख को बताईं समस्याएं

मल्लावां, हरदोई। विकास खण्ड कार्यालय पर क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन ब्लाक प्रमुख गीता वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें विकास कार्यों को लेकर प्रस्ताव लिए गए। गुरुवार को क्षेत्र पंचायत की में बीडीसी सदस्यों ने अपने कार्य क्षेत्र की समस्याओं को रखा। क्षेत्र पंचायत सदस्य कुलदीप यादव ने विकास न कराए जाने का आरोप लगाया। ब्लाक प्रमुख गीता वर्मा ने कहा कि सभी ग्राम पंचायत में विकास कराया जा रहा है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी रामकिशोर समस्त ग्राम पंचायत एवं विकास अधिकारी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अनुराग पटेल आदि उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

सुरसा, हरदोई। थाना माधौगंज के चंदौली निवासी 24 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र खुशीराम बाइक पर सवार होकर किसी जरूरी काम से संडीला जा रहे थे। रास्ते में गौसगंज के पास पहुंचते ही साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बाइक सड़क पर पलट गई। पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। घायल मनोज को सीएचसी बेहंदर पहुंचाया गया, जहां से डाक्टर ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में मनोज की मौत हो गई। संडीला कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मनोज की शादी नही हुई थी।

### चचेरी बहन को घर ले जाकर दुष्कर्म का आरोप, गिरफ्तार

कछौना, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली कछौना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने चचेरी बहन को अपने घर ले जाकर बंधक बनाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जानकरी पाकर अपर पुलिस अधीक्षक व बघौली क्षेत्राधिकारी सहित प्रभारी निरीक्षक पहुंचे। जिसमें महिला ने अपने जेठ के लड़के पर पुत्री के साथ बंधक बनाकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। तहरीर देते हुए बताया है कि बीते शनिवार को कोटे पर राशन राशन लेने गई थी। उसकी पुत्री घर में अकेली थी। तभी जेठ का लड़का अनुज आया और घर पर जरूरी काम बताकर बाइक पर बैठाकर गांव के बाहर स्थित अपनी दुकान पर ले गया, और दुष्कर्म किया। पुत्री ने जब दुष्कर्म की बात घर पर बताने की बात कही तो आरोपी ने उसे बंधक बना लिया।

# तीन सप्ताह से टूटी पड़ी पुलिया, नहीं हो रहा निर्माण

## पाली-शाहाबाद का संपर्क टूटा, ग्रामीण क्षेत्रों के अध्यनरत छात्र-छात्राओं को हो रही परेशानी

संवाददाता, शाहबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** गर्रा नदी में आयी भंयकर बाढ़ से जहां एक ओर आम जनमानस अस्त व्यस्त गया, वहीं किसानों की फसलों के चले जाने से उनका लाखों का नुक़सान हुआ। बाढ़ से तहसील शाहाबाद क्षेत्र के सैकड़ों गांव प्रभावित हुए। प्रभावित गांवों में गुजीदेई, परेली, सुजनियापुर, कहारकोला, बरगदिया, सिंगुलापुर आदि गांव सम्मिलित हैं।

बाढ़ की विकरालता इतनी भयावह थी कि इन गांवों के चारों तरफ समुद्र जैसा नजारा दिखाई दे रहा था। ऐसे में राहत बचाव कार्य की व्यवस्था देखने के लिए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद स्वयं मैदान में उतरे उन्होंने स्टीमर के सहारे गांव के अन्दर जाकर लोगों का हालचाल लिया और राहत बचाव का कार्य युद्धस्तर पर संचालित कराया। जिलाधिकारी के साथ क्षेत्रीय विधायक व उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी भी बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में सक्रिय रहीं। उन्होंने बाढ़ राहत पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। भंयकर बाढ़ के कारण पाली शाहाबाद मार्ग पर एबी सिंह स्कूल के पास भंगेल नाला पर बनी पुलिया बह गयी जिसके कारण पाली शाहाबाद मार्ग पर आवागमन बंद हो गया। गत 14 जुलाई कोजिलाधिकारी अपने प्रशासनिक अमले के साथ परेली, गुजीदेई, गांव में भ्रमण कर बाढ़ का जायजा ले रहे थे उसी समय शाम में पुलिया बह जाने के कारण जिलाधिकारी को पाली वाया लोनार होकर जिला मुख्यालय आना पड़ा।



क्षतिग्रस्त आगमपुर पुलिया। अमृत विचार

**छात्र-छात्राएं नहीं जा रहे स्कूल**

पाली शाहाबाद मार्ग बंद होने से पाली से लेकर ग्रामीण अंचलों के छात्र-छात्राओं को शाहाबाद व आसपास के विद्यालयों में पहुंचना सम्भव नहीं हो पा रहा है। तमाम कान्वेंट स्कूलों की बसें आना बंद है ऐसे में मार्ग बन्द होने के कारण छात्र छात्राओं के भविष्य पर अच्छा खासा असर पड़ता दिखाई दे रहा है। पूरा जुलाई माह लगभग समाप्त होने को आया है बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं।

### समस्या का हो सकता है अस्थायी समाधान

कटी सड़क पर आवागमन की समस्या का अस्थायी समाधान दिया जा सकता है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि कटी सड़क से नाले में ह्यूम पाइप डालकर खेतों मे मिट्टी व गिट्टी का भराव कराकर वैकल्पिक मार्ग बनाया जा सकता है। जिससे छोटे वाहन व स्कूली बच्चे निकल सकते हैं। जिससे आवागमन की समस्या का अस्थायी समाधान दिया जा सकता है लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग के इंजीनियर पता नहीं ऐसा क्यों नहीं सोच पा रहे हैं। जिससे तत्काल आमजन को राहत मिल पाये।

### प्रशासनिक मक्कारी आमजन पर भारी

किसी वीआईपी की विजिट पर रातोंरात सड़कें चमकाकर सब कुछ ठीक-ठाक दिखाने वाला लोक निर्माण विभाग सड़क मार्ग बंद होने के बाद भी कुम्भ कर्मी नींद से जागता दिखाई नही दे रहा है। सड़क निर्माण के लिए कुछ ह्यूम पाइप कुछ पत्थर डलवाकर लोगों को आशान्वित तो कर दिया लेकिन लगभग 10 दिन गुजरने के बाद भी सड़क पर कोई कार्य प्रारंभ नहीं कराया जा सका है। पीडब्ल्यूडी विभाग की कार्यशैली देखकर तो ऐसा लगता है कि उन्हें छात्र छात्राओं के भविष्य व आमजन मानस की समस्या से कोई लेना देना नहीं है। शाहाबाद पहुंचने के लिए लोगों को परेली से गुजीदेई होकर बेझा से शाहाबाद दूसरी ओर दरियापुर बलभद्र से खनिगवा होते हुए आगमपुर से पाली रोड पर आना होता है। ऐसे शाहाबाद पहुंचने में जहां 10 किमी के बजाय करीब 30 से 35 किमी घूमकर आना पड़ रहा है। जिससे लोगों को समय के साथ साथ अधिक पैसा भी खर्च करना पड रहा है।

### पति से नाराज होकर युवती ने खाया विषाक्त

**हरदोई, अमृत विचार।** विवाहिता ने गुरुवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। पति ने उसे अस्पताल में भर्ती कराने के साथ पुलिस को सूचना दी। सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, एसएचओ कोतवाली देहात ने 100 बेड हॉस्पिटल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। युवती का इलाज कर रहे डाक्टरों ने बताया कि उसकी हालत खतरे से बाहर है। कोतवाली देहात के घोसार निवासी मुनेन्द्र का उसी गांव की पूर्णिमा से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। उसी बीच मुनेन्द्र पूर्णिमा को लेकर भाग गया था। फिर उसके बाद उन दोनों ने शादी कर ली। उनके तीन बच्चे है। मुनेन्द्र के मां-बाप की काफी काफी पहले मौत हो चुकी थी। वह इकलौता था। उसके हिस्से पर 12 बीघा ज़मीन थी। कुछ दिनों पहले उसने 5 बीघा ज़मीन बेंच कर ट्रैक्टर खरीदा। लेकिन बाद में उसे और बाकी बची सारी ज़मीन बेंच डाली। लोगों का कहना है कि मुनेन्द्र के इस कदम से पूर्णिमा को काफी सदमा पहुंचा और उसने आत्महत्या की कोशिश की।

## बैंक में पैसे जमा करने जा रहे बुजुर्ग के हजारों रुपये उड़ाये

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** नेकोजई मोहल्ले के रहने वाले वृद्ध को गुमराह करके दो जेबकतरों ने 75 हजार रुपये पार कर दिये। घटना की सूचना के बाद से क्षेत्राधिकारी और प्रभारी निरीक्षक जांच पड़ताल कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नेको जयी निवासी 75 वर्षीय सुमाली अपनी दो पोतियों के नाम रुपया जमा करने के लिए 75 हजार घर से लेकर मीरा बस्ती स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा जा रहे थे। बैंक ऑफ़ बडोदा पहुंचते ही बाइक पर दो व्यक्ति सवार होकर आए और सुमाली को गुमराह करके बैठा लिया। हरदोई शाहजहांपुर हाईवे पर मंडी के निकट गुप्ता मोरंग वाले के यहां पर जेब काट कर नीचे उतार दिया। बुजुर्ग ने जब अपनी जेब पर हाथ रखा तो उसके सारे रुपए गायब थे और जेब कटी देखकर वह दंग रह गया। बदहवास होकर वह सीधे कोतवाली पहुंचा और प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा को सारी दास्तां बताई। सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार मिश्रा, प्रभारी राजदेव मिश्र फोर्स बल के साथ आसपास के दुकानों और बैंकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं और बाइक सवार युवकों की पहचान कर रहे हैं। पुलिस प्रथम दृष्टया घटना को संदिग्ध मानकर भी जांच पड़ताल कर रही है।



### प्रेमी से बात करने की मनाही पर लगाई फांसी

**हरदोई, अमृत विचार।** तीन बच्चों की मां का उसके पड़ोसी युवक के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। पति उसे समझाया लेकिन वह नहीं मानी। जिसके चलते पति ने प्रेमी से बात तक न करने की सख्ती से पाबंदी लगा दी। उसी से खफा पत्नी ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला अरवल थाने के निबिया खेड़ा का है। बताते हैं कि बुधवार की दोपहर गांव निवासी छोटे भइया की पत्नी विद्यावती (30) ने कमरे के अंदर फांसी लगा ली। विद्यावती तीन बच्चों की मां थी। ग्रामीणों के अनुसार उसका पड़ोसी युवक के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। पत्नी की इस हरकत के बारे में पता होने पर पति ने समझाया। लेकिन उस पर कोई असर नहीं हुआ। उसके बाद पति ने सख्ती शुरू की। उसी से नाराज होकर विद्यावती ने ऐसा कदम उठाया।

## बाढ़ से बचाव को लेकर हुई मेगा मॉकड्रिल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भारत सरकार एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एनडीआरफ एवं पीएसी फ्लड डिवीजन के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को जिलाधिकारी के निर्देशन में तहसील बिलग्राम अन्तर्गत गंगा नदी के राजघाट पर बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्य की मेगा मॉक एक्सरसाइज आयोजित की गई।

जिसमें अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व राकेश सिंह, उपजिलाधिकरी बिलग्राम, सुशील कुमार शर्मा क्षेत्राधिकारी बिलग्राम, की मौजूदगी में राजस्व, पुलिस, चिकित्सा, पशु चिकित्सा, अग्निशमन, आपूर्ति विभाग, पशुपालन, सिंचाई विभाग, पंचायतीराज विभाग, आपदा विशेषज्ञ सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। मॉक ड्रिल के लिए ग्राम कटरी छिबरामऊ राजघाट में स्टेजिंग एरिया बनाया गया। राजघाट पर गंगा नदी में व्यक्ति के डूबने की सूचना पर डिस्ट्रिक्ट ईओसी के माध्यम से आईआरएस टीम एडीएम प्रियंका सिंह, उपजिलाधिकारी सीएमओ सहित अन्य सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारी राजघाट पर पहुंचे। वहां पर एनडीआरएफ एवं फ्लड पीएसी के जवानों द्वारा गंगा नदी में डूब रहे व्यक्ति को जीवित बाहर निकाल लिया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद तुरन्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलग्राम पर भेजा गया जहां पर मेडिकल टीम द्वारा व्यक्ति का उपचार किया गया। इसके बाद जिला इमरजेन्सी सेन्टर पर सूचना प्राप्त होने पर कि गंगा नदी के किनारे छिबरामऊ गांव के दूसरी तरफ कुछ लोग टापू में फंस गये हैं।

सूचना मिलते ही एनडीआरएफ की टीम द्वारा फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। मॉक एक्सरसाइज में अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, उपजिलाधिकरी बिलग्राम, सुशील कुमार शर्मा क्षेत्राधिकारी बिलग्राम की मौजूदगी में तमाम सरकारी विभागों ने भी मॉक ड्रिल में प्रतिभाग किया।



मॉक ड्रिल के दौरान मौजूद अधिकारी। अमृत विचार





मांगों को लेकर समाजसेवी के नेतृत्व में धरने पर बैठे ग्रामीण। अमृत विचार

## तीसरे दिन भी धरने पर डटे रहे दर्जनों ग्रामीण

संवाददाता, माधौगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर पंचायत कुरसठ में गुरुवार को लगातार तीसरे दिन सोशलिस्ट पार्टी के महासचिव व रमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता सन्दीप पाण्डेय के नेतृत्व में आरटीआई कार्यकर्ता अभिषेक पटेल दर्जनों ग्रामीण सहित नगरवासी धरने पर डट गए हैं। उनकी मांग है कि नगर पंचायत में प्रस्तावित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराया जाए। आवासहीन परिवारों को सरकारी जमीन के साथ-साथ आवास मुहैया कराए जाएं। सरकारी जमीन पर स्थित गिराए गए भवनों,आवासों व शौचालयों को जिन जिम्मेदारों ने बनवाए थे सरकारी धन का दुरुपयोग करने को लेकर वसूली की जाए। पट्टे की जमीन दबंगों के चुंगल से कब्जामुक्त कराकर सरकार द्वारा मिलने वाले पट्टे गरीबों को प्रदान किए जाएं। इसके साथ ही मल्लावां नगर स्थित विधायक द्वारा अर्धनिर्मित भवन को कब्जा कर कार्यालय बनाया गया है उसे हटाया जाए। ग्राम पंचायत कुरसठ बुजुर्ग देहात में चोरी से उखाड़ी गईं सरकारी ईंटों को गायब करने वाले जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई व रिकवरी कराई जाए। ग्राम पंचायत में दशकों से बंद गलियारा खुलवाए जाने व डामर मार्ग बनवाए जाने की 10 सूत्रीय मांग को लेकर लोग आवाज बुलन्द कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश सैनी, समाजसेवी सुनील तिवारी, समसेर अली एडवोकेट, रामकान्ती सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### अंत्योदय कार्ड बनवाने के लिए डीएम कार्यालय पहुंचे दिव्यांग

**हरदोई, अमृत विचार।** गरीबी रेखा के नीचे गुजर-बसर कर रहे दिव्यांगों ने डीएम कार्यालय पहुंच कर अंत्योदय कार्ड जारी किए जाने की मांग की है। कुछ का कहना है कि डीएसओ आफिस में उन्हें महीनों से टरकाया जा रहा है। भटकते-भटकते थक चुके हैं। अगर उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो इसके लिए मुख्यमंत्री के जनता दरबार में समस्या रखी जाएगी। दिव्यांग महेंद्र पाल ने बताया कि पहले वह सांसद जयप्रकाश के आवास पर पहुंचा, जहां से उसे यह कहकर डीएसओ आफिस भेजा गया कि वहां जाओ, वहीं से काम होगा। महेंद्र पाल ने बताया कि वह और उसके साथ दिव्यांग अली मोहम्मद, शिवराज और रंजीत डीएसओ आफिस पहुंचे, वहां बताया गया कि डीएम आफिस जाओ, साहब कह देंगे, अंत्योदय कार्ड बन जाएगा। दिव्यांग महेंद्र पाल ने बताया कि डीएम आफिस में हाज़िर होने के बाद भी दिव्यांगों को अंत्योदय कार्ड जारी नहीं हुआ तो अब शिकायत मुख्यमंत्री तक पहुंचाई जाएगी।

### लंगूर के आतंक से मिला छुटकारा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** विगत कई दिनों से कई ग्रामों में आतंक का पर्याय बने लंगूर को गुरुवार की प्रातः वन विभाग शाहाबाद रेंज की टीम द्वारा पिंजरे में कैद कर लिया गया। वन रेंज अधिकारी आलोक शर्मा ने बताया विगत कई दिनों से शिकायत प्राप्त हो रही थी कि एक लंगूर ने ग्राम बीरमपुर ब आसपास के गांव में लोगों को घर से निकलना मुश्किल कर दिया था।

## अमृत विचार क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम ABU SAEED था अब मैंने बदलकर अपना नाम ABU SAEED KHAN रख लिया है भविष्या में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। S/O: ABDUL KASIM, R/O, NAWDIHWA VISHUNPUR KHARAHNA PO SADULLANAGAR, Uttar Pradesh-271307

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र विनीत कुमार को उसके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं भविष्य में उसके द्वारा किए गए लेन-देन व कृत्य का वह स्वयं उत्तरदाई होगा। मेरे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। **रामकुमार पुत्र देवीदीन निवासी ग्राम जार परगना व थाना हैदराबाद जिला लखीमपुर खीरी।**

**सूचना**

वास्तव में मेरा जी एन एम नर्सिंग डिप्लोमा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 111707941 के शैक्षिक प्रमाण पत्र व जी एन एम नर्सिंग रजिस्ट्रेशन नंबर 25100 के सभी प्रमाण पत्र खो गए हैं। – **अमित कुमार पुत्र लखन लाल निवासी ग्राम व पोस्ट-बरौना, थाना मल्लाँवा, जिला हरदोई, मो. नं. 7619002556**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

यह कि मेरे भतीजे शिवांशु बाथम पुत्र स्व. कृष्ण रतन गुप्ता निवासी मोहल्ला अजयपाल, कन्नौज का चाल चलन सही नहीं है। वह बुरी संगत में पड़कर जुए आदि का आदी हो गया है तथा मेरे नाम से पैसा लेकर उधार किया गया है। देनदारों के तगादों से परेशान हो गया हूं। इसलिए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके किसी भी कार्य या लेनदेन से मेरा या परिवार के किसी सदस्य का कोई लेना देना नहीं होगा। अपने किसी भी कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **दिलीप कुमार गुप्ता पुत्र स्व. राम रतन गुप्ता, मो. अजयपाल, कन्नौज**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि अंशिका विश्वकर्मा पुत्री श्री विजय कुमार विश्वकर्मा निवासी इमामगंज दरगाह शरीफ बहराइच का हाईस्कूल का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 2280391 वर्ष 2011 और इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 1674374 वर्ष 2013 वास्तव में कहीं खो गया है। जिस किसी व्यक्ति को मिले तो कृपया मोबाइल नंबर 9415491449 पर सूचित करें।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®
आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश
प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें
प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है
प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है
प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है
प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है
प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है
प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है
प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है
प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े
प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है

डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट
पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया
Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें – 7080239313 7570060266
आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक
मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक
रविवार सांय अवकाश

# मुरादाबाद से लखनऊ तक होगा फोर-लेन रेलवे ट्रैक

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मंडल रेल कार्यालय मुरादाबाद अपने रेल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। मुरादाबाद मंडल के अधिकांश रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना में चयनित किया गया है जहां पर कार्य चल रहा है। रेल प्रशासन ने अपने यात्रियों को एक और बड़ी राहत देने के लिए एक कदम और आगे बढ़ा दिया है।

वर्ष 2021 में मुरादाबाद से लखनऊ तक तीसरी रेल लाइन बिछाने के प्रस्ताव पर विचार चल



## सर्वे शुरू

» उत्तर रेलवे का होगा पहला फोर लाइन ट्रैक

रहा था। तीसरी रेल लाइन बिछाने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय मुरादाबाद मंडल रेल कार्यालय के अधिकारियों व रेलवे बोर्ड द्वारा लिए गए थे लेकिन कोविड के चलते कार्य सुस्त पड़ गया था लेकिन अब रेलवे बोर्ड द्वारा उत्तर रेलवे में पहला फोर लेन रेल ट्रैक बिछाने की तैयारी कर ली है। मुरादाबाद से लखनऊ तक दो चरणों में फोर लाइन रेल ट्रैक को बिछाया जाएगा। ट्रैक के बिछ जाने से ट्रेनों की एक और जहां गति बढ़ेगी वहीं ट्रेनों की लेट लतीफ़ी भी समाप्त हो जाएगी।

## फोर ले न बनाने की शुरु हुई कसरत

मुरादाबाद लखनऊ रेल मार्ग को फोर लेन बनने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा कंस्ट्रक्शन ऑर्गेनाइजेशन नाम की संस्था से सर्वे कराया जा रहा है।मुरादाबाद से लखनऊ तक फोर लाइन बनाने का सर्वे शुरू हो चुका है। अगले वित्तीय वर्ष में बजट मिलते ही पर फोर लाइन का काम शुरू हो सकता है। मुरादाबाद से लखनऊ तक फोर लाइन बनने से एक और जहां ट्रेनों के रफ्तार में बढ़ोत्तरी होगी, वहीं ट्रेनों की लेट लतीफी खत्म हो जाएगी। कंस्ट्रक्शन ऑर्गेनाइजेशन द्वारा दो चरणों में यह सर्वे किया जाना है। पहले चरण में मुरादाबाद से बरेली व दूसरे भाग में मुरादाबाद से लखनऊ तक यह सर्वे का कार्य होगा। मुरादाबाद से लखनऊ तक लगभग 328 किलोमीटर का रेल ट्रैक है जो की अभी टू लाइन हैं जहां से प्रतिदिन 300 से ज्यादा मेल एक्सप्रेस व गुड्स ट्रेनों का संचालन होता है। मुरादाबाद से लखनऊ तक फोर लाइन बनने के लिए कुछ स्थानों पर भूमि का अधिग्रहण भी किया जाएगा। मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने बताया कि मुरादाबाद से लखनऊ के बीच फोर लाइन रेल ट्रैक के सर्वे का कार्य शुरू हो चुका है। सर्वे कंस्ट्रक्शन ऑर्गेनाइजेशन कर रहा है। जो सीधा रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव बनाकर भेजेगा जिस पर रेलवे बोर्ड आगे की कार्यवाही करेगा।

# वित्तीय अनियमितता की जांच कराए जाने की मांग

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शहर कांग्रेसियों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में जिला पंचायत को प्राप्त अनुदान 15वें वित्त आयोग एवं पंचम राज्य वित्त आयोग की धनराशि से कराए गए कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व वित्तीय अनियमितता की जांच आर्थिक अपराध शाखा से कराया जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से नौ सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने कहा कि जिन विकास कार्यों में भ्रष्टाचार वित्तीय अनियमितता की गई है। इस दौरान शहर अध्यक्ष जमील अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष साधू सिंह सोमवंशी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष भुवनेश प्रताप सिंह, जिला महासचिव नरेंद्र वर्मा, जिला महासचिव देवेंद्र शर्मा, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष महताब अहमद, जिला कोषाध्यक्ष श्रीप्रकाश मिश्रा आदि साथी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### किशोरी को बहला कर भगा ले जाने का आरोप, केस

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रिश्तेदारी में आया युवक पड़ोसी की बेटी को बहला कर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस से पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। शाहाबाद के एक मोहल्ला निवासी पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री 23 जुलाई की सुबह 6 बजे से लापता है। सब जगह तलाश किया किंतु पता नहीं चल सका। पीड़ित पिता ने पड़ोस में रिश्तेदारी में रह रहे युवक मोनू यादव पर बेटी को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि 24 जुलाई को दोपहर में एक नंबर से फोन कर आरोपी ने उसे धमकी दी है। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिजली लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सण्डीला, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के आशु सराय तिराहे के पास छत पर विद्युत लाइन की चपेट मे आने से युवक की मौत हो गयी। सराय मारुखपुर आशु सराय तिराहा निवासी धर्मेंद्र ने बताया कि उसका भाई मयंक अस्थाना (24) बुधवार की देर शाम घर की छत पर रखी सरिया हटाने गया था। तभी छत के ऊपर से गुजरी 11 हजार विद्युत लाइन के संपर्क में आ जाने से वह झुलस गया। उसे सीएचसी सण्डीला लेकर गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### गैस सिलेंडर में लगी आग बड़ा हादसा टला

**बिलग्राम, हरदोई।** थाना क्षेत्र के हुलासपुरवा परचल रसूलपुर गांव निवासी राकेश के मकान में किचन में रखे सिलेंडर में अचानक देर रात आग लग गई। आग इतनी जोर उठी कि किचन का सारा सामान जलकर खाक हो गया। परिवारजनों ने फायर ब्रिगेड व 112 पुलिस को सूचना की। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पीआरबी 6289 पर तैनात हेड कांस्टेबल राजेश कुमार मौर्य, कांस्टेबल दुष्यंत कुमार व अमित कुमार ने तत्काल आग बुझाकर सिलेंडर को बाहर फेंक दिया। समय रहते आग बुझ जाने से बड़ा हादसा टल गया।

# अंतर्जनपदीय सीमा व जिले के अंदर बनेंगे बैरियर, पुलिसकर्मी देंगे पहरा

## अपराधियों पर नजर रखने व कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने को कवायद शुरू

संवाददाता, हरदोई



**अमृत विचार।** जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपराध नियंत्रण हेतु पुलिस द्वारा बैरियर बनाये जा रहे रहे हैं। जिसके लिए खाका तैयार कर लिया गया है।

पुलिस ने जिले में अंतर्जनपदीय 21 बैरियरों को बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। इसके अलावा अंदर जनपदीय 27 बैरियर बनाए जा रहे हैं। जहां पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। पुलिस के जवान 24 घंटे बैरियर पर नजर रखेंगे। हर आने- जाने वाली गाड़ियों और संदिग्धों को रोककर पूछताछ भी करेंगे। एसपी नीरज कुमार जादौन ने इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए है। निर्देश प्राप्त होते ही बैरियर बनाने का कार्य शुरू हो गया है। इन बैरियरों पर सीसीटीवी भी लगाए जाएंगे। कैमरे के जरिए भी हर गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी।

क्राइम कंट्रोल को लेकर एसपी काफी गंभीर है। एसपी की प्लानिंग है कि इस जिले में घटना करने के बाद अपराधी फरार न हो पाए। इसलिए पूरे जिले में 48 बैरियर बनाये जा रहे है। इन बैरियर पर 24 घण्टे पुलिस मौजूद रहेगी। बार्डर और जिले के सभी मार्गों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। एसपी नीरज कुमार जादौन के निर्देश पर हरदोई पुलिस इन बैरियर से जुड़े मार्गों पर अवैध खनन वाहनों, संदिग्ध वाहनों पर निगाह रखेगी। यहां तैनात पुलिसकर्मियों की तीन शिफ्टों में तैनाती की जाएगी। इन बैरियरो की मॉनिटरिंग एसपी और दोनो एडीशनल एसपी करेंगे। यह तीनो अधिकारी रोज के रोज एक बैरियर भी चेक करेंगे। बैरियरों पर संदिग्धों से पूछताछ करके उनका नाम और पता भी नोट किया जाएगा।

## बैरियर लगाने के लिए बनाए गए प्वाइंट

**हरदोई।** बिलग्राम कोतवाली इलाके में छिबरामऊ कन्नौज रोड पर, मल्लावां कोतवाली इलाके में गंजमुरादाबाद मोड़ उन्नाव बार्डर और बक्शीपुर मोड़ कन्नौज बार्डर, संडीला इलाके में तिलोइया खुर्द लखनऊ बार्डर और ग्राम मलैया उन्नाव बार्डर, अतरौली कोतवाली में भटपुर सीतापुर बार्डर, नरियाखेड़ा उन्नाव बार्डर, कासिमपुर में दंनखेड़ा उन्नाव बार्डर, जाहिदपुर उन्नाव बार्डर, शाहबाद कोतवाली क्षेत्र में सरदारनगर शाहजहांपुर बार्डर, पाली छेत्र में सेठापुर सरसई हाइवे रोड शाहजहांपुर बार्डर, पचदेवरा में धर्मपुर पुलिया शाहजहांपुर बार्डर, मझिला में सकरा लखीमपुर बार्डर, टड़ियावां में बाबुपुर कचनारी सीतापुर बार्डर, ग्राम बर्रा सीतापुर बार्डर, पिहानी में डर्रा रेलवे पुल लखीमपुर बार्डर, हरिहरपुर लखीमपुर बार्डर, बेनीगंज में भदहा पुल सीतापुर बार्डर, हरपालपुर में अर्जुनपुर फरुखाबाद बार्डर, अरबल में हैदराबाद कुसुमखोर पुल कन्नौज बार्डर, ग्राम कड़हल फरुखाबाद बार्डर।



## मशाल यात्रा निकालकर ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों को दीं शुभकामनाएं

**हरदोई, अमृत विचार।** पेरिस में शुरू हो रहा है ओलंपिक खेलों में देश के खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करें। ईश्वर से ऐसी प्रार्थना करते हुए हाकी संघ के तत्वावधान में जिले के खेल प्रेमियों ने एक मशाल यात्रा निकाली। गौरतलब हो कि कल से पेरिस में ओलंपिक गेम्स शुरू हो रहे हैं। इसमें भारत देश के खिलाड़ी अधिक से अधिक पदक लाएं और देश का नाम विश्व पटल पर अंकित करें, इस कामना के साथ जिले के खेल प्रेमियों ने सीएस स्पोर्ट अकादमी से बंजर बाबा तक गुरुवार को मशाल यात्रा निकाली। मशाल यात्रा का खिलाड़ियों ने बढ़–चढ़कर स्वागत किया। अकादमी के प्रबंधक केके सिंह ने कहा कि ओलंपियाड में हमारे देश के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर देश का नाम उच्च स्थान पर दर्ज कराएंगे, इसी कामना के साथ इस मशाल यात्रा का आयोजन किया गया है। मशाल यात्रा में हॉकी संघ के सचिव गोपाल नारायण मिश्रा, सदस्य हबीबुल्ला, देवेश मिश्रा, किशन शाहिद तमाम खेल प्रेमी व खिलाड़ी मौजूद रहे।

## खेत पर पहुंची बुज़ुर्ग महिला को सांप ने डसा, मेडिकल कॉलेज में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बुज़ुर्ग महिला खेत पर गई थी। जहां उसे सांप ने डंस लिया। पहले उसे सीएचसी पहुंचाया गया, वहां से मेडिकल कालेज भेज दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। सवायजपुर कोतवाली के चिकनी पोखरी मजरा रामपुर की 61 वर्षीय कंचन पत्नी जयपाल गुरुवार की सुबह खेत पर गई हुई थी, जहां उसे सांप ने डंस लिया। चीखने के बाद बुज़ुर्ग कंचन वहीं गिर पड़ी। हरपालपुर सीएचसी से उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

# डेयरी से खरीदा चोकर खाने से सात दुधारू पशुओं की मौत

संवाददाता, कछौना, हरदोई

**अमृत विचार।** चोकर खाने से एक गांव में एक ही परिवार की आधा दर्जन दुधारू पशुओं (भैंस) की मौत हो गई। किसान रोहित यादव निवासी कलौली ने बताया कि कि गांव में स्थित ज्ञान धारा डेयरी से आठ दिन पूर्व चोकर लिया गया था, जो सुबह शाम खाने की दिया था। खाने के बाद एक-एक कर के सात दिनों में सात दुधारू पशुओं (भैंस) की मौत हो गई है। जानकारी देने पर पशु विभाग में तैनात डॉ. आशीष ने एक पशु के शव का पोस्टमार्टम कराया। बताया कि रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा और चोकर व भूसा की जांच में भेजी गई है।

# बेलाताली का पानी विषैला, मर रहीं मछलियां

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शहर की सर्कुलर रोड पर बेलाताली तालाब था। तत्कालीन डीएम पुलकित खरे ने उसका कायाकल्प करते हुए उसे बेलाताली नौका विहार का नाम दिया। वहां की खूबसूरती को चार चांद लगाते हुए तालाब में मछलियों को छोड़ा गया। देख देख की सारी ज़िम्मेदारी ग्राम पंचायत चांद बेहटा को सौंपी गई, साथ ही केयर के कर की तैनाती भी की गई थी। लेकिन आज उसी बेलाताली नौका विहार का पानी इतना ज़हरीली हो गया है कि उसमें छोड़ी गईं मछलियां हर मर नहीं है।

तत्कालीन डीएम पुलकित खरें ने शहर की तस्वीर को और निखारने की भरपूर कोशिश की। उसी कड़ी में उन्होंने बेलाताली तालाब को अपने ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल करते हुए उसका कायाकल्प कराया। उसे बेलाताली नौका विहार का नाम दिया गया। शुरुआत में वहां खूब भीड़ जुटने लगी। तालाब में पड़ी मछलियों की अपनी अलग ही पहचान थी। तत्कालीन डीएम ने उसकी देख-रेख का ज़िम्मा ग्राम पंचायत चांद बेहटा को सौंपा। साथ ही केयर टेकर को भी तैनात किया गया था। पुलकित खरे के जाने के बाद से बेलाताली नौका विहार के बुरे दिन शुरु हो गए। बनाई गई उसकी खूबसूरत तस्वीर भी धीरे-धीरे धुंधली होने लगी। तालाब में पड़ी मछलियां भी मरने लगी। आज की बात करें तो अब तक वहां लाखों मछलियां मर चुकी थी। खुशहाली थी, लेकिन अब वीराना जैसा लगने लगा है। लोगो का कहना है कि ज़िम्मेदारों की अनदेखी की वजह से ही ऐसा सब हो रहा है।

## सार-संक्षेप

### रात में घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, केस दर्ज

**हरदोई, अमृत विचार।** शोहदे ने पहले महिला को फोन करते हुए अपने घर बुलाया। इंकार करने पर वह महिला के घर में घुस गया और छेड़छाड़ करने लगा। शोर सुन कर महिला का पति व उसके पुत्र ने आरोपी को पकड़ लिया। लेकिन वह उनकी पकड़ से छुड़ाकर भाग निकला। पुलिस ने महिला की तहरीर पर शोहदे के खिलाफ केस दर्ज कर उसे ढूंढ रही है। बघौली थाना क्षेत्र के गांव की महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि मंगलवार की रात गांव के बाबू ने गलत नीयत से उसे फोन कर अपने घर बुलाया। महिला के इंकार करने पर बाबू रात के 11:30 बजे उसके मकान के पीछे से घर में घुस आया और छेड़खानी करने लगा। महिला के चीखने पर उसका पति व पुत्र ने पकड़ लिया। लेकिन उसी बीच वह उन दोनों की पकड़ से भाग गया। मामले की जांच एसआई उमाशंकर सिंह को सौंपी गई है।

### खेत में पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** पचदेवरा थाना क्षेत्र के चठिया मजरा मुर्तजा नगर गांव में परिस्थितियों में युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। युवक गन्ने के खेत की रखवाली के लिए शाम को गया था। पचदेवरा थाना क्षेत्र के चठिया मजरा मुर्तजा नगर निवासी शांति पत्नी स्व. रामशरण जाटव ने बताया कि उसका 35 वर्षीय पुत्र मिंटू बुधवार शाम गन्ने की खेत की रखवाली करने गया था। गुरुवार सुबह लोगों ने मिंटू को गन्ने ने के खेत में पेड़ पर फंदे से लटकता देख उसे सूचना दी। इसके बाद पचदेवरा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र पांडेय ने बताया कि मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।



कांसेप्ट ग्रुप के सीईओ यशवर्धन अग्रवाल की जन्मदिन पार्टी में मौजूद बच्चे।

### स्कूली बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन, बांटीं किताबें

**हरदोई, अमृत विचार।** गांव में रह रहे स्कूली बच्चों ने कांसेप्ट ग्रुप के सीईओ यशवर्धन अग्रवाल के जन्मदिन पर खूब धमाल किया। उन्हीं बच्चों के बीच के एक काटा गया। इस दौरान बच्चों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। श्री अग्रवाल ने वहां पहुंचे बच्चों को पाठ्य पुस्तकें, बैग, लेखन सामग्री वितरित की। गुरुवार को कांसेप्ट ग्रुप के सीईओ यशवर्धन अग्रवाल का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री अग्रवाल ने पहले केक काटा और उसके बाद नानक गंज के बच्चों को पाठ्य–पुस्तक, बैग, लेखन सामग्री का वितरित की। इस मौके पर ग्रुप के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# निवेशकों की समस्याओं के निस्तारण में न हो देरी

संवाददाता, हरदोई



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी एमपी सिंह व सीडीओ सौम्या गुरुरानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का ससमय निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। बैठक में उपस्थित सहायक अभियंता लोक निर्माण को पिहानी बूढ़ागांव कूल्हाघाट मार्ग की सटीक जानकारी न होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि उद्योगों की भूमि सम्बन्धी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाये। उद्योग प्रतिनिधियों से निरंतर संवाद किया जाये। बिजली विभाग व उद्योग प्रतिनिधियों की अलग से बैठक करा ली जाये। उद्योगपति नवल माहेश्वरी ने माधौगंज के उद्योगों की बिजली की समस्या के समाधान में प्रशासन के अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद देते हुए गोबर से बनी एक गो प्रतिमा जिलाधिकारी को भेंट की। व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि नगर की टूटी सड़कों की मरम्मत करायी जाये। सभी हैण्डपम्पों का प्लेटफार्म बनवाया जाये। इस अवसर पर एसपी नीरज कुमार जादौन, सीडीओ सौम्या गुरुरानी भी मौजूद रहीं।

## तय होगी लापरवाह अधिकारियों की जवाबदेही

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के निर्देशानुसार आईजीआरएस के माध्यम से ग्राम पंचायत वार शिकायतों की सूची बनाई जा रही है, जिससे शिकायतों के निस्तारण में तेजी आएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि इस सूची के बन जाने पर एक ओर जन शिकायतों के निस्तारण में तेजी आएगी, वहीं दूसरी ओर शिकायत निस्तारण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित की जा सकेगी। ऐसे गावों को चिन्हित किया जा रहा है जहाँ पिछले 6 माह में भूमि सम्बन्धी विवादों की संख्या अधिक रही है। भूमि विवादों के निस्तारण में लापरवाह अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी पूर्व में कई अवसरों पर शिकायतों का समय से निस्तारण न होने व निस्तारण की गुणवत्ता ठीक न होने को लेकर नाराजगी जताते रहे हैं।

# चुनाव में झूठा हलफनामा देने में राजवर्धन सिंह पर केस दर्ज

संवाददाता, हरदोई




**अमृत विचार।** विधानसभा-2022 के चुनाव में झूठा हलफनामा दाखिल कर सवायजपुर से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले राजवर्धन सिंह के खिलाफ कोतवाली शहर में केस दर्ज किया गया है। एडीजीपी के आदेश पर दर्ज हुए केस की जांच एसआई मार्कण्डेय सिंह को सौंपी गई है।

बताते है कि सवायजपुर निवासी श्याम कुमार त्रिपाठी पुत्र नंदकिशोर त्रिपाठी ने एडीजीपी से की शिकायत में कहा है कि कोतवाली शहर के धर्मशाला रोड निवासी राजवर्धन सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह ने साल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में सवायजपुर से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़का था। उस दौरान जो हलफनामा दाखिल किया गया था, उसमें आपराधिक मामले को छिपाते हुए झूठ बोला गया था। जबकि साल 2019 में लोनार थाने में दर्ज कराए गए मामले में राजवर्धन को नामज़द किया गया था। श्याम कुमार त्रिपाठी ने विधानसभा चुनाव-2022 में राजवर्धन सिंह की तरफ से दाखिल किए गए हलफनामें की जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई थी। जिस पर कोतवाली शहर में एडीजीपी के आदेश पर पूर्व कांग्रेसी नेता राजवर्धन सिंह के खिलाफ केस दर्ज करते हुए एसआई मार्कण्डेय सिंह को सौंपी गई है।

## छात्रा रितिका ने बैडमिंटन में किया नाम रोशन

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खण्ड कछौना के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बर्रा घूमन की छात्रा रितिका ने बैडमिंटन में स्पोर्ट फॉर चेंज राष्ट्रीय स्तरीय गेम्स में सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय, गांव एवं विकास खंड कछौना का नाम रोशन किया। इस सफलता से छात्रा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का मौका मिला। चेन्नई में एचसीएल फाउंडेशन की तरफ से स्पोर्ट फॉर चेंज राष्ट्रीय स्तरीय गेम्स प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। यह प्रतियोगिता शिव सुब्रमण्यम नादर इंजीनियरिंग कॉलेज चेन्नई में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए छात्रा ने ब्लॉक, जनपद, राज्य व नॉर्थ जोन में अपना परचम लहराया। इस सफलता से परिवारजन, शिक्षक, खंड शिक्षा अधिकारी सहित क्षेत्र के लोग काफी उत्साहित हैं।




टीबी मुक्त भारत अभियान | जिले के चार विकास खंडों की 20–20 ग्राम पंचायतों में चला रही परियोजना

# 80 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने को लगने लगे शिविर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त पंचायत के क्रम में विभाग स्वयंसेवी संस्था के टीबी अलर्ट इंडिया के सहयोग से चार ब्लॉक हरपालपुर, माधौगंज, भरखनी और शाहाबाद के 20-20 ग्राम पंचायतों में परियोजना चला रही है जिसका उद्देश्य दिसम्बर तक इन सभी 80 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करना है। इसी क्रम में हरपालपुर के किर्तियापुर ग्राम में गुरुवार को टीबी जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी डा. शरद वैश्य ने दी।



शिविर में जानकारी लेते मरीज। अमृत विचार

जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि प्रधानमन्त्री के आह्वान पर देश को साल 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए सरकार की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत यह परियोजना शुरू की गयी है। पिछले साल विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान शुरू किया था। भारत गांवों का देश है। इसकी इकाई गांव हैं। यदि ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो जाएंगी तो देश भी टीबी मुक्त हो जायेगा। इसी क्रम में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की सहयोगी संस्था टीबी अलर्ट इंडिया के साथ मिलकर जनपद के 4 ब्लाक में काम करना शुरू किया है। इन चार ब्लाक में टीबी के कुल 212 मरीज हैं। ग्राम पंचायत टीबी मुक्त तब घोषित होती है जब वह पाँच मानकों को पूरा करती है। यह मानक हैं प्रति हजार आबादी पर 30 संम्भावित टीबी मरीजों की जांच, प्रति एक हजार की आबादी पर एक टीबी मरीज, सभी टीबी मरीजों को निक्षय मित्रों द्वारा गोद लिया जाना, सभी टीबी मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत कम से कम एक माह की 500 रूपये की किश्त मिली हो, और कम से कम 60 फीसद मरीजों की ड्रग सेंस्टिवटी की जांच हो चुकी हो। टीबी अलर्ट इंडिया के स्टेट लीड शिवम मिश्रा ने बताया कि जनपद हरदोई टीबी मुक्त करने के लिए सबसे जरूरी है कि टीबी के संभावित मरीजों की पुष्टि हो तभी उनका इलाज शुरू हो पायेगा। किर्तियापुर में लगे टीबी जांच शिविर में कुल 85 संभावित टीबी मरीजों की अल्ट्रापोर्टेबल हैण्ड हेल्ड एक्स-रे मशीन से जांच की गयी जिनमें से 35 लोग संभवत निकले। इन 35 मरीजों सहित अन्य संभावित टीबी रोगियों के बलगम का नमूना लेकर जांच के लिए भेज दिया गया है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# पीएसी जवानों ने डूब रहे लोगों की बचाई जान

## चहलारी घाट पर बाढ़ आपदा से बचाव व सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल का किया गया प्रदर्शन

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** घाघरा नदी के तट पर स्थित चहलारी घाट पर बाढ़ आपदा से बचाव एवं सुरक्षा के दृष्टिगत मॉक ड्रिल का आयोजन गुरुवार को किया गया।

मॉक ड्रिल के दौरान द्वितीय वाहिनी पीएसी के बाढ़ राहत दल ने बाढ़ की सूचना पर खेतों में कार्य कर रहे ग्रामीणों का बचाव किए जाने के मॉक अभ्यास का प्रदर्शन किया। इसके साथ द्वितीय वाहिनी पीएसी के आपदा बचाव दल ने गहरी नदी में डूबते हुये व्यक्तियों को बचानें, चिकित्सकीय जांच एवं प्राथमिक उपचार के उपरान्त एंबुलेंस के माध्यम से चिकित्सालय भेजे जाने के मॉक अभ्यास किया। नदी के किनारे स्थित मजरा सुंदरनगर में अचानक नदी के जलस्तर बढ़ने से अधिक जलभराव होने की सूचना पर प्रशासन ने ग्रामीणों को तत्काल सूचना देते हुए उन्हें पंचायत भवन चहलारी में बनाए गए बाढ़ शरणालय/राहत शिविर में पहुंचाने की भी मॉक अभ्यास का प्रदर्शन किया गया।



नदी से बाहर निकाले गये युवक। अमृत विचार



युवक के पेट से पानी निकालते पीएसी के जवान। अमृत विचार

मॉक ड्रिल के उपरान्त सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने मॉक ड्रिल के संबंध में अपने अनुभव को साझा किया तथा बाढ़ की आपदा से बचाव हेतु विभाग द्वारा की गयी तैयारियों के विषय में बताया गया। मॉक ड्रिल के दौरान उप जिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के आदेशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में इस मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य बाढ़ की विभीषिका के दौरान राहत एवं बचाव की गतिविधियों का कुशल एवं त्वरित संचालन किया जा सकेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि नदी के गहरे जल में स्नान आदि हेतु न जायें एवं कोई भी आपदा होने पर तत्काल प्रशासन को अवगत करायें, जिससे त्वरित मदद की जा सके। आपदा बचाव दल के कमाण्डर जयवीर सिंह ने मॉक एक्सरसाइज के दौरान की गयी गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। चिकित्सा टीम द्वारा बाढ़ के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के विषय में लोगों को अवगत कराया गया।

मॉक ड्रिल के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार, उपजिलाधिकारी महमूदाबाद शिखा शुक्ला, उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विशाल पोरवाल, जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी मंजीत कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार शुक्ला, तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी, नायब तहसीलदार ज्योति वर्मा एवं योगेश बाजपेयी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



बॉटल पाम का पौधा लगाते नगर विकास राज्यमंत्री। अमृत विचार

## रोपित पौधों के संरक्षण की अपील

**सीतापुर, अमृत विचार।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या वैदेही वाटिका के निकट गुरुवार को राज्यमंत्री नगर विकास राकेश राठौर ने बॉटल पाम के पौधे को रोपित कर वृक्षारोपण की शुरुआत की।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी नवीन खंडेलवाल, रेडिको खेतान प्रतिनिधि, प्रबंधक राष्ट्रीय राजमार्ग 24 प्रमोद कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने भी इस मुहिम में पौधा रोपित कर प्रबंधन राजमार्ग प्रमोद कुमार सिंह को निर्देशित किया कि जो भी पौधे रोपित किये जा रहे हैं उनकी देखभाल व संरक्षण की जिम्मेदारी मन से निभायें और सभी पौधों को बचाना भी है।

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए जीवन में संकल्प जरूरी

## मेरिट में स्थान पाने वाले हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी हुए सम्मानित

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार।** लक्ष्य प्राप्ति के लिए जीवन में संकल्प बहुत जरूरी है। संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता। विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए एकाग्रता की आवश्यकता होती है।

सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के यूपी टापर्स सहित प्रदेश मेरिट में स्थान पाने वाले अन्य टॉपर्स को एक-एक लाख रुपए की चेक, स्मृति चिन्ह व मेडल के साथ विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक, राज्यमंत्री उमेश द्विवेदी ने यह बात कही। एमएलसी पवन सिंह, विधायक कुर्सी साकेंद्र प्रताप वर्मा, महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या व कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया।



यूपी टॉपर प्राची निगम को चेक देतीं विधायक आशा मौर्या, साथ में मौजूद एमएलसी पवन सिंह चौहान व पूर्व मंत्री डॉ. अम्मार रिजवी। अमृत विचार

शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी ने 2023 की हाईस्कूल यूपी टॉपर प्रियांशी सोनी व वर्ष 2024 के इंटरमीडिएट यूपी टॉपर शुभम वर्मा व हाईस्कूल यूपी टॉपर प्राची निगम के नाम से विद्यालय में कक्ष निर्माण के लिए साढ़े सात लाख रुपए दिए जाने की घोषणा की। एमलसी पवन सिंह ने पुस्तकालय के लिए पांच लाख रुपए की सहायता राशि कालेज को देने का आश्वासन दिया।

### इन्हें मिला सम्मान

हाईस्कूल की यूपी टॉपर्स प्राची निगम व इंटरमीडिएट के यूपी टॉपर शुभम पटेल को एक-एक लाख रुपए के चेक, नव्या सिंह, अंशिका वर्मा राज वर्मा, शीतल वर्मा, अनुभव शुक्ल व पलक मौर्या को 51-51 हजार रुपए, वर्तिका सोनी, अंशी मौर्या, अगम्या वर्मा, हेमंत वर्मा, अपर्णा गुप्ता, शिवानी वर्मा, सूरज शाहू, सूरज वर्मा, आयुष मौर्य, वैभव मिश्र, सूरज मौर्य व सौरभ वर्मा को 21-21 हजार रुपए की चेक स्मृति चिन्ह व मेडल देकर सम्मानित किया।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय में फैली हैं अव्यवस्थाएं

**मानपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखण्ड खैराबाद के सरैंया सानी पंचायत में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में गंदगी की भरमार है। साथ ही अव्यवस्थाओं से कर्मचारी परेशान हैं।

सरकारी विद्यालय की सुरक्षा में तैनात गार्ड सुरेश मौर्य और चपरासी ने बताया कि विद्यालय में गंदगी की भरमार है, शौचालय की कोई सुविधा नहीं है। गन्दगी से चोक है ऐसे में रात्रि ड्यूटी के दौरान यदि हम लोगों को शौच जाना हो तो बाहर खुले मैदान में जाना पड़ता है। जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। कई बार वार्डन और अकाउंटेंट को भी अवगत कराया, लेकिन कोई कारवाई नहीं हुई। जबकि इस विद्यालय का प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी निरीक्षण कर चुके हैं।

# कीचड़ से जूझ रहे बच्चे व शिक्षक

## बीआरसी और विद्यालय के मुख्य मार्ग गेट पर भरा है पानी

संवाददाता, सांडा, सीतापुर

**अमृत विचार।** बीआरसी और विद्यालय जाने वाले मुख्य मार्ग गेट पर जलभराव की समस्या से जूझ रहे बच्चे साथ ही बीआरसी आने वाले अध्यापकों को भी परेशानी हो रही है।

विकास खण्ड सकरन मुख्यालय ग्राम पंचायत सांडा में स्थित बीआरसी और जूनियर विद्यालय सांडा को इसी गेट से आना जाना होता है। ऐसे में मुख्य मार्ग गेट पर जलभराव की समस्या से विद्यालय आने वाले बच्चों के साथ अध्यापकों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। मेन गेट पर जलभराव होने से जहां बच्चों के कपड़े गन्दे हो जाते हैं वहीं गिरकर चोटिल होने का भी डर बना रहता है। हल्की बारिश होने पर भी गेट पर जलभराव हो जाता है। विद्यालय के बच्चों के साथ इसी गेट से खण्ड शिक्षा अधिकारी सकरन ओंकार सिंह अपने ऑफिस के लिए और सकरन क्षेत्र के विद्यालयों में पढ़ाने वाले अध्यापकों का आवश्यक कार्य हेतु बीआरसी आना जाना रहता है। जिनको निकलने के लिए समस्या बनी हुई है।



बीआरसी गेट पर कीचड़ व जलभराव के बीच से निकलते लोग। अमृत विचार




मशााल जुलूस निकालते भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

# मशाल जुलूस निकाल शहीदों को किया नमन

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सचिन मिश्र के नेतृत्व में गुरुवार को सैकड़ों युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कारगिल विजय स्तम्भ से शहीद पार्क लालबाग तक मशाल जुलूस निकाला। जुलूस में जिला प्रवासी के रूप में भाजयुमो क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अंकुश यादव उपस्थित रहे।

मशाल जुलूस के समापन के बाद भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा अखंड दीप जलाया गया, जोकि अगले दिन तक प्रज्ज्वलित होता रहेगा। युवा मोर्चा सीतापुर के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कारगिल विजय में शहीद हुए जवानों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं जिन जवानों ने कारगिल के युद्ध में अपना योगदान दिया था, उनको भी प्रमाण एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। मशाल जुलूस में भाजपा जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, रमेश भार्गव, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संजय राजवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नैमिष रत्न तिवारी, संजय मिश्रा, भाजयुमो जिला पदाधिकारी तरुण शुक्ला, अनूप विश्वकर्मा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष तेज करने का एलान

संवाददाता, पहला, सीतापुर

**अमृत विचार।** विकास खंड पहला में गुरुवार को अटेवा के सदस्यता अभियान के लिए ब्लॉक कार्यकारिणी की मीटिंग की गयी। जिसमें सदस्यता अभियान को तेज करने और हर कर्मचारी एवं शिक्षक को अटेवा से जोड़ने की बनी रणनीति, जिला संयोजक अटेवा सीतापुर अवनीश कुमार ने कहा पुरानी पेंशन की बहाली के लिए संघर्ष को और तेज किया जायेगा इसके लिए संकुल स्तर पर अटेवा की कार्यकारिणी बनेगी।

▸▸ हर कर्मचारी व शिक्षक को संगठन से जोड़ने की बनी रणनीति

जिला प्रवक्ता अटेवा जय प्रकाश ने कहा कि सरकार को एनपीएस और निजीकरण समाप्त करना चाहिए। ब्लॉक संयोजक प्रांशु भारती ने सभी से अटेवा की सदस्यता लेने की अपील की। ब्लॉक महामंत्री विनय सिंह ने कहा पुरानी पेंशन कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा और संवैधानिक अधिकार है। जिला संयुक्त मंत्री शिवाजी वर्मा ने कहा बजट से सरकरी कर्मचारी को बहुत उम्मीद थी लेकिन बजट तो कर्मचारियों के विरोध में आया अब 10 प्रतिशत की जगह 14 प्रतिशन एनपीएस में कर्मचारियों का अंशदान कटेगा। सदस्यता जागरूकता अभियान में उपस्थिति ब्लॉक सह सयोंजक चैधरी सत्य सरन, भूपेंद्र कुमार सोनकर, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, ब्लॉक मीडिया प्रभारी शेखर चंद्र, ब्लॉक संगठन मंत्री हरिबख्श सिंह यादव, ब्लॉक सह सयोंजक संजीव कुमार तिवारी, पचांयत राज विभाग के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार यादव, मनोज कुमार, रमेश चंद्र, ब्राह्मदीन दुर्गेश कुमार यादव, रिंकू, सुभाष चंद्र, राजमल, रामचंद्र नमो नारायण, नीतीश कुमार श्रीवास्तव, सविता रानी, नासिर अली, सोनल आदि शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थिति रहे।




ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक के दौरान एकजुटता प्रदर्शित करते शिक्षक व कर्मचारी। अमृत विचार

## वर्ग पहेली-142

**बाएं से दाएं**

2. 1. अलक्ष्य, जो दिखायी न पड़े, अदृश्य 2. अगोचर, इंद्रियातीत।
3. 1. ऐसी शर्त जिससे किसी काम में बाधा या अड़चन पैदा हो, अड़ंगा, प्रतिबंध, रोक 2. झंझट, झगड़ा, विवाद फ़साद 3. दोष, ऐब।
4. एक प्रसिद्ध नीला खनिज पदार्थ जिसका महीन चूर्ण आंखों में अंजन की तरह लगाते हैं, काजल, अंजन।
5. 1. सूर्य 2. बारह आदित्यों में से एक 3. एक वैदिक देवता।
8. 1. घर-गृहस्थी का सामान 2. उड़द की दाल 3. मूंग।
9. 1. पहुंच 2. बुद्धि आदि से कहीं तक पहुंच सकने की शक्ति।
10. जिसमें कोई गुण न हो, गुणरहित, गुणहीन।

**ऊपर से नीचे**

1. दबाना, चापना।
2. ईश्वर, भगवान।
4. 1. अतिशय सुंदरता, परम शोभा 2. प्राकृतिक सौंदर्य 3. नैसर्गिक शोभा या सुंदरता 4. एक प्रकार का वर्णवृत्त 5. (पुराण) कालचक्र का एक आरा।
6. पशुओं के अगले या पिछले पैर बांधने की रस्सी जिससे वे दौड़ नहीं पाते।
7. राजा।




### वर्ग पहेली -141 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 डि | 2 ज़ा | इ | 3 न | दा | 4 र |
| ■ | त | ■ | ग | ■ | शी |
| 5 वी | ■ | 6 ना | री | वा | द |
| 7 र | ई | ■ | क | ■ | ■ |
| सू | ■ | 8 ग | र | री | ■ |
| ■ | 9 पा | र | ण | ■ | 10 दि |
| ■ | ■ | चे | ■ | 11 ख़ | त |

## सुडोकू -55

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | 1 | | | |
| 2 | | 1 | | 4 | | | 7 | |
| 3 | 7 | | 6 | | | 8 | | |
| | | 7 | 4 | | 8 | | 2 | |
| 8 | | 6 | | | | 1 | | 4 |
| | 3 | | 5 | | 9 | 6 | | |
| | | 8 | | | 7 | | 1 | 3 |
| | 4 | | | 2 | | 7 | | 8 |
| | | | 8 | | | | | 5 |

### सुडोकू -54 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 2 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 2 | 8 | 5 | 1 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 9 | 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 3 | 2 | 7 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 |
| 8 | 6 | 2 | 3 | 7 | 1 | 5 | 9 | 4 |
| 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 8 | 9 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 4 | 3 | 7 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास- श्रावण, पक्ष- कृष्ण पक्ष, तिथि- षष्ठी 23 .30 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु- वर्षा।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- उत्तर भाद्रपद 14 .30 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** — आज माता की सेहत को लेकर थोड़ी परेशानी होगी। वैवाहिक जीवन में अनबन हो सकती है। आपको स्वार्थी होने से बचना चाहिए। विधिक मामले लंबित हो सकते हैं। कुछ लोग आपके ऊपर मिथ्या आरोप लगा सकते हैं।

**वृष** — आज व्यापार के नए अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं। परिवार का माहौल सुकून भरा होगा। संतान की प्रगति से आपका मन प्रसन्न होगा। कारोबार में बदलाव का विचार बना सकते हैं। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित रहेगा।

**मिथुन** — आज भाग्य का भरपूर सहयोग आपको प्राप्त होगा। अपने स्वभाव में विनम्रता का भाव हमेशा रखें। नजदीकी मित्रों के साथ गंभीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। व्यापार में नई गतिविधियों को शुरू करने के लिए उपयुक्त समय है।

**कर्क** — आज आपकी वाक्शैली के लोग कायल रहेंगे। उच्च शिक्षा के बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र को लेकर कुछ चुनौतियां सामने आ सकती हैं। नौकरी में स्थान परिवर्तन के भी संकेत बन रहे हैं।

**सिंह** — आज जीवनसाथी की सलाह से आपके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। प्रतिद्वंदियों पर आप भारी पड़ेंगे। अपनी योग्यता को लेकर अहंकार का भाव न रखें। आप अपने निजी जीवन में दूसरे व्यक्तियों के हस्तक्षेप से नाराज हो सकते हैं।

**कन्या** — आज स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। गूढ़ विद्याओं के प्रति आप रुचि लेंगे। धार्मिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी व्यस्तता बढ़ने की संभावना बन रही है। अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव कर सकते हैं।

**तुला** — आज कारोबार में बड़ी डील हो सकती है। आपको किसी यात्रा में जाना पड़ सकता है। प्रेम संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। पति-पत्नी के मध्य भावनात्मक संबंध मजबूत होंगे। आय के नए मार्ग खुल सकते हैं। पहले की हुई मेहनत का शुभ परिणाम मिलेगा।

**वृश्चिक** — आज उच्च अधिकारी आपकी पदोन्नति की चर्चा कर सकते हैं। अनावश्यक खर्चों में कमी लाने का प्रयास करें। सरकारी कार्यों में आपको जबरदस्त लाभ मिल सकता है। किसी सामाजिक समारोह का आयोजन कर सकते हैं।

**धनु** — आज छात्रों का मनोबल बढ़ेगा। व्यवसाय में नया लक्ष्य निर्धारित करने के योग बन रहे हैं। होटल कारोबारियों की आय बढ़ सकती है। बेरोजगार लोगों को अपने भविष्य की चिंता रहेगी। परिवार के साथ घूमने जा सकते हैं।

**मकर** — आज धन के लेन-देन में सावधानी रखें। आकस्मिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। जल्दबाजी के बजाय गंभीरता से सोच-समझकर ही निर्णय लें। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। भोग-विलास में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — आज विद्यार्थी नए विषयों के अध्ययन में रुचि ले सकते हैं। परिवार के लोगों के कारण थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। सहकर्मी पीठ पीछे आपकी चुगली कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में तनाव से बचने के लिए आपसी संवाद अच्छा रखें।

**मीन** — आज आय के नए स्तोत्र विकसित हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में सम्मिलित होने के कारण आपका वर्चस्व बढ़ेगा। कारोबार में उत्तम लाभ के योग बन रहे हैं। नई नौकरी के लिए प्रयास कर रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
मि. नटवरलाल — सुबह : 10 .02
कोहराम — रात : 07 .00

&pictures
सूर्या एस 3 — सुबह : 10 .46
इंडियन लॉकडाउन — रात : 08 .00

SONY PIX
द वॉटर हॉर्स — सुबह : 11 .45
300 — शाम : 07 .12

ZEE CINEMA
गदर — दोपहर : 12 .52
स्पाइडर — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
गोपीचंद चाणक्य — सुबह : 10 .09
डेंजरस खिलाड़ी 3 — शाम : 05 .27

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

वकील- माई लार्ड, कानून की किताब के पेज नंबर 15 के अनुसार मेरे मुवक्किल को बा-इज्जत बरी किया जाए।
जज- किताब पेश की जाए।
किताब जज के सामने पेश की गई।
जज ने पेज नंबर 15 खोला, उसमें 2000 के पांच नोट थे।
जज ने मुस्कुरा कर कहा- इस तरह के 2 सबूत और पेश किए जाएं।

सब्जी वाला - भैया, मैडम जी अंग्रेजी मीडियम से पढ़ी हैं क्या?
पति- आश्चर्यचकित होते हुए - हां लेकिन तुम्हें कैसे पता?
सब्जी वाला- क्योंकि मैडम टमाटर नीचे और कद्दू उसके ऊपर रख रही हैं।

# हिस्ट्रीशीटर समेत चार गिरफ्तार

## ट्रैक्टर खड़ा करने को लेकर विवाद में चली थीं गोलियां

संवाददाता, सीतापुर


जानकारी देते एसपी व गिरफ्तार किए गए अभियुक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महोली कोतवाली इलाके में सोमवार की देर रात कांवड़ यात्रा निकालने की तैयारी के दौरान रास्ते में ट्रैक्टर खड़ा कर विवाद मामले में पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने जानलेवा हमले और मारपीट के मामले में हिस्ट्रीशीटर समेत चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने दो अवैध असलहों को बरामद करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई की है।

मालूम हो कि कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव इलाके में कांवड़ के लिए डीसीएम तैयार करने के दौरान गांव का ही अभियुक्त अमरीश यादव जो प्रधान पति एवं मजारिया हिस्ट्रीशीटर है, ने डीसीएम के सामने ट्रैक्टर लाकर खड़ा कर दिया। आरोप था कि बातचीत के दौरान सोमवार देर रात विवाद बढ़ा तो तो अभियुक्त अमरीश सहित ने साथियों ने तमन्चे से फायर कर दिया। जिससे दूसरे पक्ष के आयुष उम्र 17 वर्ष के पैर में गोली लग गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में हिस्ट्रीशीटर अमरीश यादव, दीपू यादव, शिवराम यादव और गुड्डू को गिरफ्तार किया गया है।

# कूड़े का निस्तारण करने के लिए तैयार करें डीपीआर : डीएम

## देहात कोतवाली के पीछे बने लिगेसी वेस्ट मैनेजमेंट साइट का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता, सीतापुर


लिगेसी वेस्ट मैनेजमेंट साइट का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने ग्राम टेढ़वा चिलौला स्थित देहात कोतवाली के पीछे बने लिगेसी वेस्ट मैनेजमेंट साइट का औचक निरीक्षण किया। वर्ष 2021 में रीजनल सेन्टर फार अर्बन एंड एनवायरनमेंट स्टडीज आरक्यूस द्वारा आगणित 20282 मीट्रिक टन के ठोस अपशिष्ट के ट्रीटमेंट एवं डिस्पोजल की कार्यवाही नगर पालिका परिषद ने की।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी ने जिलाधिकारी को बताया कि पूर्व में यह जमीन निःशुल्क ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नगर पालिका परिषद को प्रदान की गई थी, लेकिन बाद में देहात कोतवाली व मदर्स प्राइड स्कूल के निर्माण हो जाने के कारण एनजीटी द्वारा स्कूल से 200 मीटर दूर ठोस अपशिष्ट निस्तारण के निर्देश दिए गए। ऐसे में नगर पालिका परिषद सीतापुर ने बाउंड्रीवाल का निर्माण कराकर अपशिष्ट निस्तारण की कार्यवाही की जा रही है। अधिशासी अधिकारी ने जिलाधिकारी को बताया कि लिगेसी वेस्ट साइट घोषित हो जाने कारण लीगेस्ट वेस्ट का कार्य करा दिया गया है। अब किसी भी प्रकार का कूड़ा नहीं डाला जा रहा है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया कि पूर्व में डाले गए कूड़े को आरक्यूस द्वारा पुनः सर्वे कराकर कूड़े का निस्तारण करने के लिए डीपीआर तैयार कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

### मिला मिट्टी खनन का गड्ढा, जवाब नहीं दे पाए जिम्मेदार

कूड़ा निस्तारण स्थल पर जिलाधिकारी को मिट्टी खनन का गडढा मिला, जहां की मिट्टी गायब थी। ऐसे में जिलाधिकारी ने इस खनन की जानकारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका वैभव त्रिपाठी से ली तो वैभव त्रिपाठी ने बताया कि उन्हें इस खनन की जानकारी नहीं है। किसी ने चोरी से खनन किया है। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने चोरी से हुए खनन की जानकारी लेने हेतु निरीक्षक कोतवाली देहात को बुलवाकर जानकारी लिया तो निरीक्षक कोतवाली देहात ने बताया कि सर हमारी तैनाती के पूर्व यह खनन हो चुका था।

### मिट्टी खनन पर जिला खनन अधिकारी को नोटिस

डीएम अभिषेक आनंद ने उपजिलाधिकारी सदर बाल कृष्ण सिंह को निर्देश दिये कि जितनी जमीन में खनन हुआ है उसकी फर्द बनाकर जिला खनन अधिकारी को नोटिस जारी किया जाये और चोरी से मिट्टी खनन करने वाले को चिन्हित कर अविलंब कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। साथ ही उन्हें की गई कार्यवाही से अवगत भी कराया जाये।

## एक नजर

### बीडीओ व ब्लॉक प्रमुख ने लगाया पौधा

**कमलापुर, सीतापुर।** एक पेड़ मां के नाम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान को आगे बढ़ाते हुए कसमण्डा क्षेत्र अन्तर्गत निकले नेशनल हाईवे के डिवाइडर पर गुरुवार को ब्लाक प्रमुख कसमण्डा मुन्नी देवी व बीडीओ कसमण्डा प्रशान्त कुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से पौधरोपण किया। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत ब्रम्ह नरायन शर्मा, जेई आरईडी शिवकुमार पटेल, सचिव विवेक कुमार, अभय प्रताप दीपक, सुधीर बाजपेई, सुशील यादव, अंशिका वर्मा, बन्दना भारती, नीतू मिश्रा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### बैंक ने लाभार्थी को दो लाख का दिया चेक

**पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार।** विकास खंड के अंतर्गत बरगावां कस्बे में स्थित आर्यावर्त बैंक में पीएम सुरक्षा बीमा योजना के तहत योजना के लाभार्थी के खाते में दो लाख रुपए जमा कराए गए। शाखा प्रबंधक ज्ञान सिंह ने बताया गया कि उनकी बैंक के ग्राहक गंगाराम सुपुत्र रामनाथ निवासी कपूरपुर बरगावां की मृत्यु अप्रैल माह में सड़क दुर्घटना में हो गई थी। मृतक गंगाराम ने पूर्व से पीएम सुरक्षा बीमा पॉलिसी कराई थी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को मृतक की पत्नी गंगा देवी के खाते में बैंक द्वारा दो लाख रुपए हस्तांतरित कर दिए गए हैं।

### दबंग के खिलाफ की शिकायत

**लहरपुर देहात, सीतापुर, अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर निवासी अवधेश कुमार शुक्ला ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गुरुवार को गांव के गोलू ने शराब के नशे में धुत होकर उसके दरवाजे पर आकर उसे व उसके घर वालों को गंदी-गंदी गालियां दीं और धमकी दी कि तुम लोगों को गांव में रहने नहीं देंगे।

# एक क्विंटल से अधिक मादक पदार्थ के साथ 9 तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस टीम ने दो गाड़ियों से छह बोरियों में बरामद किया मादक पदार्थ व नकदी

संवाददाता, सीतापुर


मादक पदार्थ की खेप के साथ गिरफ्तार अभियुक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार को कमलापुर थाना के 27 पुलिसकर्मियों पर कार्यवाई के बाद गुरुवार को पुलिस ने नशे की खेप की बरामदगी का खुलासा करते हुए 9 तस्करों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। गिरफ्तार तस्करों के कब्जे से पुलिस ने दो कारों से कुल 1 कुंतल 4 किलो अवैध मादक पदार्थ को बरामद कर जब्त किया है। पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करते हुए जेल भेजने की कार्यवाई की है।

पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि कोतवाली देहात इलाके में मुखबिर की सूचना पर स्वाट की संयुक्त टीम ने सीतापुर-लखीमपुर रेलवे क्रासिंग पर चेकिंग के दौरान कसरैला की तरफ से आ रही दो संदिग्ध वाहनों को रोककर जमा तलाशी की तो दोनों कारों में सवार कुल 9 लोगों को हिरासत में लेकर टोयोटा इटियोस यूपी 32 केके 4970 व हुंडई क्रेटा यूपी 32 जेपी 9101 से अलग-अलग 06 बोरियों में कुल 01 क्विंटल 04 किलो 847 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया पुलिस का दावा है कि इन तस्करों के की जमा तालाशी में रास्ते में विक्रय किये हुए गांजा से मिली 52,हजार रूपये की नकदी व एक इनोवा क्रिस्टा बिना नंबर प्लेट थाना खैराबाद में सीज की गयी है। एसपी ने बताया कि बरामद मादक पदार्थ की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब तीस लाख रुपये आंकी जा रही है। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के खिलाफ केस दर्ज किया जा रहा है।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में देवेन्द्र उर्फ मोनू शुक्ला, अनुज कुमार द्विवेदी, आशीष शुक्ला, अमित कुमार दीक्षित, विवेक तिवारी, सुभाष तिवारी, अनुराग अवस्थी, प्रसून तिवारी व शिवम द्विवेदी शामिल हैं।

### पुलिस टीम को 25 हजार का इनाम

बड़ी मात्रा में खेप को बरामद करने में लगी पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने प्रशंसा की है। एसपी ने स्वाट और कोतवाली देहात पुलिस टीम को इस कार्यवाई के एवज में 25 हजार रुपये नगद इनाम की घोषणा की गयी है।

# बैलेट बॉक्स के साथ कवर भी रखें : डीएम

## पंचायत उपचुनाव को लेकर अधिकारियों को दिए गए निर्देश

संवाददाता, सीतापुर


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम अभिषेक आनंद।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत के रिक्त पदों पर मतदान एवं मतगणना सकुशल सम्पन्न कराये जाने के संबंध में बैठक हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिये कि जहां-जहां मतदान होना हैं, उन मतदान केन्द्रों पर जो भी कमियां उसे दूर किया जायें तथा मतदान केन्द्रों पर प्रकाश, स्वच्छ पेयजल एवं शौचालय आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। मतदान में लगने वाली सामग्री को देख लें, सभी सामग्री उपलब्ध रहें। यदि क्रय करने की आवश्यकता हैं तो ससमय क्रय कर ली जाये।

उन्होंने एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी को निर्देश दिये कि मतदान के समय पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए वाहनों की आवश्यकता होगी तथा रूटचार्ट तैयार कर लें, जिस प्रकार के वाहनों की आवश्यकता हो, उसकी मांग कर ली जाये। उन्होंने कहा कि जिस गांव में मतदान हों, वहां के कर्मचारियों की ड्यूटी न लगायी जाये। मतगणना के लिये हाल चिन्हित कर लें तथा जहां पर मतगणना होनी है, वहां पर बैरीकेटिंग अवश्य की जाये ताकि कोई अव्यवस्था न उत्पन्न हो। बैलेट बाक्स की जानकारी करते हुये कहा कि बैलेट बाक्स के साथ बैलेट कवर भी साथ रखे जायें।

जिलाधिकारी ने पोलिंग पार्टियों की रवावनी की स्थिति की जानकारी लेते हुये कहा कि हरगांव में रवानगी हेतु कोई स्कूल चिन्हित कर लें, जहां से रवानगी हो सके तथा स्ट्रांग रूम जहां बनाये जाने हैं, वहां भी जगह का चिन्हीकरण कर लें। अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने संबंधित को निर्देश दिये कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है, उनकी ड्यूटी न काटी जाये तथा योग्य लोग ही ड्यूटी के लिये रखें। उन्होंने पुलिस विभाग से कहा कि मतदान के समय पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती रखी जाये ताकि कोई परेशानी न हो। सभी को निर्वाचन शांतिपूर्ण, सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना है। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# थाने के पीछे बने घर में चोरी से मोहल्ले में हड़कंप

**थानगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** बुधवार की रात चोरों ने एक घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। गृहस्वामिनी पिछले कई दिनों से बीमार थीं। जिससे उनका लखनऊ में इलाज चल रहा था। इस बीच गृह स्वामिनी का 24 वर्षीय पुत्र जुबेर अकेला घर के बरामदे में सोया हुआ था। कि बुधवार की रात्रि के किसी पहर में बेखौफ चोर पड़ोसी की छत के सहारे अंदर प्रवेश कर गए। जहां कमरे का दरवाजा तोड़कर बक्से के अंदर रखे सोने-चांदी के कीमती जेवरात व 15,000 रुपये चोरी कर भाग निकलने में सफल हो गए। घर में सो रहे जुबेर को घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह नींद खुलने पर हो पाई। उपरोक्त घटना थाने के पीछे हिस्से से चंद कदमों की दूरी पर होने से मोहल्ले में हड़कंप मचा हुआ है। थानगांव (कटरा) निवासिनी पीड़िता रजाकुन पत्नी रमजान ने घटना के सम्बन्ध में पुलिस को तहरीर दे दी है। थानगांव पुलिस ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# आधी रात को भैंस खोल ले गए चोर

**इमलिया, सुल्तानपुर, अमृत विचार।** काजीकमालपुर चौकी क्षेत्र से बुधवार की रात अज्ञात चोर एक घर के बाहर बंधी भैंस को खोल ले गए। जिसकी सूचना पीड़ित ने काजीकमालपुर चौकी पुलिस को दी है। इमलिया सुल्तानपुर थाने की काजीकमालपुर चैकी क्षेत्र के टिकरा- जार गांव निवासी श्रीराम बुधवार की रात अपने घर में सो रहे थे और उनके घर के बाहर उनकी भैंस बंधी हुई थी। पीड़ित के अनुसार रात करीब 12 बजे अज्ञात चोरों ने उनकी भैंस को खोल लिया और फरार हो गए। वहीं मामले को लेकर जब काजीकमालपुर चौकी प्रभारी रामआसरे चौधरी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि भैंस चोरी की सूचना अभी हमें नहीं मिली है।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!

मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
पता : लाल कुआँ, मेन रोड (हुसैन गंज) लखनऊ
हर बुधवार सीतापुर में रोडवेज बस अड्डा के पास

# पीएम आवास दिलाए जाने की मांग

लहरपुर देहात, सीतापुर


उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देने आए ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पूरनसरायं मजरा छतांगुर के एक दर्जन ग्रामीणों ने गुरुवार को उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच व प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने की मांग की।

गुरुवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम पूरनसंराय मजरा छतांगुर विकास खंड बेहटा के रामभूषण, प्रमुख, खेमकरण, बेचेलाल, कौशल, खेमन, गिरिबर, छत्रपाल, पप्पू, सीताराम, राम प्रसाद, रमेश आदि ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह सभी काफी गरीब, झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले तथा मेहनत मजदूरी करके किसी तरह अपने परिवार का जीवन यापन करते हैं। वर्तमान ग्राम प्रधान मनोज नाग, सेक्रेटरी गौरव मिश्रा, पंचायत मित्र सिद्दीक, प्रधान कार्यकर्ता मुसरुद्दीन ने मिलकर उपरोक्त लोगों को प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर पांच-पांच हजार रुपए ले लिए और अभी तक किसी को भी प्रधानमंत्री आवास नहीं दिया, जबकि गांव के अपात्र जिनके पक्के मकान बने हुए हैं, उनसे पैसे लेकर उनको आवास दे रहे हैं।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि, इससे पहले भी कई बार शिकायतें की जा चुकी है लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही अथवा जांच भी नहीं हुई है।

# मानदेय न मिलने से आक्रोशित रोजगार सेवकों ने काटा हंगामा

पिसावां, सीतापुर

**अमृत विचार।** मनरेगा प्रगति में लापरवाही के चलते खंड विकास अधिकारी ने 40 ग्राम रोजगार सेवकों का तीन माह का मानदेय रोक दिया था, जिसको लेकर गुरुवार को संगठन के जिला अध्यक्ष अजेंद्र दीक्षित की अगुवाई में रोजगार सेवकों ने ब्लाक का घेराव करते हुये धरना-प्रदर्शन किया।

संगठन के जिला अध्यक्ष अजेंद्र दीक्षित ने बताया कि 20 जुलाई को शासन द्वारा तीन सौ करोड़ व 120 करोड़ मनरेगा कर्मिकों के मानदेय व ईपीएफ भुगतान हेतु धनराशि उपलब्ध करायी गयी थी परन्तु विकास खण्ड कार्यालय द्वारा चालीस रोजगार सेवकों का मानदेय नहीं दिया गया।

करीब 3 घंटे चले धरना प्रदर्शन के बाद खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार यादव ने संगठन के पांच सदस्यीय प्रतिनिध मंडल को वार्ता के लिये बुलाया। वार्ता के दौरान खण्ड विकास अधिकारी ने कहा, दस दिनों के अंदर अपनी मनरेगा प्रगति रिपोर्ट में सुधार लायें, तभी मानदेय दिया जायेगा। सुधार न लाने की स्थिति में मानदेय रिलीज नहीं किया जायेगा। जिस पर सहमति जताते हुये संगठन के जिला अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी लोग मनरेगा प्रगति रिपोर्ट में सुधार लायेंगे। जिसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद लहरपुर-सीतापुर

पत्रांक सं0 29/न0पा0परि0ल0/दा0खा0/(2024–25) दिनाँक 20/07/2024

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा निम्नलिखित भवन के स्वामियों/क्रेतागणों तथा अन्य सहव्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि निम्न भवनों के नाम परिवर्तन/कर निर्धारण की कार्यवाही कर–विभाग, नगर पालिका परिषद लहरपुर में विचाराधीन है। सम्बन्धित पक्षों को धारा 147 व धारा 143 (1) की नोटिस भेजी जा चुकी है। आपत्तिकर्ता सम्पूर्ण प्रमाण सहित विज्ञापन प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिन के अन्दर अपना पक्ष/आपत्ति नगर पालिका परिषद लहरपुर कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा सनियम कार्यवाही करते हुये प्रकरण निस्तारित कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 | मोहल्ला | वर्तमान नाम | नामान्तरण/कर निर्धारण हेतु प्रस्तावित नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 24 का अंश भाग | बदायूंटोला | स्वाती गौड़ पत्नी सलभ गौड़ व विशेष गौड़ पुत्र सलभ गौड संरक्षिका माता स्वाती गौड, श्रीमती रेनू गौड पत्नी अशोक गौड़ व नरेन्द्र गौड़ पुत्र ब्रम्हादीन गौड़, विभोर गौड़ पुत्र ऋषि कुमार गौड़ | पंजीकृत बैनामा के अनुसार– नगमा बानों पत्नी मो0 इब्राहिम सिद्दीकी नि0मो0 बाजदारीटोला कस्बा लहरपुर |
| 2 | 418 का अंश भाग | शेखटोला | मो0 जब्बार, शब्बन, तब्बन व बब्बन पुत्रगण स्व0 अ0 सत्तार व शहजहां पत्नी अ0 सत्तार | पंजीकृत दानपत्र के अनुसार– हुस्ना पत्नी मो0 अकमल नि0मो0 नक्कारचीटोला कस्बा लहरपुर |
| 3 | 171 | काजीटोला | बदलू, मूलचन्द्र पुत्र मंहगे | वरासत के अनुसार– मायादेवी पत्नी मूलचन्द्र नि0मो0 काजीटोला कस्बा लहरपुर |
| 4 | 04 | कटरा | श्रीमती शकीना पत्नी कयामुद्दीन | पंजीकृत बैनामा के अनुसार– शबा पत्नी सलाउद्दीन नि0मो0 कटरा कस्बा लहरपुर |
| 5 | 300 | ठठेरीटोला | छेद्दू पुत्र बकरीदी | वरासत के अनुसार– रफीक पुत्र स्व0 खलील अहमद उर्फ छेद्दू नि0मो0 ठठेरीटोला कस्बा लहरपुर |
| 6 | 276 | बेंहटी | अनन्त राम शुक्ला पुत्र कृपाराम | वरासत के अनुसार– अतुल कुमार शुक्ला पुत्र अनन्तराम नि0 मो0 अम्बरसराय कस्बा तहसील लहरपुर |
| 7 | 16 | बहलोलपुर | जफर खां पुत्र स्व0 अ0 गनी खां | पंजीकृत बैनामा के अनुसार– मो0 हसीन खां पुत्र अ0 रसीद खां नि0मो0 बहलोलपुर कस्बा लहरपुर |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद लहरपुर–सीतापुर**

## घपला — रामपुर मथुरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत धमौडा का मामला

# मिट्टी पटाई के नाम पर किया लाखों का भुगतान

संवाददाता,रामपुर मथुरा, सीतापुर


पंचायत भवन। अमृत विचार


साधन सहकारी समिति। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास क्षेत्र रामपुर मथुरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत धमौडा में मिट्टी पटाई के नाम पर लाखों रुपये निकाले गए। धमौडा प्रधान रमेश वर्मा ने साधन सहकारी समिति तथा पंचायत भवन जो पास में ही है, में मिट्टी पटाई का कार्य लगभग चार माह पूर्व किया था।

ग्रामीण लवकुश ,सुशील, मेवालाल, रामगोपाल, जयशंकर ने बताया कि लगभग 4 महीने पहले 100 ट्रॉली मिट्टी डलवाई गई थी। इन लोगों ने बताया कि एक व्यक्ति खड़े होकर ट्राली वाले को पर्ची दे रहा था, जो ग्राम पंचायत चंदौली के शिवराज के ट्रैक्टर ट्राली व मिट्टी खोदने वाली मशीन से ठेके पर डलवाई गई थी। जिसको सुजातपुर के प्रमोद के द्वारा ट्रैक्टर-डोलो से बराबर कराया गया था। आरोप है कि प्रधान व सेक्रेटरी द्वारा फर्जी लेबर व नाम दिखाकर लगभग तीन लाख रुपये का घोटाला किया गया है। वहीं आरआर सेंटर में भी मिट्टी पटाई के नाम पर लाखों रुपये का भुगतान फर्जी तरीके से कुछ लोगों के नाम निकालकर बंदर-बांट कर लिया गया है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी रामपुर मथुरा संदीप कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


आर आर सेंटर। अमृत विचार

# एआरटीओ कार्यालय में पकड़े गए पांच दलाल

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के निर्देश पर गुरुवार को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुनील कुमार सिंह ने थानाध्यक्ष खैराबाद के साथ कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी का औचक निरीक्षण किया। जिसमें पांच बाहरी व्यक्ति बब्लू उर्फ आफताब, दीपू राठौर, विनय, अजय कश्यप व पमिप कार्यालय में दलाली का कार्य करते पाये गये। जिन्हें पकड़कर थाना खैराबाद भेजा गया है। अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने बताया कि उपरोक्त पकड़े गये दलालों के विरुद्ध थाना खैराबाद में प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत कराने के लिए कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी के कर्मचारियों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

आक्रु श्मानो नाक्रोशेन्मन्युरेव तितिक्षतः।
आक्रोष्टारं निर्दहति सुकृतं चास्य विन्दति॥

अपनी बुराई सुनकर भी जो स्वयं बुराई न करें, उसे क्षमा कर दें। इस प्रकार उसे उसका पुण्य प्राप्त होता है और बुराई करने वाला अपने कर्मों से स्वयं ही नष्ट हो जाता है।

## संपादकीय

# परीक्षाओं की शुचिता

प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और पेपर लीक के मामले उजागर होने से स्वाभाविक है कि परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं पर सवाल उठते हैं। साथ ही परीक्षार्थियों को निराशा और तनाव का भी सामना करना पड़ता है। क्योंकि पेपर लीक होने से उनके करियर की उम्मीदों को आघात पहुंचता है। हाल में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए की ओर से कराई जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) में पेपर लीक से देश के लाखों विद्यार्थियों के विश्वास को धक्का पहुंचा है। देश में पेपर लीक की घटनाओं को रोकना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। परीक्षाओं की विश्वसनीयता को लेकर केंद्र और राज्य सरकारें चिंतित भी हैं। इसी के मद्देनजर केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2024 लागू किया है, जिसकी अधिसूचना पिछले माह जारी की गई थी। नीट-यूजी के मामले में केंद्र सरकार ने कुछ तात्कालिक कदम उठाए हैं। नया कानून लागू करने के साथ ही इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है और कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लीक पर अंकुश लगाने के लिए नया कानून बनाया है। बुधवार को बिहार सरकार ने भी प्रदेश लोक परीक्षा (पीई) अनुचित साधन निवारण विधेयक, 2024 विधानसभा में पारित किया है। दरअसल बिहार सरकार ने इसकी तात्कालिक जरूरत इसलिए समझी, क्योंकि नीट-यूजी मामले के तार वहां से भी जुड़े थे। यह कहना गलत नहीं होगा कि ज्यादातर पेपर लीक मामले के तार बिहार से जुड़े रहते हैं।

अब कुछ अन्य राज्य भी इस तरह का कानून बनाने पर विचार कर रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से बनाए गए कानूनों में प्रवेश व प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और पर्चा लीक के दोषियों को सजा के कड़े प्रावधान किए गए हैं। अब सवाल यह भी उठता है कि क्या हर राज्य में अलग-अलग कानून बना देने से पेपर लीक मामलों पर अंकुश लग पाएगा? क्या ये कदम छात्रों और अभिभावकों की परेशानी दूर करने के लिए काफी हैं? हमें समझना होगा यह कवायद मात्र रोग के लक्षणों का उपचार करना है। मूल समस्या कहीं अधिक गहरी है और इसकी जड़ों पर प्रहार करने की जरूरत है। सुनिश्चित करना होगा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में कुशल प्रतिभाओं का चयन हो और यह तभी संभव होगा, जब इन परीक्षाओं की शुचिता कायम रखी जाए। हर महत्वपूर्ण संस्थान और एजेंसी के कार्य तभी उत्तम स्तर के होंगे, जब सुयोग्य व्यक्तियों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। साथ ही परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने संबंधी कानूनों पर कड़ाई से अमल सुनिश्चित करना जरूरी है।

# आर्थिक और स्वास्थ्य सर्वेक्षणों का स्रोत है जनगणना



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के शोधकर्ताओं को जनन दर और आंतरिक प्रवास के रुझानों का अध्ययन करना विशेष रूप से कठिन लग रहा है, क्योंकि पिछले एक दशक में भारतीय समाज में बहुत बदलाव आया है। 2011 से ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में तेजी से पलायन हुआ है।

आर्थिक सर्वेक्षण के आधार पर केंद्र सरकार ने बजट संसद में प्रस्तुत कर दिया है,किंतु 2011 के बाद अभी भी विलंबित जनसंख्या सर्वे के कारण तमाम संकेतकों का सही निर्धारण इसलिए संभव नहीं है कि सरकार के पास इनके लिए अद्यावधि आंकड़े नहीं हैं। सांख्यिकीविदों का कहना है कि इनके अभाव में जनन, प्रवास और स्वास्थ्य परिणामों पर अध्ययन अविश्वसनीय हो गए हैं। इस बाबत एक विस्तृत रिपोर्ट अभी विगत 18 जुलाई,24 को मशहूर ब्रितानी जर्नल नेचर में छपी है। एक उदाहरण हौज खास दक्षिणी दिल्ली का दिया गया है,जो आज तो एक आकर्षक जगह है और अमीर शहरी लोगों के वहां आवास हैं, किंतु 2011 में जब भारत की आखिरी जनगणना हुई थी, तब इस इलाके के कुछ हिस्सों को ग्रामीण इलाके में वर्गीकृत किया गया था।

शोधकर्ताओं का कहना है कि नवीनतम राष्ट्रीय जनगणना आयोजित करने में देरी, जिसे 2021 में कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित कर दिया गया था, समय का अभी तक पुनर्निर्धारण नहीं किया गया है। जाहिर है कई महत्वपूर्ण डेटा सेट पुराने हो गए हैं। जनसंख्या और सांख्यिकी विशेषज्ञों का कहना है कि अपडेट की गई जनगणना के बिना,उम्र बढ़ने से लेकर शहरी प्रवास तक हर चीज पर उनके विश्लेषण अब अविश्वसनीय हो गए हैं।

दिल्ली स्थित 'सांख्यिकी स्थायी समिति' के अध्यक्ष प्रोनब सेन कहते हैं,"जनगणना करवाना अब सबसे महत्वपूर्ण है,अन्यथा हमारे सभी सर्वेक्षण डेटा संदिग्ध होने जा रहे हैं।" यह समिति सरकार को उसके सांख्यिकीय सर्वेक्षणों पर सलाह देती है। जनगणना भारतीय आबादी के बारे में व्यक्तिगत घरों के स्तर तक की जानकारी का भंडार उपलब्ध कराती है। सरकारें टीकों से लेकर स्कूलों और अनाज राशन तक की योजना बनाने और संसाधनों को आबंटित करने के लिए इसी डेटा भंडार का उपयोग करती हैं। यह आर्थिक और स्वास्थ्य रुझानों पर कई अन्य सर्वेक्षणों और विश्लेषणों के लिए सत्यापन का स्रोत भी है। यू.के. के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के जनसांख्यिकीविद् आशीष गुप्ता के अनुसार यदि समय से जनगणना नहीं

दिल्ली स्थित 'सांख्यिकी स्थायी समिति' के अध्यक्ष प्रोनब सेन कहते हैं,"जनगणना करवाना अब सबसे महत्वपूर्ण है,अन्यथा हमारे सभी सर्वेक्षण डेटा संदिग्ध होने जा रहे हैं।" यह समिति सरकार को उसके सांख्यिकीय सर्वेक्षणों पर सलाह देती है। जनगणना भारतीय आबादी के बारे में व्यक्तिगत घरों के स्तर तक की जानकारी का भंडार उपलब्ध कराती है।

होती है तो इससे सामाजिक विज्ञान और भारतीय समाज को समझने की हमारी क्षमता बुनियादी तौर पर प्रभावित होगी। हालांकि 1.4 अरब लोगों की जनगणना करना एक बहुत बड़ा काम है और इसके शुरू होने से पहले, एक आवासीय जनगणना होती है,जिसमें जनगणना करने के लिए प्रशिक्षित लोग,जिन्हें गणनाकर्ता कहा जाता है, हर घर को मानचित्र पर चिह्नित करते हैं। वे प्रत्येक आवास के प्रकार और उसमें इस्तेमाल की गई सामग्री के बारे में विवरण एकत्र करते हैं। घरों की सूची जनसंख्या जनगणना के लिए एक आधार तैयार करती है,जिसमें गणनाकर्ता हर घर में जाते हैं और प्रत्येक सदस्य की आयु, शिक्षा के स्तर और क्या वे हाशिए पर पड़े समूह से संबंधित हैं या नहीं, सहित विवरण एकत्र करते हैं। वे क्षेत्र में पहले से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी विवरण भी दर्ज करते हैं,जैसे कि पेयजल आपूर्ति और विद्युतीकरण की स्थिति।

2011 की जनगणना को पूरा करने के लिए लगभग 27 लाख गणनाकर्ताओं ने कई हफ्तों के दौरान 24 करोड़ घरों में लोगों के साथ आमने-सामने साक्षात्कार किए थे। फिर एकत्रित अद्यावधि आंकड़ों को समुचित अध्ययन मनन के कुछ साल बाद प्रकाशित किया जाता है। 2021 की प्रस्तावित जनगणना कागज आधारित फॉर्म के बदले मोबाइल ऐप से होने वाली पहली जनगणना होती,लेकिन सितंबर 2020 में,सरकार ने कोविड-19 महामारी के कारण जनगणना को स्थगित कर दिया और अभी भी कोई नई तारीख तय नहीं की गई है। नई जनगणना के लिए पर्याप्त समय बीत चुका है। इसी वर्ष की शुरुआत में दिल्ली में रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त का कार्यालय, जो जनगणना की देखरेख करता है, द्वारा प्रशासनिक व्यवस्थाओं के इंतजाम को स्थगित कर दिया,जो वस्तुतः जनगणना होने से पहले होने चाहिए। विगत अप्रैल से जून 2024 तक राष्ट्रीय चुनाव के बाद यह स्थगन समाप्त हो जाना चाहिए था। नेचर जर्नल की न्यूज टीम ने रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त के कार्यालय से इस बारे में टिप्पणी के लिए संपर्क किया कि जनगणना क्यों नहीं हुई,लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

शोधकर्ताओं का कहना है कि वे अद्यतन जनगणना आंकड़ों के बिना भी अनेक मानदंडों के 'राष्ट्रीय रुझानों' के अनुमान लगा सकते हैं, लेकिन क्षेत्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर ये अनुमान कम विश्वसनीय हो जाते हैं। दरअसल इस बात का ठीक-ठाक अंदाजा तो है कि भारत में कितने लोग हैं,लेकिन यह पता नहीं कि वे कहां हैं। जनगणना आंकड़े जन्म और मृत्यु के साथ-साथ आर्थिक संकेतकों,जैसे कि बेरोजगारी से लेकर गरीबी और खपत, स्वास्थ्य और जनन क्षमता से लेकर बाल मृत्यु दर और कुपोषण पर अधिक विस्तृत और नियमित सरकारी सर्वेक्षणों के लिए आधार तैयार करते हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि अद्यतन जनगणना डेटा के बिना, इन सभी गतिविधियों पर विश्वसनीय रणनीति नहीं बन पाएगी,जिससे पूर्वाग्रह पैदा होंगे। उदाहरण के लिए जिन क्षेत्रों में जनसंख्या बढ़ी है, उनका प्रतिनिधित्व कम होगा और जिन क्षेत्रों में जनसंख्या घटी है,उनका प्रतिनिधित्व अधिक हो सकता है।

न्यू ऑर्लीन्स के टुलेन विश्वविद्यालय में विजिटिंग स्कॉलर तथा भारत के मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक,जनसांख्यिकीविद् के.एस.जेम्स, जो देश में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण का संचालन करते हैं,कहते हैं कि भारत एक बहुत अधिक सर्वेक्षण निर्भर देश है। क्योंकि इसकी प्रशासनिक डेटा प्रणाली की गुणवत्ता बहुत खराब है। जनगणना के आंकड़ों पर आधारित इन सर्वेक्षणों की गुणवत्ता यह समझने के लिए महत्वपूर्ण है कि क्या देश ने विभिन्न संकेतकों पर प्रगति की है-उदाहरण के लिए, क्या शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल नीतियों ने हाशिए के समुदायों के लिए अंतर को पाटा है या युवा लड़कियों में मृत्यु दर को कम किया है,जो अध्ययनों में युवा लड़कों की तुलना में अधिक है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के शोधकर्ताओं को जनन दर और आंतरिक प्रवास के रुझानों का अध्ययन करना विशेष रूप से कठिन लग रहा है, क्योंकि पिछले एक दशक में भारतीय समाज में बहुत बदलाव आया है। 2011 से ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में तेजी से पलायन हुआ है। साथ ही महामारी के दौरान शहरी प्रवासियों की ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वापसी हुई है। इसलिए यह कहना मुश्किल है कि अभी भारतीय आबादी का कितना हिस्सा शहरी क्षेत्रों में रह रहा है। पुराने जनगणना आंकड़ों का उपयोग करने का मतलब है कि अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में 10 करोड़ से अधिक लोग सरकारी खाद्य सब्सिडी से बाहर हैं। शोधकर्ता यह सुनिश्चित करने के लिए भी जनगणना का उपयोग करते हैं कि उनके अपने छोटे सर्वेक्षण और सैंपल साइज बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

भारत चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित मतदाता सूची को राज्य या राष्ट्रीय चुनाव से पहले अनिवार्यतः अपडेट किया जाता है। आईआईटी दिल्ली में सार्वजनिक नीति शोधकर्ता और पीएचडी छात्र कृष्ण चक्रवर्ती का मंतव्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जनगणना की अनुपस्थिति में यह वास्तव में एक बहुत अच्छा नमूना फ्रेम है,लेकिन यह व्यक्तियों की नहीं, बल्कि घरों की पहचान करने की प्राथमिकता तक सीमित है। चक्रवर्ती उन तकनीकों का भी आकलन कर रहे हैं,जो किसी दिए गए क्षेत्र में इमारतों और अन्य भू-स्थानिक सूचनाओं का मिलान करने और आबादी के आकार और घनत्व को निर्धारित करने के लिए उपग्रह मानचित्रों पर निर्भर हो सकती है,लेकिन अपडेट किए गए जनगणना डेटा के बिना, उन डेटा सेटों की सटीकता की पुष्टि करना मुश्किल है।

## प्रसंगवश

# गठबंधन धर्म की मजबूरी

बीते दिना भारत का बजट संसद में वित्त मंत्री द्वारा पेश किया गया,जिसे प्रधानमंत्री द्वारा विकास को नई उंचाई देने तथा समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला बताया गया है। सत्ता पक्ष ने इस पर हर्ष और विपक्ष ने आक्रोश व्यक्त कर बजट की परंपरा बरकरार रखी है।

मुझे आर्थिक नीतियों की समझ अधिक नहीं है,इस बजट से देश की आर्थिक प्रगति होगी भी या नहीं, मुझे ज्ञात नहीं,मैं देशवासियों पर लगने वाले आयकर की बात करता हूं। पहले 3 लाख तक की आय कर मुक्त थी,अब भी है तथा 10 लाख से ऊपर की आय पर पुराना ही आयकर है। तीन से 10 लाख तक की आय के कर में निम्न बदलाव है। पहले 3-6 लाख रुपये तक 5 प्रतिशत। अब 3-7 लाख रुपये तक 5 प्रतिशत, 6-9 लाख रुपये तक 10 प्रतिशत। 7-10 लाख रुपये तक 10 प्रतिशत,10 लाख रुपये पर 15 प्रतिशत। इसे यदि हम जोड़े तो आयकर दाताओं को इस बजट से मात्र 10 हजार रुपये की वार्षिक बचत होगी। इस एक वर्ष में बढ़ी महंगाई का हिसाब रखें तो आमदनी कहां बढ़ी? इस 10 हजार रुपये के लिए ही आम कर दाताओं को वित्तमंत्री जी को बधाई देने तथा वर्षभर थाली बजानी पड़ेगी। मनमोहन सिंह के शासन में भाजपा 5 लाख तक की आय को कर मुक्त किए जाने का शोर करती थी,उनके जाने के 10 वर्ष बाद भी शून्य आयकर का खूंटा 3 लाख पर ही गड़ा है। सेवानिवृत्त होकर गांव में कृषि कार्य करता हूं। वर्ष 2022 तक किसान की आय दुगुना करने की बात कही गई थी,जो नहीं हुई और आज इस बजट में भी कृषकों की आय बढ़ने के सार्थक प्रयास नजर नहीं आ रहे हैं।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

इंदिरा गांधी जी के प्रधानमंत्रित्व में बजट पेश किए जाने पर तत्कालीन सांसद तारकेश्वरी सिन्हा द्वारा संसद में कहे गए एक शेर को दोहरा रहा हूं। "बहुत शोर सुनते थे पहलू में दिल का, जो चीरा तो कतरा-ए-खूं भी न निकला।" बजट में भाजपा शासित राज्यों को तो कोई खास लाभ नहीं मिला,लेकिन गठबंधन वाले दल के राज्य आंध्र प्रदेश और बिहार को अच्छा पैकेज देकर प्रसन्न करने का प्रयास किया गया है,जो गठबंधन धर्म की मजबूरी भी है।

# जानवरों का कब्रगाह बना काजीरंगा



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

पिछले कुछ सालों से जिस तरह सें ब्रह्मपुत्र व उसकी सहायक नदियों में बाढ़ आ रही है,वह हिमालय के ग्लेशियर क्षेत्र में मानवजन्य छेड़छाड़ का ही परिणाम हैं।

एक सींग के गैंडे और रायल बंगाल टाइगर यानी बाघ के सुरक्षित ठिकानों के लिए मशहूर यूनेस्को द्वारा संरक्षित घोषित काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के लगभग 90 फीसदी हिस्से में इस समय पानी भर गया है। जानवर सुरक्षित ठिकाने की तलाश में गहरे पानी में हरसंभव थककर हताश होने की हद तक तैरते हैं, दौड़ते हैं, दलदली जमीन पर थककर लस्त हो जाते हैं। या तो पानी उन्हें अपने आगोश में ले लेता है या फिर भूख। कुछ बचकर बस्ती की तरफ दौड़ते हैं तो सड़क पर तेज गति वाहनों की चपेट में आ जाते हैं तो हॉग हिरण (पाढ़ा) जैसे पशु शिकारियों के हाथों मारे जाते हैं। बाढ़ के पानी में डूबने से अब तक 10 एक सींग वाले दुर्लभ गैंडों सहित 200 वन्य प्राणियों की मौत हो गई है। इनमें 179 हॉग हिरण, 3 दलदल हिरण, 1 मकाक, 2 ऊदबिलाव, 1 स्कोप्स उल्लू और 2 सांभर हिरण शामिल हैं। दो हॉग हिरणों की मौत राष्ट्रीय राजमार्ग पार करने की कोशिश करते समय वाहनों की चपेट में आने से हो गई। यह आंकड़े तो उन इलाकों से हैं, जहां पानी नीचे उतरा है।

यहां की जैव विविधता विलक्षण है। 41 फीसदी इलाके में ऊंची घास है, जो हाथी, हिरण के लिए मुफीद आसरा है। 29 फीसदी पेड़,11 प्रतिशत छोटी झाड़ियां हैं। आठ फीसदी इलाके में नदियां व अन्य जल निधियां व चार प्रतिशत में दलदली जमीन। अर्थात हर तरह के जानवर के लिए उपयुक्त भोजन और परिवेश। इस बार बरसात सामान्य ही है फिर भी विशाल नदी ब्रह्मपुत्र के दक्षिणी बाढ़ प्रभावित इलाके में बसे कांजीरंगा के जानवरों के लिए काल बनकर आई है। वैसे यहां सन् 2016 में कोई डेढ़ हैक्टर क्षेत्रफल वाले 140 ऐसे ऊंचे टीले बनाए गए थे, जहां वे पानी भरने के हालात में सुरक्षित आसरा पा सकें। ये टीले चार से पांच मीटर ऊंचाई के हैं। पार्क के भीतर स्थापित 183 सुरक्षित ठिकानों में से 70 जलमग्न हो चुके हैं। बाढ़ के कारण विभिन्न वनांचलों में स्थित 233 फॉरेस्ट कैंपों में से 56 कैंप अभी भी बाढ़ के पानी की चपेट में हैं। बोकाहाट व विश्वनाथ वन मंडल के आगरटोली, कोहोरा, बागोरी, बूरा पहाड़ क्षेत्र में कई-कई फुट गहरा पानी है। यहां सबसे बड़ी समस्या है कि पानी से बचने के लिए जानवर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ जाते हैं और वहां तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आ जाते हैं। हालांकि प्रशासन ने वाहनों की गति सीमा की चेतावनी जारी करता है, लेकिन मूसलाधार बारिश में उनको नियंत्रित करना कठिन होता है। वैसे इस संरक्षित पार्क में जानवरों के विचरण के आठ पारंपरिक मार्गों को संरक्षित रखा गया है, लेकिन बाढ़ के पानी ने सब कुछ अस्त-व्यस्त कर दिया है। इस संरक्षित वन के दूसरे छोर पर कार्बी आंगलांग का पठार है। सदियों से जानवर ब्रह्मपुत्र के कोप से बचने के लिए यहां शरण लेते रहे हैं और इस बार भी जिन्हें रास्ता मिला वे वहीं भाग रहे हैं। असम में प्राकृतिक संसाधन, मानव संसाधन और बेहतरीन भौगोलिक परिस्थितियां होने के बावजूद यहां का समुचित विकास न होने का कारण हर साल पांच महीने ब्रह्मपुत्र का रौद्र रूप होता है, जो पलक झपकते ही सरकार व समाज की सालभर की मेहनत को चाट जाता है। जिन जानवरों को बड़े होने, सुरक्षित पर्यावास बनाने में सालों लगते हैं उनका संरक्षण थोड़ी सी बरसात में लाचार नजर आता है। वैसे तो यह नदी सदियों से बह रही है। बाढ़ से निर्मित क्षेत्र ने ही इसे काजीरंगा नेशनल पार्क के लायक मुफीद बनाया है, लेकिन बीते कुछ सालों से इसकी तबाही का विकराल रूप सामने आ रहा है। इसका बड़ा कारण प्राकृतिक जंगल में विकास और प्रबंधन के नाम पर इंसान के प्रयोग भी हैं।

पिछले कुछ सालों से जिस तरह सें ब्रह्मपुत्र व उसकी सहायक नदियों में बाढ़ आ रही है, वह हिमालय के ग्लेशियर क्षेत्र में मानवजन्य छेड़छाड़ का ही परिणाम हैं। बाढ़ का पानी काजीरंगा के जंगलों में ज्यादा दिन ठहरने का ही परिणाम है कि सन 1915 से अभी तक इस जंगल की कोई 150 वर्ग किलोमीटर जमीन कटकर नदी में उदरस्थ हो चुकी है। कभी काजीरंगा का गौरव कहे जाने वाले अरीमोरा फारेस्ट इंस्पेकशन बंगले को तो अभी छह साल पहले ही नदी अपने साथ बहाकर ले गई थी। जंगल की जमीन का सबसे तेज व खतरनाक कटाव आगरटोली रेंज में है। सरकार भले ही इस वन के परिक्षेत्र को बढ़ाने के लिए नए इलाके शामिल कर रही हो, लेकिन हकीकत यही है कि वहां की जमीन साल दर साल कम हो रही है। आज जरूरत है कि नदी तट के लगभग 20 किलोमीटर इलाके में पक्के मजबूज तटबंद या अन्य व्यवसथा लागू कर भूक्षरण को रोका जाए। कई बार जमीन खिसकने से भी जंगली जानवरों को असामयिक काल के गाल में समाना पड़ता है।

## सोशल फोरम

# यात्रा व्रत के नियम

उत्तराखंड में कांग्रेस को अपनी प्राण रक्षा के लिए पद यात्रा की सूझी है और उचित ही सूझी है। उसके सर्वोच्च नेता राहुल गांधी ने पद यात्रा के जरिए ही अपनी पार्टी में आंशिक प्राण प्रतिष्ठा की है। कांग्रेस को एक एनजीओ से बदल कर क्रांतिकारी स्वरुप देने वाले राष्ट्र पिता महात्मा गांधी ने भी दांडी पद यात्रा के जरिए ब्रिटिश हुकूमत की बुनियाद हिला दी थी।

विश्व में अब तक जितने भी धर्म युद्ध और सत्ता युद्ध जीते गए हैं, सब पद यात्रा के जरिए जीते गए। सिकंदर से लेकर माओत्से तुंग और शंकराचार्य से लेकर विनोबा भावे तक की पद यात्रा याद कीजिए। यहां तक कि इस परमाणु युग में भी निर्णायक जीत तभी होती है, जब थल सेना की कोई टुकड़ी पैदल जाकर अपना झंडा फहराती है। कोई भी मिसाइल या विमान यह कार्य नहीं कर सकते। कब्जा पैदल चल कर ही लिया जाता है। सत्ता युद्ध में पद यात्रा का आज भी कोई विकल्प नहीं है,लेकिन आज प्रथम दिन के चित्रों के हवाले से मैं पा रहा हूं कि सभी कांग्रेस पद यात्री खाली हाथ चल रहे हैं। मानो मस्ती करने जा रहा कांवड़ियों का दल हो। उनके झोले अथवा पिट्ठू कहां हैं? दांडी यात्रा के चित्र देखिए। उनमें गांधी समेत हर पद यात्री के कंधे पर झोला है,जिसमे उनके दैनंदिन आवश्यकता का सामान है। मेरे दो निश्चित निष्कर्ष हैं। प्रथम कि कांग्रेस पद यात्रियों के साथ उनका सामान लेकर अन्य वाहन चल रहे हैं। अगर ऐसा है, तो यह अनैतिक और चीटिंग है।



राजीव नयन बहुगुणा
पत्रकार, देहरादून

दूसरा यह है कि कांग्रेसी सिर्फ एक दो दिन के लिए बारी-बारी पद यात्रा का ड्रामा कर रहे हैं। अगर ऐसा है तो इससे उनकी पोल खुलेगी। यात्रा का फल नहीं मिलेगा। अब स्वयं को झोंक देने का वक्त है। भूल जाइए,जब आप सुबह भरपूर नाश्ता करने के बाद 24 घंटे के आमरन अनशन पर बैठते थे और लंच के समय तक उठ जाते थे। आपको यात्रा में शहर की बजाय गांव में ठहरना है। वहीं भोजन करना है। इसके एवज में जहां रुकते हैं,वहां प्रतिदिन दो घंटा श्रम दान, वृक्षारोपण, पाखना सफाई और बर्तन मांजने का काम करना है। जिस कमरे में रुको, वहां झाड़ू पोछा लगाकर जाना है। तभी फल मिलेगा। अन्यथा यज्ञ विध्वंस हो जाएगा।

-फेसबुक वॉल से

# रियल पर हावी वर्चुअल



अरविन्द त्रिपाठी
लखनऊ

आज प्रत्येक परिवार के छोटे से छोटे बच्चे भी मोबाइल के माध्यम से मनोरंजन में व्यस्त हैं। सभी वयस्क जानते हैं कि इंटरनेट के माध्यम से मोबाइल प्रतिबंधित वयस्क सामग्री उपलब्ध कराने का सर्वसुलभ माध्यम है।

इक्कीसवीं सदी में जी रहे हम सभी आजकल आभासी तकनीक से सिक्त "हवा" में जी रहे हैं। ये हवा, जो पक्षियों के उड़ने और सभी जीवों के सांस लेने के लिए आरक्षित थी। आज उसमें विद्यमान संचार तंत्र की तरंगों के परिणामतः "कड़वी हवा" में परिवर्तित होती जा रही है। इन तरंगों का घातक असर पक्षियों के जीनोम और मानव के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती है।

आज के मनुष्य के हवा में चलने, सोंचने और बढ़ने के नतीजे ये हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की सुविधा से लैस मोबाइल और इंटरनेट सेवा ने व्यक्ति की व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक जीवन को बुरी तरह से क्षत-विक्षत कर दिया है। पूरी तरह से आभासी दुनिया के आभामंडल की चकाचौंध से भ्रमित होने के कारण जमीनी वास्तविकताओं से आम आदमी और सरकारों का कोई सरोकार नहीं रहा। आम आदमी महाभारतकाल में दुर्योधन की ही भांति पांडवों के इन्द्रप्रस्थ महल में उत्पन्न मतिभ्रम की स्थिति में है और तकनीक की बागडोर को हाथ में संभाले पांचाली निरंतर उपहास कर रही है। थल को जल और जल को थल मानता आज का मानव वायव्य अदृश्य संचारीय तारों के चंगुल में फंसता जा रहा है। हाल में माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर के डाउन होने के उपरांत हुई असुविधाओं ने मानवीय रियल जीवन की बेचारगी संबंधी इस बात को दावे के साथ सत्यापित भी किया है। रियल पर वर्चुअल की मार के संबंध में ख्यात कवि एवं पत्रकार प्रमोद तिवारी की पंक्तियां आप सबकी नजर-"जिस बात हमें था, उम्र भर गुमान। कुछ और नहीं, बस-हवा का दबाव था।" कभी घर के कोने में रखा काले रंग का चोंगे वाला फोन सामूहिकता का विश्वास दिलाता था।

हम सभी को बहुत से उदाहरण याद होंगे जब एक ही लैंडलाइन फोन पूरे मोहल्ले के लिए संचार का माध्यम हुआ करता था, जिस प्रकार एक टेलीविजन पूरे मोहल्ले के मनोरंजन का साधन था। लैंडलाइन फोन ही नहीं बटन वाले छोटे मोबाइल फोन अब गुजरे जमाने की चीज बन चुके हैं। रंगीन स्क्रीन के इंटरनेट सुविधायुक्त मोबाइल फोन आज प्रतिष्ठा के परिचायक नहीं रहे, बल्कि आज की तेज भागमभाग भरी जिंदगी में अनिवार्य उपकरण बन गए हैं। आज सबकी जेब में औसतन एक मोबाइल फोन निजता और व्यक्तिगत सोंच को बढ़ावा देता है। हजारों नाम और सैकड़ों फोन नंबर याद रखने की क्षमता वाले लोग भी केवल फोन मेमोरी में सेव किए गए नाम और नंबरों पर आश्रित होते चले गए। हमारी याददाश्त में इन नामों और नंबरों के लिए कोई आलमारी नहीं रही। यह सहूलियत नहीं हमारी इस तकनीकी व्यवस्था पर बढ़ती आश्रितता है। मोबाइल के बाद कम्प्यूटर ने हमें अपना आदी बना दिया है। कोरोना ने विद्यालयी शिक्षा के लिए मोबाइल, लैपटॉप और टेबलेट को घर-घर पहुंचा दिया है। इन तकनीकी साधनों के साथ ही पहुंचने वाले अनचाहे गेम, वयस्क वेबसाइटों पर पसरा नीला प्रतिबंधित मैटेरियल, ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध वयस्क फिल्मों और वेब सीरीजों ने बच्चों और किशोरों की सौम्यता और भारतीय परिवारों की संस्कार शिक्षा को क्षत-विक्षत कर दिया है।

आज प्रत्येक परिवार के छोटे से छोटे बच्चे भी मोबाइल के माध्यम से मनोरंजन में व्यस्त हैं। सभी वयस्क जानते हैं कि इंटरनेट के माध्यम से मोबाइल प्रतिबंधित वयस्क सामग्री उपलब्ध कराने का सर्वसुलभ माध्यम है। परंतु अपने जीवन संघर्ष में व्यस्त अभिभावक यह नहीं ध्यान दे पा रहे हैं कि दूषित भाषा और अश्लील दृश्य के माध्यम से परोसा गया अनचाहा मैटेरियल बाल-सुलभ मनोमस्तिष्क में क्रूर, हिंसक और कामुक मनोवृत्ति को बढ़ावा दे रहा है। बच्चों को संस्कार शिक्षा प्रदान करने के स्थान पर बच्चों की वीडियो गेम के लिए मोबाइल की जिद को पूरा करना अभिभावकों की बाध्यता "परिवार" संस्था को अपूर्व क्षति पहुंचा रही है। बच्चों में किशोरावस्था तक आते-आते पढ़ने-याद रखने की प्रवृत्ति, बिना वजह गुस्सा और छोटी असफलता पर भी आत्मघाती रवैया अपनाने, बड़े-छोटे का मान रखने जैसी नैतिकता का लोप हो रहा है।

आज देश की बहुत बड़ी जनता विभिन्न सोशल मीडिया साइटों पर रील और स्टोरी बनाने में व्यस्त है। आम व्यक्ति की ढेरों सूचनाएं आसानी से उपलब्ध हो जा रही हैं। आने वाले समय में विदेशी ध्वंसक शक्तियों के आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित ऐप हमारे परिवारों की निजता पर बड़ा हमला कर सकते हैं। इंटरनेट के माध्यम से विभिन्न प्रकार की ठगी की घटनाएं अब आम होने लगी हैं। साइबर क्राइम रोकने में सरकार पूरी तरह विफल रही है। एक ऐसा स्वदेशी और त्रुटिरहित आपरेटिंग सिस्टम, जिसका नियंत्रण और संतुलन पूरी तरह अभेद्य हो, अत्यंत आवश्यक है ताकि उपरोक्त समस्याओं से बचा जा सके। अन्यथा उधार के सिस्टम का यही हश्र होगा कि जहाज भी हवा में उड़ता रहेगा और जमीन में बैठे परिजन व हवा में उड़ते यात्रियों के साथ ही, सरकार की भी हवाइयां उड़ती ही रहेंगी।

# पासपोर्ट की रैंकिंग में फिसलता भारत

विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका भारत इस दौड़ में आखिर क्यों नीचे जा रहा है। इसका आकलन करना बहुत जरूरी होगा।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

बजट आते ही पक्ष और विपक्ष के आरोप और प्रत्यारोप जारी हैं। देश के अखबार वित्तमंत्री की सराहना कर रहे हैं। महिला उद्यमियों के लिए नए अवसर, आयात शुल्क कम होने से सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट, संसेक्स की गिरावट, और बजट से नाराज कर्मचारियों और किसानों, व्यापारियों और युवाओं की प्रतिक्रियाएं भी स्थानीय अखबारों में स्थान पा रही हैं।

बजट की खूबियों और कमियों की चर्चा के बीच अंतर्राष्ट्रीय स्तर की बड़ी खबर निकल कर आ रही है। हालांकि इसे हाशिए की खबर ही बनाया गया है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स ने दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्टों की 2024 की रैंकिंग जारी की है, जिसमें भारत वैश्विक स्तर पर चला गया है, जो पिछले वर्ष 80 वे स्थान पर था। यह नई रैंकिंग में 2 अंकों की गिरावट दर्शाता है। यह रैंकिंग भारत को 58 देशों की फ्री इंट्री की अनुमति देगी। सिंगापुर ने 2024 की रैंकिंग में दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट के रूप में अपना खिताब फिर से हासिल कर लिया है, जो अपने नागरिकों को प्रभावशाली 195 देशों में बीजा मुक्त या आगमन पर बीजा की सुविधा प्रदान करता है। इनके बाद फ्रांस, इटली, जर्मनी, स्पेन और जापान है। विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका भारत इस दौड़ में आखिर क्यों नीचे जा रहा है। इसका आकलन करना बहुत जरूरी होगा।

# प्रमाण के साथ करें शिकायत, होगी कार्रवाई

## मेरठ व प्रयागराज के सांसदों और विधायकों ने की मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


प्रयागराज मंडल के सांसदों व विधायकों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिकायत न सुने जाने पर जनप्रतिनिधि प्रमाण के साथ शिकायत करें, ऐसे अफसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट करने पहुंचे मेरठ व प्रयागराज मंडल के सांसदों व विधायकों को मुख्यमंत्री ने यह आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव के नतीजों वोट प्रतिशत समेत कई बिन्दुओं पर जानकारी ली। पार्टी के वोट प्रतिशत में कमी आने के कारणों के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांसद-विधायक कार्यकर्ताओं से बेहतर तालमेल बनाए रखें, ताकि पार्टी और मजबूत हो सके। जनता के बीच ज्यादा से ज्यादा रहें। उन्होंने कहा कि ऐसा न करने वाले प्रत्याशी लोकसभा चुनाव हारे हैं। मुलाकात के दौरान कई विधायकों ने अधिकारियों की मनमानी व भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के संरक्षण में अवैध कॉलोनियां विकसित हो रही हैं। विधायकों की अधिकारी सुनते नहीं हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया। सीएम से मुलाकात करने वालों में मेरठ के सांसद अरुण गोविल, राज्यमंत्री केपी मलिक, दिनेश खटीक व सोमेंद्र तोमर, विधायक विजयपाल आढ़ती, एमएलसी अश्वनी त्यागी आदि मौजूद रहे।

# नए अस्पताल शुरू करने के लिए 258 पद सृजित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं गुणवत्ता युक्त बनाने के लिए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर नए अस्पतालों के साथ ही मौजूदा सरकारी अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा है। नवनिर्मित चिकित्सालयों में 258 नए पदों पर भर्ती और नए उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं।

गाजियाबाद में नवनिर्मित 50 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय, विजय नगर (डूडूहेडा), गोरखपुर के बांसगांव में और सिद्धार्थनगर के बांसी में नवनिर्मित 50 शैय्यायुक्त संयुक्त चिकित्सालय को क्रियाशील किए जाने हेतु हर अस्पताल में 58 पदों के हिसाब से कुल 174 पदों का सृजन किया गया है। इसके अलावा राजधानी में गोसाईंगंज एवं काकोरी की नवनिर्मित 50 शैय्यायुक्त एमसीएच विंग की स्थापना के लिए प्रति अस्पताल 42 पदों के हिसाब से कुल 84 पद सृजित किए जाने का अनुमोदन किया गया है। वहीं, आधुनिक उपकरण व संयत्र स्थापित करने के लिए राजधानी स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान को 150 करोड़, देवरिया मेडिकल कॉलेज 1.99 करोड़ रुपये एवं प्रतापगढ़ के सरकारी मेडिकल कॉलेज को दो करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## सार-संक्षेप

### महाकुंभ : 30 परियोजना के लिए 120.75 करोड़ की स्वीकृति

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** केंद्र सरकार का आम बजट जारी होने के बाद प्रयागराज महाकुंभ के लिए शासन की शीर्ष समिति की बैठक में 120 .75 करोड़ रुपये की 30 परियोजनाओं को मंजूरी दे दी गई है। लखनऊ में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में महाकुंभ के लिए जरूरी परियोजनाओं पर चर्चा करने के बाद शीर्ष समिति ने मंजूरी दे दी। इसमें स्वास्थ्य विभाग की सर्वाधिक 19 परियोजनाएं रहीं। इन परियोजनाओं के लिए शासन ने 58 .23 करोड़ रुपये जारी किए। शीर्ष समिति की बैठक में बजट जारी होने के बाद अब महाकुंभ से जुड़े शेष कार्य तेज गति से किए जा सकेंगे।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिये निर्देश

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविंद्र मांदड़ की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। उन्होंने जौनपुर–आजमगढ़ मार्ग पर मेंटेनेंस की कार्यवाही के लिए टेंडर लंबे समय से प्रक्रियाधीन होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही एनएचएआई अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुसार सही करने के निर्देश दिये। जौनपुर–वाराणसी मार्ग पर पौधरोपण कराने, क्षतिग्रस्त डिवाइडर का मरम्मत कराने, जौनपुर–रायबरेली राजमार्ग पर खराब कैटआई को बदलने सहित जौनपुर–सुल्तानपुर मार्ग, जौनपुर–केराकत चंदवक मार्ग, जौनपुर–रामपुर भदोही मार्ग पर हुए सुधारात्मक कार्रवाई के संदर्भ में जानकारी लेते हुये आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। एनएच के किनारे पौधरोपण कराने, सड़कों की मरम्मत, नालों की साफ–सफाई के सन्दर्भ में 10 दिन के अन्दर कार्य पूर्ण होने का प्रमाण पत्र देने के निर्देश दिये। साथ ही सख्त निर्देशित किया कि कार्य में शिथिलता बरते जाने पर कार्यवाही की जायेगी। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट की सूची के सत्यापन के उपरांत जहां कहीं भी कार्य अभी नहीं हुए हैं, वहां पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया जाय। स्कूली वाहनों के संबंध में जानकारी लेते हुए एआरटीओ को निर्देश दिया कि वाहनों का नियमित फिटनेस जांच की जाय। बिना ग्रिल वाली बस नहीं चलनी चाहिए। सेन्ट पैट्रिक स्कूल तथा प्रसाद स्कूल तिराहे के पास सांकेतिक बोर्ड लगाने तथा रम्बल स्ट्रीप बनवाने के निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने एसीएमओ को निर्देशित किया कि एंबुलेंस, फर्स्ट एड किट सहित दुर्घटना की स्थिति में अधिक रक्तस्राव को रोकने हेतु इंजेक्शन भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहने चाहिए। इस अवसर पर एक्सईएन लोक निर्माण विभाग, बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीओ सदर, यातायात निरीक्षक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने कंपोजित विद्यालय का किया निरीक्षण, निर्देश

**संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर गुरुवार को एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने कंपोजित विद्यालय बस्तरा राजा का औचक निरीक्षण कर प्रभारी प्रधानाध्यापक को विद्यालय में अध्यापक की उपस्थिति बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति के साथ एमडीएम के गुणवत्ता व बच्चों के नामांकन आदि के लिए आवश्यक निर्देश प्रभारी प्रधानाध्यापक को दिया है। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान विद्यालय में समय से अध्यापक की उपस्थिति के साथ के बच्चों के लिए बनाए गए एमडीएम का निरीक्षण किया। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया है कि एमडीएम की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। एसडीएम ने विद्यालय में बच्चों के नामांकन व उपस्थित के संबंध में प्रभारी प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया है। इसके बाद हलिया क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भैसौड़ वलाय पहाड़ पंहुचकर बच्चों की उपस्थिति व एमडीएम का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया है एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने बताया कि लालगंज तहसील टास्कफोर्स के अध्यक्ष ने सभी खंड विकास अधिकारी,खंड शिक्षा अधिकारी, तहसीलदार,नायब तहसीलदार, सीडीपीओ एंव आपूर्ति निरीक्षक को भी परिषदीय विद्यालयों में आकस्मिक रूप से जाकर निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। जिससे परिषदीय विद्यालयों में एमडीएम की गुणवत्ता के साथ साथ नामांकन व उपस्थिति बनी रहे।

### कारगिल विजय दिवस की जयंती समारोह पर निकला जुलुस


कारगिल विजय दिवस पर नैनी के अरैल में निकाला गया जुलूस।

**संवाददाता, नैनी, अमृत विचार :** कारगिल विजय दिवस के रजत जयंती समारोह के उपलक्ष में भारतीय जनता युवा मोर्चा जमुना पार के तत्वाधान में अरैल के त्रिवेणी पुष्प से सेल्फी प्वाइंट भारी संख्या में मौजूद युवा मोर्चा के कार्यकर्ता संत समाज एवं कारगिल में भाग लिए हुए जवानों के साथ मसाल जुलूस निकल गया। जिसमें अमर ज्योति प्रज्वलित कर कारगिल में भाग लिए हुए वीर से सैनिकों को माल्यार्पण, अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मौजूद सैनिकों ने अपने अनुभव को साझा किया। इस कार्यक्रम में स्वामी अभिरामाचार्य, सौरव शास्त्री, भाजपा जमुनापार जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र मौर्य, युवा मोर्चा के जमुना पार अध्यक्ष सुधाकर पांडे, महामंत्री जय भारत सिंह, महामंत्री शिव पांडे, उपाध्यक्ष शिव तिवारी अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नाला सफाई में मिला हैंड ग्रेनेड, मचा हड़कंप

संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ 40 मिनट में बम निरोधक दस्ते ने किया डिफ्यूज

**अमृत विचार:** शहर में बरसात को लेकर नाला सफाई का कार्य चल रहा है। गुरूवार की शाम नाला सफाई कर रहे एक सफाई मजदूर को हैंड ग्रेनेड मिल गया। जिसको वह एक झोले में भरकर घर उठा लाया। जब लोगों ने उसे हैंड ग्रेनेड के बारे में बताया तो वह घबराकर जार्जटाउन पुलिस को सूचना दे दी।

जार्जटाउन पुलिस ने तत्काल कंट्रोल रूम और बीडीएस टीम को सूचना दी, जिसके बाद टीम मौके पहुंच कर आसपास बस्ती में रहने वालों को तत्काल वहा से हटा दिया। मौके पर बम निरोधक दस्ता पहुंचा और हैंड ग्रेनेड को लेकर परेड मैदान ले गया। जहां 40 मिनट हुए उसे डेमोलेशन सेट के माध्यम से डिफ्यूज कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को प्रयागघाट रेलवे लाइन के बगल में नाला सफाई की जा रही थी। सफाई कर्मी चंदन कुमार को हैंड ग्रेनेड मिला। टीम ने उसे परेड मैदान में गड्ढा खुदवाकर डेमोलेशन सेट के जरिए इसे निष्क्रिय कर दिया। बताया गया कि यह करीब दस साल से जमीन में दबा हुआ था, जिसके कारण इसमे जंग लग गया था।

# जवाहर हत्याकांड : पूर्व भाजपा विधायक उदयभान जेल से रिहा

संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ 10 साल बाद करवरिया कोठी में दिखी रौनक, परिवार व कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत


नैनी सेंट्रल जेल से रिहाई के बाद बाहर आते उदय भान करवरिया। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सपा के पूर्व विधायक जवाहर पंडित हत्याकांड के मामले में नैनी सेंट्रल जेल में सजा काट रहे भाजपा के बारा के पूर्व विधायक उदय भान करवरिया गुरूवार की सुबह 7.37 बजे पर कारागार से रिहा हो गए। रिहाई के पहले ही जेल गेट पर उन्हें लेने के लिए उनकी पत्नी नीलम करवरिया, बेटा सक्षम, वैभव समेंत परिवार के अन्य सदस्य व रिश्तेदार पहुंचे थे। जेल गेट के बाहर आते ही उदय भान और उनके चेहरे पर बेहद खुशी दिखी। नैनी सेंट्रल जेल में जनवरी 2014 से आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व भाजपा विधायक उदयभान करवरिया की रिहाई अच्छे चाल चलन की वजह से हुई है। आदेश 19 जुलाई को जारी हुआ था। कागजी खानापूर्ति में पांच दिन और लग गए। प्रयागराज मंडल की राजनीति में ब्राह्मण चेहरे के रूप में पहचान रखने वाले पूर्व विधायक उदयभान करवरिया और उनके भाइयों, बड़े भाई पूर्व बसपा सांसद कपिल मुनि करवरिया तथा छोटे भाई पूर्व एमएलसी सूरजभान करवरिया के अलावा रिश्तेदार रामचंद्र त्रिपाठी ( कल्लू ) को झूंसी से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक जवाहर यादव उर्फ जवाहर पंडित हत्याकांड में उम्र कैद मिली थी। जवाहर पंडित की 13 अगस्त 1996 में सिविल लाइंस क्षेत्र में एके 47 से गोली मारकर हत्या की गई थी।

### क्या बोले उदयभान

उदयभान जेल गेट से निकलने के बाद कहा कि वैसे तो न्याय प्रक्रिया पर कुछ बोलना सही नहीं है, लेकिन न्याय की बात होती तो हमें जेल नहीं जाना पड़ता। हम तो फंस गए। हमने सेवा की है और समाज की सेवा ही आगे करना है। बाहर आने के बाद सबसे पहली प्राथमिकता पत्नी का इलाज कराना है। राजनीति के सवाल पर उन्होंने कहा की अगली पीढ़ी राजनीति करेगी। उदय भान करवरिया की जेल से रिहाई होने की खबर के बाद कल्याणी देवी स्थित उनको कोठी पर भोर से ही समर्थकों की भीड़ जुट गयी। कोठी के बाहर और अंदर लोग स्वागत व बधाई देने वालों की होड़ मची रही।

# कैदी कालीचरण की सारी छूट रद

संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ गिरफ्तारी के बाद मिलेगी हाई सिक्योरिटी बैरक

▸▸ जेल मैनुअल के अनुसार अब नहीं मिलेगा काम

**अमृत विचार।** नैनी सेंट्रल जेल में बंद सजायाफ्ता कैदी कालीचरण उर्फ बऊआ को फरार हुए पांच दिन बीत चुके है। उसका कोई सुराग अब तक नहीं मिल सका है। जेल प्रशासन के मुताबिक उसकी गिरफ्तारी के बाद जेल में मिलने वाली सारी छूट को रद्द कर दिया जायेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि अब उसे हाई सिक्योरिटी बैरक में अकेले रखा जाएगा।

मालूम हो कि बीते 20 जुलाई भी नैनी सेंट्रल जेल के सर्किल नंबर दो में बंद गैंगरेप के मामले में सजा काट रहा सजायाफ्ता कैदी कालीचरण उर्फ़ बऊआ जेल की बाग़ कमान से भाग निकला था। जिसके बाद से पूरे जेल सहित लखनऊ मुख्यालय तक खलबली मच गयी। इस वारदात के बाद से जेल प्रशासन, पुलिस एसओजी लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई है। फिलहाल उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। जेल के वरिष्ठ अधीक्षक रंग बहादुर पटेल ने बताया कि बंदी जेल की कमान से फरार हुआ है। उसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तारी के बाद सजायाफ्ता कैदियों को मिलने वाली छूट का हकदार अब वह नहीं रह गया है। उसे जेल में किसी कमान में काम भी नहीं दिया जायेगा। जिससे उसकी कोई आमदनी भी नहीं होगी।

> फरार कैदी की तलाश के लिए बनाई गई दो टीमें लगातार उसकी तलाश कर रही है। एस ओजी भी उसे तलाश कर रही है। महोबा से कोई लोकेशन नहीं मिल पाया है। लोकेशन के लिए कोई तकनीकी सुराग नहीं मिल सका है जिससे उस तक पहुंचा जा सके।
> –संजय सिंह, एसीपी करछना

कैदियों को काम करने पर जो पैसे मिलते है उससे उनका खर्च चल जाता है। ऐसे में कोई कोई खर्च नहीं मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि अब उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार अथक प्रयास कर रही है। गिरफ्तारी के बाद कैदी कालीचरण को हाई सिक्योरिटी की बैरक में तन्हा अकेला रखा जायेगा।

# गैंगरेप मामले में एसडीएम को ज्ञापन

संवाददाता, कोरांव/नैनी


एसडीएम को ज्ञापन देते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रयागराज के यमुना नगर स्थित नगर पंचायत कोरांव में नाबालिग छात्रा के साथ गैंगरेप मामले को लेकर लोगों में गुरूवार को भी आक्रोश रहा। बुधवार को जहां थाना का घेराव किया गया वहीं गुरुवार एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य की तलाश जारी है।

घर से कोचिंग पढ़ने गई एक छात्रा को कुछ युवक बीती 18 जुलाई को तहसील मुख्यालय कोरांव के समीप बोरे में भरकर उठा ले गए। आरोप है कि वहां उसके साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया गया। घटना की जानकारी होने पर पीड़िता के पिता ने दो नामजद समेत तीन लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने केस दर्ज कर नामजद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में बुधवार को आक्रोशित परिजनों और नगरवासियों ने थाने का घेराव कर ज्ञापन सौंपा। इसके बाद ज्ञापन में सभी स्थानीय इंटर कॉलेजों के पास पुलिस बल तैनात करने व पिंक पुलिस बूथ पर पुलिस बल की तैनाती करने के साथ जिस गाड़ी से छात्रा को अगवा कर ले जाया गया, उस गाड़ी का पता लगा कर उसके विरुद्ध कार्रवाई करने और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने की मांग की थी। परिजन और ग्रामीणों ने गुरुवार को एसडीएम कोरांव से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस दौरान घेराव करने वालों में जिला पंचायत सदस्य अरुण कुमार चतुर्वेदी, पिंटू चौबे, शशि द्विवेदी एडवोकेट, बृजेश तिवारी, योगेंद्र मिश्रा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विपिन व ब्रजेश बनाये गये मुख्यमंत्री के विशेष सचिव

**लखनऊ, अमृत विचार:** राज्य सरकार ने गुरुवार को दो आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। दो अधिकारियों को मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष सचिव पद पर तैनाती दी गई है। इनमें यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण के एसीईओ विपिन कुमार जैन व अपर आयुक्त मुरादाबाद मंडल ब्रजेश कुमार शामिल हैं। मालूम हो कि मुख्यमंत्री के विशेष सचिव रहे प्रथमेश कुमार को हाल ही में लखनऊ विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। जिसके चलते मुख्यमंत्री कार्यालय के कई कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही थी, तैनाती के बाद कार्य सुगमता से होंगे।

# बिजली समस्या को लेकर केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिला प्रतिनिधिमंडल

संवाददाता, मुंगरा बादशाहपुर

▸▸ सांसद सीमा द्विवेदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखी मांगे



**अमृत विचार:** राज्यसभा सदस्य सीमा द्विवेदी के नेतृत्व में सर्व वैश्य समाज के प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से नई दिल्ली में मुलाकात कर बाईपास व अघोषित बिजली कटौती को लेकर ज्ञापन सौंपा।

वैश्य समाज के सलाहकार आलोक कुमार गुप्ता पिंटू व उमाशंकर गुप्ता इंजी ने ज्ञापन के माध्यम से मंत्री नितिन गडकरी को बताया कि स्थानीय रेलवे फाटक पर लगने वाले भीषण जाम की समस्या निपटाने को लेकर इटहरा से कोदहूं तक यथाशीघ्र बाईपास निर्माण किया जाए। मुंगराबादशाहपुर में प्रतिदिन सुबह से रात तक घंटों भीषण जाम में लोगों का जन जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। कोदहूं से ईटहरा तक बाईपास का निर्माण कराया जाए, जिससे जाम से निजात मिल सके। साथ ही एक महीने से नगर में दो पाली में बिजली आपूर्ति कर दिया गया है। इससे नगर को केवल पांच से छह घंटे ही विद्युत आपूर्ति हो पा रहा है। इस दौरान कई बार विद्युत ट्रिपिंग होता रहता है। अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। इस भीषण गर्मी में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उन्होंने मांग किया है कि 5 एमबीए की क्षमता का एक ट्रांसफार्मर लगवाया जाए। मंत्री नितिन गडकरी ने प्रदेश के उर्जा मंत्री एके शर्मा से फोन पर बातचीत कर मसले को हल करने को कहा।

# ऑपरेशन में यूरिन नली कटने से प्रसूता की मौत

संवाददाता, बारा/नैनी


शंकरगढ़ के नारी बारी में अस्पताल संचालक की लापरवाही से महिला की मौत के बाद चौकी पर कार्रवाई की मांग लेकर पहुंचे पीड़ित परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र स्थित नारीबारी के एक निजी अस्पताल में डॉक्टर की बड़ी लापरवाही सामने आई है। डॉक्टर ने गर्भवती महिला का प्रसव के दौरान आपरेशन किया और उसकी यूरिन की नली काट दी। जिससे महिला की हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर डॉक्टर ने महिला को शहर के सरदार पटेल चिकित्सालय भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने महिला को भर्ती करने से साफ इनकार कर दिया। परिजन महिला को लखनऊ लेकर भागे, लेकिन प्रसूता की मौत हो गई। घटना के बाद परिजन शव लेकर वापस घर पहुंचे और अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों ने शंकरगढ़ थाने में डॉक्टर और उनकी पत्नी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गड़इया निवासी ढनगू आदिवासी की पुत्री कंजू देवी 25 की इटवा देवरा निवासी पवन कुमार पुत्र शिव बहादुर के साथ हुई थी। परिजनों ने बताया कि बीते 17 जुलाई को कंजू देवी को प्रसव पीड़ा होने पर नारीबारी स्थित मां शारदा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां अस्पताल संचालक डॉक्टर मनोज सिंह और उनकी पत्नी डॉक्टर सविता सिंह ने प्रसूता महिला का ऑपरेशन कर दिया। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान डॉक्टर की लापरवाही प्रसूता की यूरिन नली कट गई। जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ने पर डॉक्टर मनोज सिंह ने शहर के सरदार पटेल चिकित्सालय में रेफर कर दिया। वहां डॉक्टरों ने भर्ती करने से मना कर दिया। जिसके बाद महिला को लखनऊ ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर लापरवाही से महिला की मौत हुयी है। परिजनों ने बुधवार थाना शंकरगढ़ और गुरूवार को चौकी नारीबारी में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। परिजनों ने बताया कि पुलिस ने अस्पताल संचालक के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की है।

> महिला के मौत की शिकायत हमें नही मिली है। शिकायत मिलने पर अस्पताल संचालक के खिलाफ जांच की जाएगी, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।
> –डॉक्टर आशू पांडेय, मुख्य चिकित्साधिकारी

# फूलपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव, भाजपा–सपा में मुकाबला

संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ भाजपा से 40 नेताओं का नाम की बनी सूची

▸▸ ब्राह्मण, पटेल व यादव की दावेदारी ज्यादा

**अमृत विचार:** संसदीय चुनाव के बाद फूलपुर विधानसभा सीट खाली होने पर अब उप चुनाव होना तय है। जिसको लेकर तैयारियां शुरु हो चुकी है। इसके लिए दावेदारों की सूची भी तैयार होने लगी है। अब तक बीजेपी के 40 नेताओं का नाम सामने आया है। हालांकि यहां पर यादवों की संख्या ज्यादा है, इसलिए पार्टी के शीर्ष नेताओं का मानना है कि यहां पर किसी यादव को प्रत्याशी बनाया जाए।

बतादें कि प्रयागराज सहित यूपी के दस सीटों अब विधानसभा का उप चुनाव होना है। जिसमें फूलपुर सीट भी शामिल है। फूलपुर में विधायक रहे प्रवीण पटेल के सांसद चुने जाने के बाद से यह सीट खाली हुई है। इस मुख्य सीट पर भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला है। गौर करने के बात यह है कि भाजपा के लिए यह सीट जीतना इतना आसान नहीं है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा यहां तकरीबन दो हजार वोटों के मामूली अंतर से ही जीत पाई थी। लोकसभा चुनाव में प्रयागराज की सीट पर करारी हार मिलने बीजेपी ने चुनाव को लेकर अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। अभी पिछले सप्ताह ही पार्टी ने काशी प्रांत की कार्य समिति की बैठक फूलपुर क्षेत्र में आयोजित की थी। बैठक के माध्यम से उप चुनाव में भी कमल खिलाने के लिए लोगों को अभी से तैयार किया जा रहा है। हालांकि समाजवादी पार्टी से नजदीकी लड़ाई से पहले बीजेपी को उम्मीदवार का नाम तय करने में विचार करना पड़ रहा है।

### जातीय समीकरण के बाद बाद घोषित होगा प्रत्याशी

फूलपुर की इस सीत पर जातीय समीकरण को भी देखा जा रहा है। इसके मद्देनजर पार्टी किसी ब्राह्मण या पटेल को प्रत्याशी बना सकती है। टिकट के सबसे ज्यादा दावेदार भी इन्हीं दो वर्गों से सामने आए हैं। फूलपुर विधानसभा सीट पर यादव वोटर भी निर्णायक स्थिति में देखे जा रहे है। ऐसे में पार्टी के किसी यादव को मैदान में उतारकर इस सीट पर काबिज होने की तैयारी में है।

उप चुनाव को लेकर इस सीट से अब तक तकरीबन 40 दावेदारों के नाम सामने आए है। अभी इस सूची में नाम बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

**ब्राह्मण नेताओं ने की दावेदारी :** फूलपुर सीट पर तकरीबन एक दर्जन ब्राह्मण नेताओं ने टिकट को लेकर दावेदारी की है। ब्राह्मण वर्ग के दावेदारों में सबसे बड़ा नाम इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राधाकांत ओझा का नाम सामने आया है। उनकी संघ में अच्छी पकड़ मानी जा रही है। इसके अलावा पूर्व विधायक प्रभाशंकर पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैया लाल पांडेय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र उर्फ पिंटू नेता, बहरिया के ब्लॉक प्रमुख शशांक मिश्र, स्कूल संचालक संगम लाल मिश्र, डीपी पांडेय और पूर्व पार्षद उमेश द्विवेदी का भी नाम दावेदारों की सूची में हैं। वहीं, पटेल बिरादरी से दावेदारी की बात करें तो प्रमुख नाम पूर्व विधायक दीपक पटेल का है। वह फूलपुर की निवर्तमान सांसद केशरी देवी पटेल के बेटे हैं। एक खास बात और भी है कि मौजूदा सांसद प्रवीण पटेल की पत्नी गोल्डी पटेल दावेदारों की कतार में है। सांसद प्रवीण पटेल के एक रिश्तेदार अनिरुद्ध पटेल भी टिकट की दावेदारी कर रहे है। इसके अलावा इस सीट पर फूलपुर के ब्लॉक प्रमुख जितेंद्र सिंह पटेल, पूर्व विधायक करन सिंह पटेल के बेटे और पार्टी के वरिष्ठ नेता विक्रम पटेल, गंगापार की जिलाध्यक्ष कविता पटेल और युवा नेता विपेन्द्र पटेल भी टिकट को लेकर दावेदारी कर रहे हैं।

# प्राकृतिक वाटर संसाधन का एसडीएम ने किया निरीक्षण

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)


प्राकृतिक वाटर संसाधन का निरीक्षण करते एसडीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार:** यूपी-एमपी बार्डर मध्यप्रदेश के हनुमना तहसील में स्थित प्राकृतिक वाटर संसाधन अमिला नाला का गुरुवार को एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने निरीक्षण कर अमिला नाले में पिकनिक मनाने के लिए आने वाले सैलानियों को नाले में सावधानी पूर्वक पिकनिक मनाने की अपील की है।

बारिश शुरू होने पर मध्यप्रदेश के अमिला नाले में पिकनिक मनाने के लिए यूपी एमपी के साथ अगर बगल के गांवों के सैलानियों द्वारा पिकनिक मनाने के लिए आने वाले सैलानियों की भीड़ लगी रहती है। मध्यप्रदेश के हनुमना तहसील के अमिला नाला यूपी-एमपी बार्डर पर होने से सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने अमिला नाला पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। नाला में पिकनिक मनाने आये सैलानियों को सावधानी पूर्वक पिकनिक का निर्देश दिया है जिससे किसी भी प्रकार की घटनाएं ना होने पायें। इस संबंध में एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने बताया कि मध्यप्रदेश के हनुमना तहसील के अंतर्गत अमिला नाला में पिकनिक मनाने के लिए आने वाले सैलानियों को सावधानी पूर्वक पिकनिक मनाने के लिए निरीक्षण किया। ताकि अमिला नाला पर किसी भी प्रकार की घटनाएं ना होने पायें।

## एक नजर

### दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की कैद

**बाराबंकी :** नाबालिग के साथ बहला फुसला कर भगा ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय ने 20 साल के कारावास व है 30 हजार रुपये के अर्थ दंड की सजा सुनाई। मामला 31 मार्च 2021 का है। सफदरगंज थाना क्षेत्र की निवासियों ने थाने में ग्राम उधौली निवासी अजीज पुत्र स्व .मो .मजीद के खिलाफ तहरीर देकर अपनी पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले जाने और फिर दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने अभियुक्त पर पॉक्सो एक्ट के साथ एससी एसटी एक्ट में केस दर्ज किया। तत्कालीन क्षेत्राधिकारी रामसूरत सोनकर ने वैज्ञानिक तरीके से जांच कर साक्ष्यों को संकलित कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने अधिकारियों व कर्मचारियों ने मामले से सम्बंधित आरोपी के विरुद्ध साक्ष्य व गवाहों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने में तेजी दिखाई। न्यायालय ने इस आधार पर आरोपी को 20 साल व जुर्माने की सजा सुनाई।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर लोनीकटरा थाना क्षेत्र के दहिला चौराहे पर बुधवार को सड़क पार करते समय घायल हुए युवक की बीती रात ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि थाना क्षेत्र के ही त्रिवेदीगंज गांव निवासी मो . सईद (43) दहिला चौराहे पर पैदल सड़क पार कर रहे थे। जहां बाइक की टक्कर से घायल हो गये। पुलिस द्वारा सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाए गये घायल सईद को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया था। जहां देर रात उसकी मौत हो गई।

### हत्या की फर्जी सूचना पर उमड़े गांव के लोग

**सूरतगंज, बाराबंकी :** चार दिन से लापता नाबालिग की हत्या की सूचना पर गांव के लोग एकत्र हुए। तब उन्हें झूठी सूचना की जानकारी हुई। गुरूवार की भोर पुलिस ने पास के गांव से उसे खोज लिया। मोहम्मदपुर खाला थाना के अमेरा गांव में चार दिन पूर्व 22 जुलाई को घर से नाराज होकर 17 वर्षीय आशीष पुत्र राजेश वर्मा कहीं चला गया था। दो दिन पूर्व पुलिस को उसके गुम होने की सूचना दी गई। बुधवार की रात किसी ने उसकी हत्या कर शव को फेंके जाने की सूचना दी, तो बताए गए स्थान पर पूरा गांव उमड़ पड़ा। पुलिस भी सूचना पर पहुंची, लेकिन सूचना गलत निकली।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**निंदूरा, बाराबंकी :** देवा थाना क्षेत्र के पीरानगर निवासी महेश वर्मा बीते कुछ वर्षो से कुर्सी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिसाई के स्थित के कृष्ण नगर मोहल्ले में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। गुरुवार सुबह उनकी पत्नी संजू देवी 45 वर्ष नहाने के लिए कमरे में रखे बक्से से कपड़े निकालने गई थीं। बक्सा खोलने के दौरान सांप ने महिला के पैर में डस लिया। महिला को लखनऊ स्थित अस्पताल में इलाज के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# 200 सोलर स्ट्रीट लाइटों से रोशन होंगे 20 गांव, मिटेगा अंधियारा

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

- 40 लाख रुपये होंगे खर्च, ग्राम उन्नत योजना के तहत होगा काम
- जनप्रतिनिधियों के सुझाए गए नामों पर हुआ गांवों का चयन

**अमृत विचारः** जिले के विभिन्न ब्लॉक क्षेत्रों के 20 ग्राम पंचायतों में अब अंधियारा मिटने वाला है। बाबूजी कल्याण सिंह ग्राम उन्नत योजना के तहत इन गांवों में 200 सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाने की तैयारी की जा रही है। अगले माह से उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी द्वारा चयनित गांवों लाइटें लगाना शुरू किया जाएगा। गांवों का चयन जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए प्रस्तावों के आधार पर किया गया है। औसतन एक गांव में 10 सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाने की तैयारी की गई है।

ग्राम उन्नत योजना के तहत सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए विधान सभावार प्रतिनिधियों ने 20 ग्राम पंचायतों के नाम और निर्धारित स्थलों के प्रस्ताव नेडा को भेजा है। इनमें सांसद, एमएलसी, विधायक शामिल हैं। प्रस्ताव मिलने के बाद नेडा ने पत्रावलियां तैयार कर अनुमोदन के लिए जिलाधिकारी कार्यालय में भेजी है। जिस पर जल्द ही अनुमोदन मिलने की बात कही जा रही है। बताते चलें कि योजना के तहत शासन ने कुर्सी, रामनगर,


सोलर स्ट्रीट लाइट।

बाराबंकी, हैदरगढ़, जैदपुर और दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के 20 गांवों में 10-10 सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाने का चयन किया है। हालांकि इन चयनित गांवों के नाम बताने में नेडा ने अभी इनकार किया है। एक सोलर लाइट की लागत 19984 रुपये बताई जा रही है। इस प्रकार 20 गांवों में लगने वाली 200 लाइटों पर लगभग 40 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। ग्राम पंचायतों में लाइट लगाने का काम ग्राम पंचायतों को सौंपा जा चुका है। यूपी नेडा विभाग के मुताबिक अगस्त माह से इस पर काम शुरू होने की उम्मीद जताई गई है। इस योजना के तहत पिछले तीन सालों से जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर सोलर स्ट्रीट लाइटें लगवाकर अंधेरा दूर करने का प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है।

### पीएम सूर्य घर योजना में 169 लोगों ने किया आवेदन

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अपने घर की छत पर सोलर एनर्जी प्लांट लगाकर 300 किलोवॉट तक मुफ्त बिजली लेने के लिए अभी तक 169 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। इस योजना में देश और प्रदेश सरकार द्वारा अनुदान भी दिया जाता है। उदाहरण के तौर पर अगर कोई एक किलोवाट का कनेक्शन लगवाता है तो उसे 65 हजार रुपये खर्च करने पड़ेंगे। इसमें 30 हजार केंद्र सरकार और 15 हजार रुपये राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी मिलेगी। इस प्रकार संबंधित को करीब 45 हजार रुपये की छूट मिल जाएगी। कोई भी पार्टी एक से लेकर तीन किलोवॉट तक के प्लांट घरों में लगवा सकता है। छोटे उद्यमी भी इसका लाभ ले सकते हैं। केंद्रीय बजट में कस्टम ड्यूटी कम किए जाने के बाद सोलर पैनल लगवाना 12 फीसदी सस्ता हो सकता है। वैसे इस योजना का नोडल विभाग पावर कॉरपोरेशन को बनाया गया है। लॉगिन आईडी व पासवर्ड भी इसी विभाग को दिया गया है।

> बाबूजी कल्याण सिंह ग्राम उन्नत योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 200 सोलर स्ट्रीट लाइटें 20 गांवों में लगाई जाएंगी। अगस्त माह से इस पर काम शुरू होने की पूरी उम्मीद है। शासनस्तर से इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। पत्रावली जिलाधिकारी कार्यालय में लगी है। जिलास्तरीय कमेटी में इसे पास किया जा चुका है। अब जल्द ही जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदन मिल जाएगा।
> –टीकाकरण गौतम, परियोजना अधिकारी, नेडा।

### हादसे में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकीः अमृत विचारः** लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर लोनीकटरा थाना क्षेत्र के दहिला चौराहे पर बुधवार को सड़क पार करते समय घायल हुए अधेड़ की बीती रात ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि थाना क्षेत्र के ही त्रिवेदीगंज गांव निवासी मो0 सईद(43) दहिला चौराहे पर पैदल सड़क पार कर रहा था। जहां बाइक की टक्कर से घायल हो गया था । पुलिस द्वारा सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाएं गये घायल सईद को गंभीर अवस्था में ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया था। जहां पर उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई।

# एआरटीओ कार्यालय में छापा, 11 लोग हिरासत में

## एडीएम न्यायिक, एएसपी और एसडीएम सदर ने की कार्रवाई, मचा हड़कंप व भागे दलाल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकीः

**अमृत विचारः** सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय के बाहर उस समय हड़कंप मच गया जब दोपहर अचानक भारी पुलिस बल के साथ प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम ने छापा मारा। छापेमारी के दौरान कार्यालय के बाहर दलाली की दुकान पर बैठे मिले 11 संदिग्ध लोगों को पुलिस हिरासत में ले लिया गया। जिन्हें कोतवाली लाकर उनसे पूछताछ की जा रही है। इस कार्यवाही के दौरान मेडिकल बनाने वाले एक शख्स से भी पूछताछ कर सीएमओ कार्यालय से लाइसेंस के संबंध में जानकारी मांगी गई है।

एआरटीओ कार्यालय में लाइसेंस, फिटनेस के साथ अन्य वाहन संबंधी कामकाज के लिए दलालों की सक्रियता बढ़ने की सूचना प्रशासन के अधिकारियों को मिली थी। बताया जा रहा है कि इस कार्यवाही को लेकर शासन से कड़े निर्देश मिले थे। इसी को लेकर गुरुवार को एडीएम न्यायिक इंद्रसेन, एएसपी दक्षिणी अखिलेश नारायण सिंह और एसडीएम सदर आर.जगतसाईं, सीओ सिटी आदि ने कोतवाली अजय त्रिपाठी व यातायात निरीक्षक रामरतन व भारी पुलिस बल के साथ दोपहर करीब 11:30 बजे छापा मारा। अधिकारियों का काफिला पहुंचते दलाली की दुकान सजाए बैठे दुकानदार डर के मारे अपनी-अपनी दुकान बंद कर भाग खड़े हुए। वहीं कुछ दुकानें जरूर खुली रहीं। इन दुकानों पर संदिग्ध मिलने वाले 11 लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। और उन्हें पूछताछ के लिए कोतवाली भेज दिया। बताया जा रहा है कि एआरटीओ कार्यालय के अंदर बाहरी लोगों द्वारा सरकारी कामकाज में हाथ बटाया जा रहा है। बिना उनके हस्ताक्षेप के जरुरतमंदों के लाइसेंस, रिनीवल, फिटनेस समेत वाहन संबंधी कार्य नहीं होते हैं और अधिक दाम लेकर जेब ढीली कर रहे हैं। जबकि एआरटीओ कार्यालय में सीधे कर्मचारियों से संपर्क करने पर अनावश्यक रूप से जरूरतमंदों को कई-कई दिनों तक दौड़ाया जा रहा है। प्रशासन को इस संबंध में मिली सूचना के बाद जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर इन तीनों आलाधिकारियों ने एआरटीओ कार्यालय में छापेमारी की थी।


एआरटीओ कार्यालय पर लोगों से पूछताछ करते एसडीएम सदर। अमृत विचार


जांच करते एएसपी साउथ और एडीएम न्यायिक के साथ सीओ सिटी, एसडीएम सदर।

### कार्यालय के बाहर जारी हो रहा मेडिकल सार्टिफिकेट

छापामारी के दौरान पाया गया कि एआरटीओ कार्यालय के बाहर एक सज्जन अपनी दुकान लगाए हुए मिले। इनके द्वारा मेडिकल सार्टिफिकेट जारी करने का काम किया जा रहा था। पुलिस ने अब इनसे भी पूछताछ करने के बाद इस संबंध में सीएमओ को इससे अवगत कराते हुए जानकारी मांगी है कि यह सज्जन प्रमाण पत्र जारी करने के अधिकृत हैं कि नहीं। इनका पंजीकरण स्वास्थ्य विभाग में है या नहीं। सीएमओ द्वारा रिपोर्ट देने के बाद अगर यह सज्जन गलत मिलते हैं तो पुलिस इन पर भी कड़ी कार्रवाई करेगी।

**एआरटीओ कार्यालय में काम कर रहे बाहरी लोगः** शासन के सख्त निर्देशों के बाद भी एआरटीओ कार्यालय में बाहरी लोगों द्वारा सरकारी काम किया जा रहा है। यहां तैनात कर्मचारियों ने अपना एक आदमी रखा हुआ है। जो बाबूजी के कामों को बखूबी निपटाता है। छापेमारी या उच्चाधिकारियों के निरीक्षण की सुगबुगाहट पर उसे हटा दिया जाता है और फिर दोबारा उसी ढर्रे पर काम करने लगता है। अब भले ही विभागीय अधिकारी इसे गलत बताए लेकिन कहीं न कहीं बाबूओं की सांठगांठ अंदर से लेकर बाहर तक दिखती है।

वहीं एएसपी दक्षिणी अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि एआरटीओ कार्यालय के बाहर सजी दुकानों पर कुछ अराजक तत्व बैठकर गलत तरीके से जरूरतमंदों को भ्रमित कर वाहन संबंधित कार्य करा रहे हैं। जनता के नजरिए से बहुत गलत कार्य है। इनके द्वारा लोगों का उत्पीड़न किया जा रहा था। इसे लेकर यह छापेमारी की गई। वहीं 11 लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। दोषियों पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बड़ेल पावर हाउस में खराबी 200 गांवों में छाया अंधेरा

सतरिख, बाराबंकी


पावर हाउस फीडर को ठीक करते इंजीनियर व विभाग की टीम।

- बिजली आपूर्ति प्रभावित रहने से गर्मी व उमस में बिलबिलाए लोग

**अमृत विचारः** बड़ेल पावर हाउस में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण इससे जुड़े चार उपकेंद्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। करीब 220 गांवों में बिजली आपूर्ति ठप है। इसके अलावा उपभोक्ता भी गर्मी से बेहाल रहे।

अयोध्या हाईवे पर बना बड़ेल पावर हाउस से हरख, तीरगांव, सतरिख तथा सैलानी माता मंदिर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की जाती है। बीती 24 जुलाई की दोपहर के बाद बड़ेल पावर हाउस में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। जिसके कारण चारों फीडरों के गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत कर सतरिख, तीरगाव, सैलानी माता मंदिर फीडर से जुड़े गांवों में बिजली आपूर्ति चालू करने में तो सफलता प्राप्त कर ली लेकिन हरख फीडर के गांवों में दूसरे दिन भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। लाख कोशिशों के बाद भी कर्मचारी बड़ेल पावर हाउस में हरख फीडर में आई खराबी को सही नहीं कर सके। इसलिए कोला गहबडी, हरख, मंजीठा, चंदौली, टिकरा उस्मा, कोला, बलछठ सहित करीब 200 गांवों में 24 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। बाराबंकी पावर कारपोरेशन के इंजीनियर और लखनऊ की टेस्टिंग टीम के द्वारा कड़ी मेहनत के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकती है। कुर्मीन पुरवा के पूर्व प्रधान रामपाल यादव तथा सतरिख के युवा व्यापारी राहुल यादव का कहना है कि इस समय बिजली कटौती कुछ ज्यादा हो रही है। इसलिए धान की रोपाई तथा अन्य कारोबार प्रभावित है।

वहीं इस बारे में अनुभव श्रीवास्तव, उपखंड अधिकारी, द्वितीय ने बताया कि बड़ेल पावर हाउस में खराबी आ गई थी। यहां से चार फीडरों को बिजली आपूर्ति की जाती है। अधिकांश गांवों में आपूर्ति सुचारु रुप से चल रही है। कुछ गांव ही रह गए हैं। जहां आपूर्ति ठप है। जल्द ही सभी गांवों में बिजली आपूर्ति चालू कर दी जाएगी।

### आतंक का पर्याय बने बंदर को वन विभाग की टीम ने पकड़ा

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर बारा टोल प्लाजा के निकट शाहपुर मोड़ पर आतंक का पर्याय बने बंदर को उप जिलाधिकारी के आदेश पर आखिरकार गुरुवार को वन विभाग की टीम द्वारा पकड़ ही लिया गया। इसके बाद क्षेत्र वासियों ने राहत की सांस ली। दरअसल बारा टोल प्लाजा के निकट शाहपुर गांव के लिए गई सड़क के मोड़ पर कटखने बंदर का आतंक था। पिछले दो महीने के दौरान आधा सैकड़ा लोगों को काट चुका था। क्षेत्र की इस गंभीर समस्या को लेकर निवर्तमान क्षेत्र पंचायत सदस्य बद्री साहू ने गुरुवार को मोबाइल के माध्यम से उपजिलाधिकारी से वार्ता की। उनके निर्देश पर वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद बंदर को पकड़ लिया।

## तस्करी के मामले में आरोपी को कैद

**बाराबंकीः अमृत विचारः** मादक पदार्थों की तस्करी करने के आरोपी ग्राम रानीमऊ तराई थाना क्षेत्र टिकैतनगर निवासी आरिफ उर्फ अरफू पुत्र मैनुद्दीन को तत्कालीन उपनिरीक्षक तामेश राज 14 जनवरी को गिरफ्तार किया गया और उपनिरीक्षक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। अभियुक्त के पास से पुलिस ने 68 ग्राम मार्टीन बरामद किया। न्यायालय ने आरोपी को 9 माह की सजा सुनाई है।

## सार-संक्षेप

### जेसीबी, डंपर और ट्रैक्टर-ट्राली सीज

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोनीकटरा क्षेत्र के बंद पड़े ईंट भट्ठे पर मिट्टी खनन करने वाले जेसीबी मशीन, डंपर, एक ट्रैक्टर ट्राली को नायब तहसीलदार ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। नायब तहसीलदार रामजी दुबे ने शाह पुर शिद्दवी में बंद पड़े ईंट भट्ठे पर मिट्टी खनन करने की सूचना पर एक जेसीबी मशीन एक डंपर, ट्रैक्टर ट्राली पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। थानाधयक्ष दौमित्र सेन रावत ने बताया कि तीनों वाहनों को सीज कर दिया गया है।

### सीएमओ ने सीएचसी का किया निरीक्षण

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ . अवधेश कुमार यादव ने गुरुवार की शाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएचसी में सबकुछ संतोषजनक मिला। उन्होंने अधीक्षक डॉ . कुमार संजय पाण्डेय को मरीजों के प्रति लापरवाही न बरते जाने की हिदायत दी। इस मौके पर डॉ .वीपी सिंह, डॉ . फुरकान, डॉ . प्रदीप यादव सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### चौहमुखी विकास का पूरे क्षेत्र की जनता को मिल रहा लाभ

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** फतेहपुर नगर क्षेत्र में 662 करोड़ की लागत से बाईपास और नेशनल हाइवे बनाया जायेगा। जिससे क्षेत्र का चौहमुखी विकास होगा। इस योजना से नगर क्षेत्र के कई किसानों को 222 करोड रूपये बतौर मुआवजा मिलेगा। यह बातें पार्टी कार्यक्रर्ता अभिनन्दन कार्यक्रम के दौरान विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने कहीं। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा किये जा रहे चौहमुखी विकास से पूरे क्षेत्र की जनता को लाभ मिल रहा है और इसी क्रम में देवा से फतेहपुर एनएच 727 को जोड़ने का काम हो रहा है। इस बैठक को दिनेश पाण्डेय, रामकुमार गिरि, राजीव नयन तिवारी, बाबा हेमन्त दास, डॉ . अन्जू चन्द्रा, रंगनाथ त्रिपाठी, नाइन्टू सिंह, पिन्टू सिंह, देशराज वर्मा, अंशुमान मिश्रा आदि ने सम्बोधित किया। इस मौके पर अतुल मिश्रा, महेश मिश्रा, राजन सिंह, हंसराज वर्मा, रामचन्द्र वर्मा और चट्टान सिंह आदि थे।

### 35 ग्राम मार्फीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को लोनीकटरा पुलिस टीम ने देवा थाना क्षेत्र के मोतीरामपुरवा निवासी संजय पुत्र सोनेलाल को 35 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में कार्रवाई की।

### एक हजार पौधे लगाने का लिया संकल्प


पौधरोपण करते संस्था के लोग। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार :** श्री लोधेश्वर सोम सेवा संस्था के संस्थापक अनमोल मिश्रा द्वारा एक हजार पौधे लगाने की संकल्प लिया गया। जिसे लेकर गुरुवार को पौधरोपण अभियान शुरू करते हुए विकासखंड रामनगर के ग्राम बिलखिया के आकांक्षा विद्या मंदिर में पौधरोपित किया। इसके बाद सभी विद्यार्थियों को पौधे देकर एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर राष्ट्रीय जागरण मंच के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज श्रीवास्तव, विद्यालय के प्रबंधक संदीप शुक्ला, महेश तिवारी, पंकज वर्मा, सत्यनारायण मौर्य, रामप्रकाश, शंकर मिश्रा सहित भारी संख्या में विद्यालय के छात्र–छात्राएं मौजूद रही।

# पुलिस ने बरामद किया नहर में डूबे युवक का शव

टिकैतनगर, बाराबंकी

**अमृत विचारः** थाना टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम हरहरी निवासी एक युवक की मंगलवार देर शाम शारदा सहायक नहर में डूबने से मौत हो गई। काफी मशक्कत के बाद बुधवार देर रात युवक का शव घटनास्थल से करीब छह किलोमीटर दूर बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है।

थाना टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम हरहरी निवासी मनोज सिंह (35) पुत्र झब्बू सिंह मंगलवार देर शाम घर से शौच को जाने की बात कहकर गांव के बाहर से गुजरी शारदा सहायक नहर की ओर निकले थे। आसपास खेतो में काम कर रहे प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मनोज नहर की पटरी पर टहलते हुए जा रहा था। टहलने के दौरान कुछ देर बाद अज्ञात कारणों से वह नहर में गिर गया। नहर में गिरने के बाद जब लोगो ने मनोज की बचाओ बचाओ की आवाज सुनी, तो वह सब अपना काम धाम छोड़कर आननफानन में नहर की पटरी की ओर दौड़े। लेकिन तब तक नहर में पानी के तेज बहाव के कारण मनोज का कुछ सुराग नहीं लगा था।

## भाकियू संगठनों के साथ उपभोक्ताओं का प्रदर्शन

**बनीकोडर, बाराबंकीः अमृत विचारः** अघोषित कटौती, लगातार आवाजाही और लो वोल्टेज से परेशान लोगों का सब्र गुरुवार को टूट गया। चिलचिलाती गर्मी से परेशान सैकड़ों लोग विभिन्न भाकियू संगठन की अगुवाई में उपकेंद्र व उपखंड देवीगंज में धरना प्रदर्शन करने पहुंच गए। बात बनती न देख लोग रोड पर आ गए। उग्र प्रदर्शन से सकते में आए बिजली विभाग अधिशाषी अभियंता हैदरगढ़ ने लिखित आश्वासन दिया। निदान का आश्वासन पत्र देकर जनता के आक्रोश को शांत कराया। इस दौरान जिलाध्यक्ष मायाराम यादव, डीएनएस त्यागी, मो. आजाद समेत सैकड़ों स्थानीय कार्यकर्ता रहे।

# पौधरोपण के बीच हो रही कटान

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचारः** वन विभाग के कर्मचारियों की साठगांठ से लकड़ी ठेकेदार रात दिन हरे भरे पेड़ काट रहे हैं। वहीं, जिम्मेदार जानकर भी अनजान बने हुए हैं। सरकार पर्यावरण को लेकर जितना संजीदा है। उतना ही लकड़ी ठेकेदार हरियाली को नष्ट करने पर आमादा हैं।

वन क्षेत्र रामसनेहीघाट में इन दिनों बगैर परमिट हरे भरे पेड़ों पर आरा चल रहा है। वही केंद्र राज्य सरकार एक पेड मां के नाम अभियान मे देश की नामचीन हस्तियाँ पौधरोपण कर रही हैं। वहीं वन विभाग पर्यावरण संतुलन के लिए पौध रोपण करा रहा है। जिस पर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाया गया है। बावजूद इसके आम, महुआ, नीम, शीशम व सागौन जैसे पेड़ों को ठेकेदार काटकर उठा ले जाते हैं। क्षेत्र में लकड़कट्टो का आतंक व्याप्त है। शासन प्रशासन की लाख कड़ाई के बावजूद लकडकट्टे प्रतिबंधित पेडों पर आरा चलाने से बाज नही आ रहे हैं। उदाहरण के तौर पर वन क्षेत्र रामसनेहीघाट क्षेत्र के भोजपुर मे बुधवार को बेखौफ लकडकट्टों ने एक हरे आम के पेड को काटकर वन विभाग सक्रियता की खोल दी। वहीं रामसनेहीघाट के सदुल्लापुर मे बुधवार को प्रतिबंधित दो नीम के पेडों को काटकर लकडी लेकर रफ्फूचक्कर हो गए। वन विभाग को भनक तक नहीं लगी। इसी तरह सुखीपुर में विशाल आम के पेड को काटकर परमिट की आड़ में काट डाला गया। वहीं क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि कटान करने वालों को पकडकर लाया गया है।


काटा गया पेड़। अमृत विचार

बताए बचाव के तरीके | लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने परखीं तैयारियां, डीएम व एसपी समेत कई अधिकारी रहे मौजूद

# एसडीआरएफ की टीम ने किया बाढ़ से बचाव का मॉकड्रिल

सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचारः** सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का पानी गांव और घरों में घुस आया। ऐसी सूचना पाकर एसडीआरएफ टीम तत्काल हेतमापुर के उधिया गांव पहुंची और बाढ़ में फंसे पीड़ितों का रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान तटबंध पर भेजा। यही नहीं नदी में एक नाव पलटने की सूचना पर टीम ने डूब रहे ग्रामीणों को स्टीमर के जरिए उन तक पहुंचकर लाइफ जैकेट की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला। सभी को अस्थाई सीएचसी में भर्ती कराया, जहां स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा सभी का इलाज किया गया।

जी हां कुछ ऐसा ही नजारा गुरुवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र हेतमापुर में देखने को मिला। अवसर था मॉकड्रिल के जरिए बाढ़ के दौरान पीड़ितों को रेस्क्यू कर उन्हें बचाने और उनका इलाज करने के साथ कई अहम जानकारियां साझा करने का।


12 मॉकड्रिल के दौरान एंबुलेंस में मरीज की जांच करती मेडिकल टीम।

इसे लेकर एसडीआरएफ टीम के प्रभारी निरीक्षक चंद्रश्वर, उपनिरीक्षक अजीत भारती व उनकी टीम के तीस जवानों द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन के जरिए ग्रामीणों को बचाव के उपाय आदि बताए गए। वहीं तटबंध के किनारे अस्थाई बने कैंप में सीएचसी सूरतगंज की एंबुलेंस के माध्यम से लोगों को भेजा। वहीं डॉ. फुरकान और डॉ. प्रदीप यादव ने टीम के साथ उनका उपचार किया।

बाढ़ आपदा से बचने की तैयारी को लेकर हेतमापुर क्षेत्र से गुजरी सरयू नदी किनारे राज्य आपदा मोचन बल की ओर से मार्कड्रिल किया गया। जबकि बाढ़ के चलते डूबे प्राथमिक विद्यालय हेतमापुर के सभी बच्चों की शिक्षा, तटबंध पर अस्थाई कक्षा संचालन किए जाने का प्लान भी प्रर्दशित किया गया। यह मॉकड्रिल जिला आपदा विशेषक प्राची उमराव के नेतृत्व में की गई। वहीं दो बजे तटबंध पर पहुंचे राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने लगे हुए नेटवर्किंग, राजस्व विभाग, बाढ़ प्रखण्ड, सिंचाई विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, सुरक्षा व पुलिस विभाग, एसडीआरएफ बटालियन, फायर ब्रिगेड और पशुपालन विभाग आदि कैंप पर जाकर, विधिवत जानकारी हासिल की। उसके बाद उन्होंने तटबंध के किनारे बन रहे बाढ़ राहत केंद्र देख मौजूद अधिकारियों से इसकी जानकारी भी ली। उन्होंने पूछा कि जब परिवार इसमें रहेंगे। ऐसे में उनके जानवर कहां रहेंगे। एडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि तटबंध के किनारे एक अस्थाई चरही बनाया जाएगा। तब उन्होंने सीमेंट के ऊंचे मचान निर्मित किए जाने के सुझाव भी दिए। इस दौरान लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी, डीएम सत्येंद्र कुमार और एसपी दिनेश कुमार सिंह, एनडीएमए के ब्रिगेडियर रविंद्र गुरोब और डिप्टी करनल अनिल कुमार व डीआईजी एनके शर्मा, एसडीएम बिजय कुमार त्रिवेदी, अनुराग सिंह और अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूजा गुप्ता व एसडीएम रामनगर पवन कुमार, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह, एएसपी उत्तरी सीएन सिन्हा, सीओ फतेहपुर डॉ. बीनू सिंह, सीओ रामनगर आलोक पाठक, प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह, प्रभारी निरीक्षक डीके सिंह, अपर सीएमओ डा. डीके श्रीवास्तव आदि रहे।

## ट्रेन के सामने कूदकर विवाहिता ने दी जान

**रामनगर, बाराबंकीः अमृत विचारः** पारिवारिक कलह के चलते एक विवाहिता ने ट्रेन के सामने कूद कर जान दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी गोंडा की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक थाना रामनगर के ग्राम डिपुवा बड़नपुर निवासी मनदीप निषाद की 21 वर्षीया पत्नी खुशबू गुरुवार को घर से बाहर गयी थी। काफी समय तक जब वह वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। कुछ समय बाद पता चला कि उसने चौकाघाट रेलवे स्टेशन के निकट ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। वहीं परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस और जीआरपी के बीच घंटों जद्दोजहद शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए गोंडा भेजा है।

# हल्की बारिश व उमस से लोग बेहाल

## मानसून की अच्छी बरसात न होने से जिले के किसानों के चेहरों पर भी मायूसी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकीः


सुबह हुई बारिश में छाता लगाकर निकले लोग। अमृत विचार


बारिश के बाद निकली धूप में स्कार्फ बांधकर निकलीं युवतियां।

**अमृत विचारः** गुरुवार सुबह मौसम ने करवट ली और शहर समेत जिलेभर में कई जगहों पर हल्की बारिश हुई। जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ समय के लिये राहत मिली, लेकिन उसके बाद दिनभर फिर निकली तेज धूप से बढ़ी उमस व गर्मी से लोग परेशान नजर आए। हालांकि हल्की बारिश होने से धान की फसल को फायदा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। मौसम की बेरुखी और उम्मीद के मुताबिक बारिश न होने से किसानों के चेहरों पर मायूसी देखने को मिल रही थी। ऐसे में 10 से 15 मिनट की हल्की बारिश ने लोगों व किसानों को कुछ राहत देन का काम किया, लेकिन तेज बारिश न होने किसानों के चेहरे मायूस नजर आए। साथ ही दिनभर मौसम में बदलाव जारी रहा, आसमान में कभी बादल छा गए तो कभी धूप खिल उठी। जिसके चलते बढ़ी उमस ने लोगों को परेशान किया।

बारिश के बाद तेज धूप निकलने से उमस भरी गर्मी का असर देखने को मिला। जिससे बचने के लिए लोग पंखे, कूलर और एसी का सहारा लेते रहे। गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 34 डिग्री, तो न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आज का अधिकतम तापमान भी 34 डिग्री व न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहने की संभावना है।

वहीं मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को भी जिले में कई जगहों पर हल्की बारिश होने की संभावना बनी हुई है, जिससे जहां धान की फसल को फायदा मिलने के आसार रहेंगे, तो वहीं उमस भरी गर्मी से भी लोगों को राहत मिलने की संभावना रहेगी।

**सावन में उम्मीद के मुताबिक बारिश बढ़ी परेशानीः** मानसून की अच्छी बरसात न होने से जिले के किसानों के चेहरों पर मायूसी छाई हुई है। उम्मीद के अनुसार बारिश न होने से लोगों को उमस भरी गर्मी का भी सामना करना पड़ रहा है। किसानों को उम्मीद थी कि सावन मास शुरू होते ही अच्छी बारिश होगी, जिससे धान की फसल को फायदा मिलेगा, लेकिन सावन माह के भी 4 दिन बीत जाने के बाद भी जोरदाक बारिश नहीं हो रही। हालांकि गुरुवार को आसमान में घने बादल छा ने के बाद बारिश शुरू हुई, तो लोगों को एक आस जगी। लेकिन दोपहर बाद धूप खिलने से किसान फिर से मायूस हो गए। सतरिख के किसान रज्जन ने बताया कि ट्यूबवेल से धान की फसल में सिंचाई की जा रही है जो पर्याप्त नहीं है। इस समय अच्छी बारिश होने से धान की फसल में पानी की कमी पूरी हो जाती थी, लेकिन मानसून की अच्छी बारिश न होने से फसल पर असर देखने को मिल रहा है। बारिश न होने से धान का पौधा पूरी तरह से विकसित नहीं हो पा रहा है।

## ट्रैक्टर जुताई का बकाया मांगने पर भिड़े दो पक्ष

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकीः** ट्रैक्टर जुताई का बकाया मांगने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में दोनों पक्षों की तीन महिलाओं सहित सात लोग घायल हो गए। थाना लोनी कटरा के होसवापुर निवासी राम सिंह ने ट्रैक्टर से विपक्षीयों के खेत की जुताई की थी। इसी के बकाया रूपए मांगने को लेकर आये दिन कहा सुनी होती रही। बुधवार की रात राम सिंह व सर्वेश के बीच गाली गलौज के बाद मारपीट होने लगी। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गये। जमकर लाठी डंडे चले। मारपीट में सर्वेश, देशराज,रीना पत्नी देशराज व दूसरे पक्ष के रामसिंह, अनीता,सरिता पत्नी रामसिंह व विजय कुमार घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया। जहां विजय कुमार व राम सिंह की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# जबरन खेतों में पोल लगा खींच दी लाइन

कोठी, बाराबंकी


किसानों के खेतों में लगे विद्युत पोल।

**अमृत विचारः** पावर कारपोरेशन द्वारा मानक को दरकिनार कर जबरियन किसानों के खेतों में विद्युत पोल लगा विद्युतीय लाइन खींच दी गई। मामले में किसानों ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत उपकेंद्र कोठी आता है। जहां पर कोठी ग्राम पंचायत के ही अंतर्गत रहने वाले किसान हरिनारायण पांडेय, जगत प्रसाद, राममिलन, रामप्यारी, अमरेश कुमार, राधा निगम,रिजवान मोहम्मद, महफूज सहित सहित कई किसानों ने अधिशाषी अभियंता को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके खेतों में बिना सूचना दिए पावर कारपोरेशन द्वारा राजकीय नलकूप के लिए विद्युत लाइन ले जाने के लिए पोल को खेतों के बीचों-बीच में लगा दिया गया है। जो फसल

**▸▸ विरोध करते रह गए किसान पुलिस की मौजूदगी में हुआ खेल**

के लिए काफी नुकसानदायक है। उन्होंने विद्युत पोल को खेतों के किनारे मेड़ों पर लगाने की मांग की है। लेकिन जेई द्वारा जबरन उनके खेतों के बीचो-बीच में पोल को लगा दिया गया। जिसके चलते लाइन बिछाने पहुंचे कर्मचारी का वहां स्थानीय लोगों ने विरोध करते हुए लाइन न खींचने की बात कही है लेकिन कर्मचारियों ने स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में बुधवार को लाइन खिंचवा दी

### डीएम को पत्र भेज आदेशों को निरस्त करने की मांग

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** रामसनेहीघाट नगर पंचायत के ईओ पर चेयरमैन ने तानाशाही का आरोप लगाते हुए डीएम को पत्र लिख कर शिकायत की है। शिकायती पत्र सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश यादव ने जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि ईओ धीरज कुमार सिंह द्वारा बिना अधोहस्ताक्षरी की सलाह से कुछ महत्वपूर्ण कार्यों के फैसले मनमाने ढंग से ले लिया करते हैं। जिससे नगर पंचायत के निवासियों में असंतोष व्याप्त हो जाता है। जिसकी जानकारी मुझे बाद में दी जाती है। हाल ही में दो संविदा कर्मियों को बिना मुझसे परामर्श किये सेवा से विरत कर दिया गया।

## एक नजर

### ट्रेडवार साक्षात्कार की तिथियां तय

**बाराबंकी : अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत अलग-अलग ट्रेडों के लिए साक्षात्कार की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। लगभग नौ अलग अलग ट्रेडों के लिए यह साक्षात्कार 26 जुलाई से शुरू होकर 31 जुलाई तक चलेंगे। अभ्यर्थियों को अपने साथ ऑनलाइन आवेदन की प्रति, आधार कार्ड एवं पास बुक लाना होगा। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 26 जुलाई से धोबी के लिए दस बजे, मोची के लिए इसी तारीख को 11 बजे से 26 जुलाई को ही नाई के लिए 12 :30 मिनट से, सुनार के लिए 1 :30 मिनट से अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जायेगा। हलवाई के लिए 27 जुलाई को 10 बजे, राजमिस्त्री के लिए 29 जुलाई को 10 बजे लोहार के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार इसी तारीख में एक बजे से लिया जायेगा। इसी तरह बढ़ई और कुम्भार का साक्षात्कार दस बजे से शुरू होगा। जबकि छूटे हुए सभी ट्रेड के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 31 जुलाई को लिया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग आशुतोष श्रीवास्तव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

### शिविर में 45 दिव्यांग लोग चिन्हित

**सूरतगंज, बाराबंकी : अमृत विचार :** ब्लॉक सूरतगंज के सभागार कक्ष में आयोजित हुए दिव्यांग मेले में 45 दिव्यांगों को चिंहित किया गया। इन्हें ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीन, बैसाखी आदि अनेक सहायक उपकरण दिए जाएंगे।

### डिवाइडर से भिड़ा तीर्थयात्री नवजात की मौत

**माती, बाराबंकी, अमृत विचार :** अयोध्या से सपरिवार वापस लौट रहा बाइक सवार परिवार डिवाइडर से टकरा गया। इस हादसे में गोद में बैठा दो वर्षीय मासूम घायल हो गया। राहगीर व पुलिस की मदद से हिंद अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। लोनीकटरा थाना क्षेत्र के धौरहरा गाँव निवासी लवकुश कनौजिया बाइक से पत्नी व दो वर्षीय पुत्र ओम के साथ बुधवार को अयोध्या तीर्थयात्रा करने गए थे। गुरुवार को घर वापसी पर राष्ट्रीय राजमार्ग के डिवाइडर से बाइक टकरा गई। इससे बाइक सवार तीनों घायल हो गए। हादसे में नवजात की गंभीर चोट लगने से मौत हो गई।

# उप निबंधक कार्यालय में भागे बिचौलिए

रामसनेहीघाट, बाराबंकी


उप निबंधक कार्यालय में छापेमारी करते एसडीएम। अमृत विचार

**अमृत विचारः** एसडीएम रामआसरे वर्मा ने अपने कार्यालय के सामने मौजूद सब रजिस्ट्रार कार्यालय पर गुरुवार को छापा मारा। छापे के दौरान उन्होंने कुछ वेंडरों के यहां तलाशी ली।

बता दे कि रामसनेहीघाट सब रजिस्ट्रार कार्यालय में बिचौलियों का साम्राज्य व्याप्त है। यहां बिचौलियों इतने अधिक हैं कि कोई भी काम बिना संभव नहीं है। हालत यह है कि कई फर्जी कागजात तैयार कराए जाते हैं तथा फर्जीवाड़े को अंजाम दिया जाता है। एसडीएम राम आसरे वर्मा तथा सीओ जटा शंकर मिश्रा ने जैसे ही रजिस्ट्रार कार्यालय में छापामार कार्रवाई की तो वहां मौजूद बिचौलियों

**▸▸ सिंचाई एसडीएम ने सीओ संग सब रजिस्ट्रार कार्यालय मारा छापा**

में हड़कंप मच गया। अधिकारियों को देखते ही इधर-उधर भागने लगे। वहां मौजूद वेंडरों में भी हड़कंप मच गया। इस संबंध में जब एसडीएम रामआसरे ने बताया कि शिकायत मिली थी कि रजिस्ट्रार कार्यालय में बिचौलियों का जमावड़ा लगा रहता है। कार्यालय में यह लोग हावी हैं। इसी वजह से वहां पर छापामार कार्रवाई की गई।

# दहेज की मांग न पूरी होने पर मैसेज से दिया तीन तलाक

मसौली, बाराबंकी

**▸▸ पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचारः** दहेज की मांग पूरी न करने पर मोबाइल से मैसेज के द्वारा तीन तलाक दिए जाने पर पीड़िता की शिकायत पर मसौली पुलिस ने पति सहित चार लोगों के विरुद्ध तीन तलाक देने के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के ग्राम बांसा निवासी गुलाम मो0 की पुत्री तब्बस्सुम का विवाह 21 मार्च 2021 को थाना व कस्बा सफदरगंज निवासी मो. कलीम पुत्र मो. शकील के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुआ था कन्या पक्ष ने अपने सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज भी दिया था लेकिन दहेज की मांग को लेकर पति मो. कलीम, सास जन्नतुल, ससुर मो. शकील व देवर मो. अजीम प्रताड़ित करते रहते है एक वर्ष पूर्व पुत्री अजीहा के जन्म लेने पर ससुरालीजनों ने पीड़िता को ताना दिया कि पुत्र के बजाय पुत्री को जन्म दिया है जिसपर पति एव सास ने पिटाई भी की थी पीड़िता के परिजनों ने किसी तरह व्यवस्था कर डेढ़ लाख रुपया भी ससुराली जनो को दिया लेकिन फिर भी लोग संतुष्ट नही हुए और एक दिन पति सास ससुर एव देवर ने दूधमूही बच्ची के साथ घर से निकाल दिया मायके आने के बाद भी लालची पति पीड़िता को मैसेज कर दहेज की मांग करता रहा जिसेसे परेशान होकर पीड़िता ने मैसेज देखना ही बंद कर दिया 23 जुलाई को पति ने कहला भेजा कि मैसेज देख जब पीड़िता ने मैसेज खोला तो 18 जुलाई के मैसेज मे तीन बार तलाक तलाक शब्द लिखा देख पीड़िता परेशान हो उठी।

पीड़िता ने गुरुवार मसौली थाने पहुंची पीड़िता ने प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह को आपबीती सुनाई। उसकी तहरीर पर पति मो. कलीम, सास जन्नतुल, ससुर मो. शकील व देवर मो. अजीम के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न एवं तीन तलाक की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

## एनडीपीएस एक्ट के तहत तस्कर को किया गया निरुद्ध

**बाराबंकी, अमृत विचारः** जिला कारागार में निरुद्ध मादक पदार्थों की तस्करी का आरोपी टिकरा मुर्तजा निवासी मोहम्मद कैफ पुत्र मोहम्मद अलीम साधू को डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी दिनेश कुमार सिंह की अनुशंसा पर शासन ने दि प्रिवेंशन ऑफ इलिसिट ट्रैफिक एन नारकोटिक्स ड्रग्स एण्ड साइकोट्राफिक सब्सटेन्सेज की धाराओं में निरूद्ध करने का आदेश दिया है। अभियुक्त मोहम्मद कैफ इस समय जिला कारागार में बंद है। पुलिस को आशंका है कि जमानत पर रिहा होने के बाद कैफ मादक पदार्थों के कारोबार को जेल से छूटने के बाद फिर से शुरू कर कर सकता है उसके आपराधिक पृष्ठभूमि से यह पता चलता है कि कैफ के बाहर आने के बाद आसपास क्षेत्र के नौजवानों पर इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा और इससे समाज भी प्रभावित होगा।अभियुक्त मनोत्तेजना बढाने वाले मादक पदार्थों की तस्करी करता है इसी को ध्यान में रखकर डीएम एसपी ने शासन से तस्कर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। शासन ने डीएम एसपी के अनुरोध को स्वीकार करते हुए तस्कर को निरुद्ध करने का आदेश दिया।

**जांच के आदेश** | कार्ययोजना में शामिल नहीं की गई भूमि का खसरा-खतौनी

# कमीशन के चक्कर में जंगल की भूमि पर बना तालाब

सचिन कुमार, सतरिख, बाराबंकी


जंगल की जमीन पर बना तालाब।

**अमृत विचारः** जंगल की जमीन पर मनरेगा से तालाब खोदवा दिया गया है। जबकि कार्ययोजना बनाने में जमीन की खसरा-खतौनी तक नहीं लगाई गई। वहीं एसडीएम ने इस मामले के जांच के आदेश दिए हैं।

विकासखंड हरख की ग्राम पंचायत पनिहल में करीब 2 वर्ष पहले पीरन तालाब की मनरेगा से खोदाई कराई गई थी। इसके लिए लगभग 14 लाख की कार्ययोजना बनी थी। करीब 9 लाख रुपये तालाब की खोदाई के नाम पर मनरेगा से खर्च किए गए हैं। वहीं बलछत निवासी संतोष शर्मा का

**▸▸ 2 साल पहले नौ लाख रुपये की लागत से हुई थी तालाब की खोदाई**

आरोप है कि जिस जमीन में पीरन तालाब खोदा गया है। जिस जमीन को तालाब बनाया गया है वह सरकारी अभिलेख में जंगल के रूप में दर्ज है। जबकि जंगल में दर्ज जमीन पर तालाब का निर्माण नहीं हो सकता है। इसमें ब्लॉक के अधिकारियों व कर्मचारियों ने कमीशन के चक्कर में तालाब खोदवा दिया है और ब्लॉक के अफसरों पर मिली-भगत का आरोप लगाया है। आरोप है की तालाब खोदाई की कार्य योजना में जमीन की खसरा खतौनी नहीं शामिल की गई है। जबकि बगैर खसरा खतौनी के कार्य योजना नहीं बन सकती है। तहसील नवाबगंज और ब्लॉक में अधिकारियों से इसकी शिकायत की गई है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उधर, बीडीओ हरख प्रीति वर्मा ने बताया कि तालाब वहीं बन सकता है जो जमीन तालाब के अभिलेख में दर्ज हो, जबकि अन्य जमीन में तालाब नहीं बन सकता। इस मामले की जांच कराई जाएगी और कार्रवाई की जाएगी।

> मामला गंभीर है। बंजर की जमीन पर तालाब का निर्माण नहीं हो सकता है, इसकी जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट सही मिलने पर ब्लॉक के अफसरों के साथ ही राजस्व विभाग के दोषी लोगों पर भी कार्रवाई की जाएगी।
>
> -आर .जगत साईं, एसडीएम सदर।

बड़ौदा यू.पी. बैंक
Baroda U.P. Bank

**सार्वजनिक बिक्री/नीलामी सूचना**
(अचल सम्पत्तियों हेतु)

क्षेत्रीय कार्यालय : अयोध्या, पोस्ट- साहेबगंज, जिला-अयोध्या- 224001 (यू.पी.)
फोन नं. 05278-244032 फैक्स नं. 05278-241706

**अचल सम्पत्तियों के लिए सार्वजनिक नीलामी बिक्री सूचना**

जबकि, बड़ौदा यूपी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सरफेसी अधिनियम 2002) (2002 का 54) एवं प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 की धारा 13 (12) सपठित नियम 8 (6) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित ऋणियों को एक मांग नोटिस जारी की गई थी तथा बंधक सम्पत्तियों पर कब्जा भी लिया गया है। इस सूचना के द्वारा सार्वजनिक रूप से जनसामान्य व ऋणी/बंधककर्ता/जमानतकर्ता को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित मामलों में बकाया धनराशि की वसूली हेतु नीचे दर्शायी गई सम्पत्तियों की बिक्री प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के निम्नलिखित विवरणानुसार बड़ौदा यू.पी., बैंक फैजाबाद के ऋण खाते में बन्धक रखी हुई सम्पत्तियों की नीलामी **'जहाँ है जैसी है, जो है जैसी है, जो कुछ भी है'** के आधार पर नीलामी हेतु प्राप्त टेण्डरों में से सर्वाधिक राशि के टेण्डरों के पक्ष में की जायेगी। जनसाधारण और विशेष रूप से कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं)/बंधककर्ता (ओं) को एतदद्वारा दोबारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने सरफेसी अधिनियम, 2002 के अधीन निम्नांकित अचल सम्पत्तियों के लिए बोली/निविदाएं/आमंत्रित करने का निर्णय लिया है। इसलिए, इच्छुक व्यक्तियों/बोलीदाताओं को **12.09.2024** को या उससे पहले, बड़ौदा यू. पी. बैंक. **क्षेत्रीय कार्यालय : अयोध्या, पोस्ट-साहेबगंज, जिला-अयोध्या 224001 (यू.पी.)** में मुहरबन्द लिफाफे में, निम्नांकित नियम व शर्तों को पूरा करके अपनी बोली प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। बोली **13.09.2024** को खोली जाएगी। उधारकर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के सन्दर्भ में उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबन्धों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्र. सं. | शाखा का नाम व ऋणी/बंधककर्ता का नाम | अचल सम्पत्ति का विवरण बंधक/सम्पत्ति का नाम (बंधक सम्पत्ति/या परिसम्पत्ति से संबंधित सभी भाग व हिस्सों सहित | अ) मांग सूचना तिथि<br>ब) अधिग्रहण तिथि<br>स) बकाया धनराशि | अ) आरक्षित मूल्य<br>ब) धरोहर राशि<br>स) अधिग्रहण के प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **शाखा : अयोध्या**<br>**उधारकर्ता-मैसर्स उपाध्याय इलेक्ट्रिक मोटर वर्क्स**, जमुनियाबाग, राजकरन स्कूल के पास, अयोध्या-224001 **प्रोप्राइटर कौशल किशोर उपाध्याय** पुत्र दुखी राम उपाध्याय 06/13/61, बड़ा रमना, जमुनियाबाग, अयोध्या 224001 **जमानतकर्ताः (1) श्री राजेश कुमार मिश्र** पुत्र उमादत्त मिश्र, 734, अवधपुरी कॉलोनी, अमानीगंज, अयोध्या 224001 **(2) श्रीमती. रेखा उपाध्याय** पत्नी कौशल किशोर उपाध्याय, 6/13/61, बड़ा रमना, जमुनिया बाग अयोध्या 224001 **(3) अमरीश कुमार श्रीवास्तव** पुत्र सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, 9/5/86/2, चक्रतीर्थ, अयोध्या 224001 | प्लॉट नंबर-222, चक नंबर-8, मकान नंबर-6/13/57 नया, 6/13/48 पुराना, मुहल्ला-रमना, परगना- हवेली अवध, तह-सदर जिला-अयोध्या, विक्रय विलेख संख्या-3150/15, पुस्तक संख्या-1, जिल्द सं -5954, पृष्ठ संख्या-387-430 दिनांक 23.04. 2015 द्वारा खरीदा गया, जोकि श्रीमती रेखा पत्नी कौशल किशोर उपाध्याय के नाम पर है, क्षेत्रफल-149.70 वर्ग मीटर। **चौहद्दी (डीड के अनुसार)**: पूर्व-नाली, पश्चिम-16 फिट चौड़ा रास्ता, उत्तर- मुन्नी लाल और रमेश चंद्र शर्मा का घर, दक्षिण- सुरेन्द्र प्रसाद महेन्द्रा का घर और हाता। | **18.03.2024**<br>**18.06.2024** समाचार-पत्र में प्रकाशित कब्जा सूचना की तिथि 22.06.2024<br>**रू. 10,29,789.00** + दिनांक 11.01.2024 से अप्रयुक्त ब्याज + अन्य खर्चे | **रू. 43,34,958.00**<br>**रू. 4,35,495.00**<br>**सांकेतिक कब्जा** |
| 2. | **शाखा : फैजाबाद मुख्य शाखा**<br>**उधारकर्ता-मैसर्स सिंह बिल्डिंग मटेरियल** प्रो. श्री कमलजीत सिंह पुत्र श्री अशोक कुमार सिंह, पता - साईं दाता कुटिया बाईपास, जनौरा, जिला-अयोध्या 224001 एवं **श्री कमलजीत सिंह** पुत्र श्री अशोक कुमार सिंह, आवासीय पता-1084 जनौरा फैजाबाद जिला- अयोध्या 224001 | संपत्ति/भूमि प्लॉट नंबर 319 मि, क्षेत्रफल-1125 वर्ग फीट, पंजीकृत बिक्री विलेख संख्या 930 दिनांक-24.02.2007 के माध्यम से खरीदा गया, ग्राम जनौरा (एएनपी), परगना-हवेली अवध, तहसील-सदर, जिला-अयोध्या में स्थित है।<br>**स्वामी-श्री कमलजीत सिंह पुत्र श्री अशोक कुमार सिंह**<br>**सीमाएँ (डीड के अनुसार)**: पूर्व-रास्ता 10, पश्चिम- सुदामा सिंह का घर, उत्तर-श्रीमती प्रेमलता सिंह का घर, दक्षिण-राम प्रकाश का घर | **05.01.2024**<br>**19.03.2024** समाचार-पत्र में प्रकाशित कब्जा सूचना की तिथि 24.03.2024<br>**रू. 8,33,274.00** + दिनांक 31.12.2023 से अप्रयुक्त ब्याज + अन्य खर्चे | **रू. 16,72,200.00**<br>**रू. 1,67,220.00**<br>**सांकेतिक कब्जा** |
| | **शाखा : रौनाही**<br>**उधारकर्ता- मेसर्स विशाल स्टील्स** प्रो. राम खेलावन गुप्ता पता ग्राम और पोस्ट मुबारकगंज जिला-अयोध्या **जमानतकर्ता : श्रीमती मिथिलेश गुप्ता** पत्नी श्री राम खेलावन गुप्ता व श्री सतीश गुप्ता पुत्र श्री राम खेलावन गुप्ता | अचल संपत्ति का विवरण: संपत्ति/भूमि प्लॉट नंबर 56एम. नया नंबर 61एम बिक्री विलेख संख्या 5830/91 दिनांक 27-11-1991 के माध्यम से खरीदा गया जो ग्राम उसरू (बहार नगर पालिका अंदर इम्प्रूवमेंट ऑफ ट्रस्ट) परगना हवेली अवध तहसील और जिला-अयोध्या में स्थित है। क्षेत्रफलः 1361 वर्गफिट जोकि श्रीमती मिथिलेश गुप्ता पत्नी श्री राम खेलावन गुप्ता के नाम पर है **चौहद्दी**: पूर्व-सड़क, पश्चिम-भूमि श्री राम चंदर और अन्य, उत्तर-भूमि श्री राम आसरे, दक्षिण- शेष वेंदी की भूमि। | **30.09.2016**<br>**06.02.2024** समाचार-पत्र में प्रकाशित कब्जा सूचना की तिथि 12.02.2024<br>**रू. 03,48,887.00** + दिनांक 30.09.2016 से अप्रयुक्त ब्याज + अन्य खर्चे | **रू. 38,20,500.00**<br>**रू. 3,82,050.00**<br>**सांकेतिक कब्जा** |
| 4. | **शाखा : आर.बी.एन. गोसाईगंज**<br>**उधारकर्ता- मेसर्स कंचन मेडिकल स्टोर** प्रो स्व. कमल नयन वर्मा कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से 1. **कंचन वर्मा** पत्नी स्वर्गीय कमल नयन वर्मा निवासी मोहल्ला कटरा गोसाईगंज सदर जिला-अयोध्या 2. **वीरेंद्र कुमार** वर्मा पुत्र स्वर्गीय कमल नयन वर्मा निवासी मुहल्ला कटरा गोसाईगंज सदर जिला-अयोध्या 3. **शैलेन्द्र कुमार वर्मा** पुत्र स्व. कमल नयन वर्मा निवासी मुहल्ला कटरा गोसाईगंज सदर जिला- अयोध्या<br>**जमानतकर्ता-श्री अशोक कुमार वर्मा** पुत्र श्री राम अभिलाख वर्मा, पता ग्राम-मझगवां देवगिरिया पोस्ट - अंकारीपुर जिला अयोध्या और श्री अविनाश चंद्र गोस्वामी पुत्र मुनिराम गोस्वामी पता ग्राम- बाला पैकोली पोस्ट - गोसाईगंज, जिला अंबेडकर नगर | अचल संपत्ति का विवरणः<br>1. भूमि प्लॉट संख्या 1050क विक्रय विलेख संख्या 5898/2016 दिनांक 30.07.2016 के माध्यम से खरीदी गई, जो ग्राम अंकारीपुर परगना अमसिन जिला-अयोध्या में स्थित है। क्षेत्रफलः 95 वर्गमीटर, जोकि श्री कमल नयन वर्मा के नाम पर है। **चौहद्दी**: पूर्व-राकेश सिंह की भूमि, पश्चिम-क्रेता का भूखंड, उत्तर रेलवे की भूमि, दक्षिण- सड़क<br>2. भूमि प्लॉट संख्या 1050क विक्रय विलेख संख्या 5216/2016 दिनांक 5.07.2016 के माध्यम से खरीदी गई टिटिमा डीड संख्या 183/2017 दिनांक 13/01/2017, जो ग्राम अंकारीपुर परगना अमसिन जिला-अयोध्या में स्थित है। क्षेत्रफलः 95 वर्गमीटर। श्री जोकि श्री कमल नयन वर्मा के नाम पर है **चौहद्दी**: पूर्व- राकेश सिंह की भूमि, पश्चिम- क्रेता का भूखंड, उत्तर- रेलवे की भूमि, दक्षिण-सड़क<br>3. भूमि प्लॉट संख्या 1050क विक्रय विलेख संख्या 6137/2016 दिनांक 09.08.2016 के माध्यम से खरीदी गई, जो ग्राम अंकारीपुर परगना अमसिन जिला-अयोध्या में स्थित है, क्षेत्रफल 63.34 वर्गमीटर। जोकि श्री कमल नयन वर्मा के नाम पर है, **चौहद्दी**: पूर्व- राकेश सिंह की भूमि, पश्चिम- क्रेता का भूखंड, उत्तर- रेलवे की भूमि, दक्षिण-सड़क<br>4. भूमि प्लॉट संख्या 1050क बिक्री विलेख संख्या 4812/2017 दिनांक 17.08.2017 के माध्यम से खरीदी गई, जो ग्राम अंकारीपुर परगना अमसिन जिला-अयोध्या में स्थित है। क्षेत्रफलः 31.66 वर्ग मीटर। श्री कमल नयन वर्मा के नाम पर चौहद्दीः पूर्व- राकेश सिंह की भूमि, पश्चिम- क्रेता का भूखंड, उत्तर- रेलवे की भूमि, दक्षिण- सड़क<br>5. भूमि प्लॉट संख्या 1050क बिक्री विलेख संख्या 3856/2018 दिनांक 16.05.2018 के माध्यम से खरीदी गई, जो ग्राम अंकारीपुर परगना अमसिन जिला-अयोध्या में स्थित है. क्षेत्रफलः 95 वर्ग मीटर। जोकि श्री कमल नयन वर्मा के नाम पर है चौहद्दीः पूर्व- राकेश सिंह की भूमि, पश्चिम- क्रेता का भूखंड, उत्तर- रेलवे की भूमि, दक्षिण-सड़क<br>6. भूमि प्लॉट संख्या 1258 मिनट विक्रय विलेख संख्या 1927/1985 दिनांक 23.09.1985 के माध्यम से खरीदी गई जो ग्राम अंकारीपुर परगना अमसिन जिला-अयोध्या में स्थित है। क्षेत्रफलः 14.86 वर्गमीटर। जोकि श्री कमल नयन वर्मा के नाम पर है **चौहद्दी**: पूर्व-रेलवे स्टेशन की गली, पश्चिम-बलदेव प्रसाद की मजरुआ भूमि, उत्तर- क्रेता का घर, दक्षिण कोलिया 8' चौड़ाई<br>7. भूमि प्लॉट संख्या 1257/2 मिनट बिक्री विलेख संख्या 1346/1982 दिनांक 16.10.1982 के माध्यम से खरीदी गई, जो ग्राम अंकारीपुर परगना-अमसिन जिला-अयोध्या में स्थित है। क्षेत्रफलः 18.586 वर्गमीटर जोकि श्री कमल नयन वर्मा के नाम पर है, **चौहद्दी**: पूर्व-सड़क (बस स्टेशन) पश्चिम-रास्ता खाम लगभग 6' उत्तर-महादेव प्रसाद का ट्यूबल, दक्षिण-रास्ता खाम लगभग 6' | **15.01.2024**<br>**15.04.2024** समाचार-पत्र में प्रकाशित कब्जा सूचना की तिथि 20.04.2024<br>**रू. 12,21,833.73** + दिनांक 31.12.2023 से अप्रयुक्त ब्याज + अन्य खर्चे | **रू. 17,80,200.00**<br>**रू. 1,78,000.00**<br>**सांकेतिक कब्जा** |
| 5. | **शाखा : दर्शननगर अयोध्या**<br>**उधारकर्ता- मेसर्स श्री विजयसेन यादव** पुत्र स्वर्गीय राम औतार यादव **कानूनी उत्तराधिकारी**- स्वरूपा पत्नी श्री विजयसेन यादव | आबादी प्लॉट नंबर 874 ख क्षेत्रफल-46 फीट X 230 फीट कुल क्षेत्रफल 10580 वर्ग फीट, वर्तमान में मकान संख्या 396 एए / 1 राजस्व ग्राम मघना उपरहार (कुर्की) पोस्ट पूरा बाजार, परगना अमसिन, तहसील सदर जिला फैजाबाद में स्थित है। **चौहद्दी**: उत्तर - शेषदत्त की भूमि, दक्षिण- जगदंबा व त्रिलोकी का खलियान, पूर्व-मकान कमला प्रसाद, पश्चिम-मकान श्यामलाल और रास्ता 12 फीट कुर्की चौराहा से शिव बरन के मकान तक। **स्वामी** : शिवबरन पुत्र श्री राम औतार | **16.12.2023**<br>**16.04.2024** समाचार-पत्र में प्रकाशित कब्जा सूचना की तिथि 20.04.2024<br>**रू. 10,45,972.00** + दिनांक 30.09.2016 से अप्रयुक्त ब्याज + अन्य खर्चे | **रू. 27,34,200.00**<br>**रू. 2,73,420.00**<br>**सांकेतिक कब्जा** |
| | **शाखा : आर.बी.एन. गोसाईगंज** | | | |
| 6. | **उधारकर्ता- श्री अशोक कुमार** उर्फ राजीव पुत्र श्री शिव प्रसाद निवासी टेढ़िया गली गोसाईगंज पोस्ट गोसाईगंज जिला अयोध्या **जमानतकर्ताः (1) श्री बब्लू सोनकर** पुत्र हीरालाल, निवासी-महमदपुर गोसाईगंज पोस्ट गोसाईगंज जिला अयोध्या **(2) श्री. अरविंद कुमार** पुत्र श्री शिवप्रसाद, निवासी-टेढिया गोसाईगंज पोस्ट गोसाईगंज जिला अयोध्या | प्लॉट संख्या 202, बिक्री विलेख संख्या 3737/89, दिनांक 17/11/1989, क्षेत्रफल-997 ½ वर्गफुट की बंधक संपत्ति। मोहल्ला टेढिया गोसाईगंज पोस्ट-गोसाईगंज, परगना-अमसिन, तहसील-सदर, जिला-अयोध्या **चौहद्दी (डीड के अनुसार)**: पूर्व-तालाब, पश्चिम-कच्चा रास्ता, उत्तर-शकुंतला देवी का मकान, दक्षिण-बहराइची का मकान **स्वामी** : राजीव व अरविंद U/G श्री शिव प्रसाद पुत्र रामफेर | **25.09.2016**<br>**03.06.2017**<br>**रू. 3,87,791.00** + दिनांक 25.09.2016 से अप्रयुक्त ब्याज + अन्य खर्चे | **रू. 5,06,700.00**<br>**रू. 50,670.00**<br>**सांकेतिक कब्जा** |
| 7. | **उधारकर्ता- मे. अजय क्रेन क्रेशर,** प्रो. अजय कुमार वर्मा पुत्र सूर्यभान वर्मा, निवासी-ग्राम तकिया कालू पोस्ट मुस्तफाबाद जिला अंबेडकर नगर **जमानतकर्ताः (1) श्री सूर्यभान वर्मा** पुत्र युवराज वर्मा, निवासी ग्राम तकिया कालू पोस्ट मुस्तफाबाद जिला-अंबेडकरनगर **(2) श्रीमती शकुंतला** पत्नी सूर्यभान वर्मा निवासी ग्राम तकिया कालू पोस्ट मुस्तफाबाद जिला अंबेडकर नगर, | प्लॉट नंबर 36 की संपत्ति गिरवी, विक्रय पत्र संख्या 2011, दिनांक 22-05- 2009, क्षेत्रफल-0.247 हेक्टेयर.. गांव- तकिया कालू पोस्ट- मुस्तफाबाद, परगना- मिंझौरा., तहसील-भीटी, जिला-अंबेडकर नगर. **चौहद्दी (डीड के अनुसार)**: पूर्व-चक मार्ग, पश्चिम-राम का प्लॉट उजागिर व रामकेवल, उत्तर- प्लॉट उदयभान वर्मा, दक्षिण- तिवारीपुर से सेनपुर रोड **स्वामीः श्रीमती शकुंतला** पत्नी श्री सूर्यभान वर्मा | **25.09.2016**<br>**03.06.2017**<br>**रू. 8,05,316.00** + दिनांक 26.09.2016 से अप्रयुक्त ब्याज + अन्य खर्चे | **रू. 13,92,300.00**<br>**रू. 1,39,230.00**<br>**सांकेतिक कब्जा** |

**बिक्री के नियम एवं शर्तें** : 1. इच्छुक बोलीदाताओं को मुहरबन्द लिफाफे में अपनी बोली जमा करनी है। (लिफाफे के ऊपर स्पष्ट और पठनीय बोली क्रम सं. एवं प्रकाशन की तिथि वर्णित होनी चाहिए। 2. बोलीदाताओं को बोली के साथ अग्रिम में फैजाबाद में देययोग्य एवं प्राधिकृत अधिकारी, बड़ौदा यू. पी. के पक्ष में डीडी/बैंकर्स चेक के रूप में जमा धरोहर राशि के रूप में आरक्षित मूल्य का 10% जमा/संलग्न करना होगा। सर्वोच्च बोली मूल्य (आरक्षित मूल्य से कम की नहीं होनी चाहिए) को सफल बोलीदाता के रूप में माना जाएगा और शेष असफल बोलीदाताओं की ईएमडी एक सप्ताह के अन्दर बिना किसी ब्याज के वापस कर दी जाएगी। 3. सफल बोलीदाता को डीडी/बैंकर्स चेक के रूप में अगले दिन बोली रकम (ईएमडी को छोड़कर) का 15% जमा करना होगा और शेष अनिवार्य रूप से बिक्री की पुष्टि के 15 दिनों के अन्दर जमा करना होगा, अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो उनके द्वारा पूर्व में जाना की गयी रकम जब्त कर ली जाएगी। 4. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताये या पूर्व सूचना दिये बोली/सर्वोच्च बोली को स्वीकार/अस्वीकार/रद्द/निलंबित करने का अधिकार सुरक्षित द्य रखता है। प्राधिकृत अधिकारी बिकी/नीलामी की तिथि को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। 5. प्राधिकृत अधिकारी किसी भी प्रकार के बकाया प्रभारों/देनदारियों/भार/करों/सरकारी बकायों और अन्य पक्ष के दावों व बकायों के लिए जवाबदेह नहीं होंगे। 6. सम्पत्ति को आरक्षित मूल्य से कम में किसी भी रकम पर बेचा नहीं जाएगा। सफल बोलीदाता को सभी स्टाम्प ड्यूटी एवं पंजीकरण शुल्क का भुगतान स्वयं करना होगा। 7. यदि ऐसा पाया जाता है कि दो या अधिक बोलीदाताओं की एक समान बोली रकम है तो प्राधिकृत अधिकारी उनके मध्य पुनः नयी बोली आमंत्रित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। 8. बोली/बिक्री बैंक की पुष्टि के अधीन होगी। सम्पत्ति को **'जैसा है जहां है''**, **''जैसा है जो कुछ है' और 'वहां जो कुछ भी है** आधार पर बेचा जा रहा है। 9. अगर कोई कर्जदार /गारंटीदाता/बंधककर्ता नीलामी से पहले बैंक को पूर्ण बकाये का भुगतान कर देता है तो नीलामी को रोक दिया जाएगा। **अतः कर्जदार/गारंटीदाता/बंधककर्ता के पास नीलामी से पूर्व प्रतिभूत आस्तियों को निर्गत करने का अवसर होगा जो प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 13 की उप- (8) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन संशोधन नियमों 2002 द्वारा) के अधीन बकाया पूर्ण राशि एवं प्रभारों के भुगतान के अधीन होगा।** 10. यह बोलीदाताओं की एकमात्र जिम्मेदारी है कि धारा ये सम्पत्तियों के संबंध में संतुष्ट एवं पुष्ट हो लें। वे अपरान्ह 2:00 बजे से साथ 5:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस पर संबंधित शाखा से समय लेकर सम्पत्ति को देख कर निरीक्षण कर सकते हैं।

11. आयकर अधिनियम की धारा 194-आईए के तहत 50 लाख रुपये से अधिक की सम्पत्ति खरीदने पर 1 प्रतिशत टीडीएस के रूप में देय होगा। 12. यह बिक्री नोटिस कर्जदारों/गारंटीकर्ता (ओं)/बंधककर्ता (ओं) के लिए विशेष रूप से तथा जनता/सर्वसाधरण के लिए सामान्तर रूप से है। 13. बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया प्रतिभूत लेनदारों की वेबसाइट में प्रदान किए गये लिंक यानि https://www.barodaupbank.in/sarfesinotice.php देखें।

**कर्जदारों/गारंटीदाताओं/कानूनी वारिसों/बंधककर्ता(ओं) को एतद्दारा सूचित किया जाता है कि नीलामी से पूर्व बैंक को उपरोक्त वर्णित सभी बकाये का भुगतान करें. अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो बंधक सम्पत्ति को वर्णित तिथि को बेच दिया जाएगा और अगर कोई अन्य बकाया शेष होगा तो एसे उचित ब्याज प्रभारों एवं व्यय के साथ उनसे वसूल किया जाएगा।**

दिनांकः 26.07.2024 स्थानः अयोध्या
सरफेसी अधिनियम 2002 के अधीन 30 दिनों की बिक्री सूचना
प्राधिकृत अधिकारी-बड़ौदा यू.पी. बैंक, अयोध्या

# अंग्रेजी दवा बनाने वाली दुकान को स्वास्थ्य विभाग ने किया सीज

## सारे दस्तावेज किए तलब, कोतवाली पुलिस को भी किया सूचित

संवाददाता,ऊंचाहार, रायबरेली।



दवा की दुकान को सीज करने की कार्रवाई करते स्वास्थ्य विभाग टीम के अधिकारी।

**खबर का असर**

**अमृत विचार।** अंग्रेजी दवा का निर्माण कर बेचने के मामले में अमृत विचार की खबर पर स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। खबर प्रकाशित होने के बाद मौके पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम को संचालक कोई अभिलेख नहीं दिखा पाया। टीम ने दुकान को सीज करके संचालक को दो दिन के अंदर अभिलेख प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

क्षेत्र के सलोन मार्ग पर उमरन बाजार के पास एक दुकान संचालक प्रतिष्ठित दवाओं का निर्माण करके उसकी विक्री कर रहा था। पैंटोप्राजोल सोडियम टैबलेट जैसी प्रचलित दवाओं के रैपर पर अपना उल्लेख भी किया जा रहा था। इस बारे में अमृत विचार ने गुरुवार के अंक में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। गुरुवार की दोपहर ड्रग इंस्पेक्टर शिवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में मौके पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पड़ताल की तो कई दवाएं पकड़ी गई। संचालक से टीम ने अभिलेख मांगे तो वह दिखा नहीं पाया। यही नहीं संचालक मौके पर टीम को मिला भी नहीं। उससे टीम ने फोन पर बात की है। स्वास्थ्य टीम ने संचालक को दो दिन के अंदर सारे अभिलेख प्रस्तुत करने का अल्टीमेटम दिया है। प्रारंभिक जांच में गड़बड़ी की संभावना सामने आई है। जिसके कारण दुकान को सीज करते हुए सलोन कोतवाली पुलिस को भी कार्रवाई से सूचित किया गया है। स्वास्थ टीम ने दुकान पर नोटिस भी चस्पा की है। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ है। अभिलेख तलब किए गए हैं। जांच की प्रक्रिया लंबी चलेगी। उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

## गुरु वंदन समारोह 28 को, सम्मानित होंगे शिक्षक

**प्रतापगढ़ अमृत विचार ।** सामाजिक एवं संवैधानिक जागरुकता समिति और अवनि ट्रस्ट के तत्वावधान में 28 जुलाई को तुलसीसदन हादीहाल में गुरु वंदन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें राष्ट्र निमार्ण में शिक्षक की भूमिका पर प्रबुद्धजनों द्वारा उद्बोधन होगा। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी की स्मृति में शिक्षक गौरव सम्मान से सम्मानित होंगे। आयोजक आलोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि हाईकोर्ट इलाहाबाद के न्यायाधीश अनीश कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा.सलिल कुमार करेंगे।प्रदेश सरकार के अपर महाधिवक्ता कुलदीपपति त्रिपाठी, जिलाधिकारी संजीव रंजन, सचिव उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद सुरेंद्र कुमार तिवारी,संघ के जिला प्रचारक प्रवेश,विक्रांत यादव,शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, अंकुर प्रकाश बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। संयोजक डॉ.सौरभ पाण्डेय ने बताया कि तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौत, तीन घायल

संवाददाता,बाबागंज।

**अमृत विचार ।** बाजार से बिस्किट लेकर वापस घर लौट रहे किशोर की बाइक में पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही युवक मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे पलटने से बच गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर जमकर पीटा और सड़क जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों और चालक को अस्पताल भेजवाया।लोगों को समझाबुझाकर जाम समाप्त कर यातायात बहाल कराया।



अभिनव गौतम (फाइल फोटो)

संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के खनवारी गांव निवासी 16 वर्षीय अभिनव कुमार गौतम उर्फ विक्की पुत्र देवी दिन गौतम गुरुवार को बाइक से घर से कुछ दूर नहर किनारे बाजार से बिस्किट लाने गया था। लौटते वक्त संग्रामगढ़ की ओर से आई ट्रक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे अभिनव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अनियंत्रित ट्रक की चपेट में बाइक से निशान का निमंत्रण देने के लिए निकले संग्रामगढ़ रजपालीपुर के 20 वर्षीय गुड्डु पटेल पुत्र रामदेव पटेल,खनवारी निवासी 20 वर्षीय अमित कुमार शुक्ल पुत्र शीतला प्रसाद शुक्ल एवं राजपालीपुर निवासी 22 वर्षीय राजकुमार पुत्र बाबूलाल घायल हो गए। हादसे के बाद जुटे ग्रामीणों ने ट्रक चालक को पकड़कर जमकर पीटा और सड़क पर ब्रेकर बनाये जाने को रास्ते को जाम कर दिया।

सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना संग्रामगढ़ सत्येंद्र सिंह भदौरिया मयफोर्स मौके पर पहुंचे। एसडीएम कुंडा भरत राम से बात कर ग्रामीणों को समझाबुझाकर यातायात बहाल कराया। वहीं,प्रभारी निरीक्षक थाना संग्रामगढ़ सत्येंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है,ट्रक को कब्जे में लिया गया है।

## दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद की सजा

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम पारुल वर्मा ने दलित नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोप में दोषी पाए गए अंतू थाना क्षेत्र के महेंद्र वर्मा को आजीवन कारावास व 46 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। वादी मुकदमा ने कोर्ट के समक्ष बताया कि 27 जून 2015 की रात 12 बजे घर के सामने उसकी 14 वर्षीय पीड़िता पुत्री ओसारे में सोई थी। महेंद्र वर्मा ने उसके साथ जबरन बलात्कार किया। घटना के बाद पीड़िता करीब 2 घंटे बाद अपने घर पहुंची और घटना की जानकारी चाची को दी। छह गवाहों से 10 प्रदर्शो को साबित कराया गया। पीड़िता ने न्यायालय में उपस्थित होकर आप बीती बताई। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक निर्भय सिंह ने की।

## मशाल जुलूस निकालकर याद की कारगिल विजय की गौरवगाथा

संवाददाता,प्रतापगढ़।





मशाल जुलूस निकालते भाजयुमो कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय जनता युवा मोर्चा के संयोजन में भाजयुमो कार्यालय से कारगिल विजय दिवस के पूर्व संध्या पर मशाल जुलूस निकाला गया। गौरवपूर्ण क्षण को यादकर विजय दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

जुलूस चौक घंटाघर से श्री राम तिराहा,आंबेडकर चौराहा से होते हुए शहीद स्मारक पर खत्म हुआ। समापन स्थल पर विजय दीप प्रज्ज्वलित किया गया,जो आज शुक्रवार शाम तक प्रज्ज्वलित रहेगा। विजय दिवस पर सरोजनी इन्टर कॉलेज भुपियामऊ में प्रदर्शनी का आयोजन है। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह, जिला महामंत्री सुजीत पाण्डेय, नितीश श्रीवास्तव, राहुल मौर्य, मनीष पाण्डेय, मदन पाल , अविनाश सिंह, प्रदीप सिंह, रोहित सिंह महेश पटेल, चंद्र प्रताप अभिषेक सिंह, विकल पांडेय, सुनील सरोज, शैलेश मिश्रा ,धोनी, नीरज अग्रहरी, अनमोल सिंह, प्रखर, मनीष सिंह, प्रमोद शोले आदि रहे।







## स्वरोजगार के लिए दिव्यांग करें आवेदन

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित दुकान–संचालन योजनान्तर्गत जनपद के ऐसे लोग जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत या इससे अधिक है, स्वरोजगार करने के इच्छुक है। जिन्हें पूर्व में इस योजना का लाभ नही मिला है, ऐसे दिव्यांगजन को 10 हजार रूपये दुकान संचालन हेतु एवं 20 हजार रूपये दुकान निर्माण किये जाने हेतु प्रदान किये जाते है। आवेदन सहज जनसेवा केन्द्र के माध्यम से स्थापित जनसुविधा केन्द्रों के माध्यम से किया जा सकता है।


# कार्यालय नगर पचांयत लालगंज, जनपद रायबरेली।

दिनांक: 24.07.2024

## उपविधि

नगर पंचायत लालगंत जनपद रायबरेली में उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 (2) के शीर्षक (ए)(बी)(सी) तथा जे0डी0 एवं धारा 212क के अधीन अधिकारों का प्रयोग करके अपनी सीमान्तर्गत की परिधि में भवन निर्माण उपविधि बनाई है। जिसका नगर पचांयत लालगंज बोर्ड प्रस्ताव संख्या–7 दिनांक 11.03.2024 के आलोक्य में तैयार उपरोक्त उपविधि दर या अन्य सम्बन्ध में सम्बन्धित व्यक्ति अपनी आपत्ति सुझाव नगर पंचायत लालगंज के कार्यालय में प्रकाशन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्राप्त करा सकता है, जिसका नियमानुसार निस्तारण किया जायेगा परन्तु 21 दिन के बाद प्राप्त आपत्ति सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। नगर पंचायत लालगंत (रायबरेली) उपविधि राजपत्र में प्रकाशन तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

**1–संक्षिप्त नाम व विस्तार–**(1) यह उपविधि भवन एवं प्रोजेक्शन उपविधि, 2024, नगर पंचायत लालगजं, जनपद रायबरेली कहलायेगी।

(2) यह उपविधि उ0प्र0 सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होगी।

(1) ''भवन निर्माण'' से तात्पर्य नगर पंचायत की सीमा के अन्दर होने वाले किसी भी भवन के नये निर्माण, पुनर्निर्णाण वर्तमान भवन में परिवर्तन आदि से है।

(2) ''प्रोजेक्शन'' से तात्पर्य नगर पंचायत की सीमा के अन्दर सार्वजानिक एवं सरकारी सड़क या नाली के ऊपर छज्जा या चबूतरा आदि के निर्माण से है।

(3) ''अधिशासी अधिकारी'' से तात्पर्य नगर पंचायत में नियुक्त अधिशासी अधिकारी से है।

3–(1) नगर पंचायत के क्षेत्राधिकार के किसी भवन या उसके किसी स्थान में निर्माण, पुर्निर्माण या उसमें सारवान परिवर्तन अथवा बड़ा करने के अभिप्राय से अथवा छज्जा या चबूतरा बनाने के अभिप्राय से व कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व आवेदक को धारा 178(1) के अन्तर्गत नगर पंचायत को नोटिस देना होगा–

(क) प्रार्थी को स्वीकृति चाहने हेतु एक प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत करना होगा जो कि रू0 2.00 के कोर्ट फीस स्टाम्प पपेर पर होगा।

(ख) इस प्रार्थना–पत्र के साथ प्रार्थी को दो मानचित्र प्रस्तुत करने होंगे। इन मानचित्रों में प्रस्तावित मकान का पूर्ण विवरण दिया जा जावेगा तथा यह भी दर्शाया जावेगा कि बनाने से पूर्व भूमि की क्या दशा है और भूमि का कितना क्षेत्रफल है।

(ग) प्रार्थी इन मानचित्र के साथ एक प्रमाण–पत्र इस आशय का प्रस्तुत करेगा कि यह भूमि जहॉ निर्माण कार्य करना चहता है उसकी अपनी है, उसका ब्यौरा प्रस्तुत करेगा।

(घ) प्रार्थना–पत्र में निर्माण का विवरण देते हुए वह स्पष्ट करेगा कि वह मरम्मत या फेरवदल या ऊपरी भाग का पूर्ण नवनिर्माण करना चाहता है।

(च) जिस आर्किटेक्ट से नक्शा बनवायेगा, उसी से उस भवन का अनुमानित लागत का प्रमाण–पत्र भी प्रस्तुत करेगा।

(छ) नक्शा ग्राफ पेपर या ब्लू प्रिन्ट होंगे और दूसरा नक्शा जो नगर पंचायत लालगंज में रखा जायेगा, वह क्लाथ पेपर पर होगा। अन्य दस्तावेज जैसा नगर पंचायत अपेक्षा करें, जमा किया जायेगा।

(2) धारा 3(1) के अन्तर्गत दिये गये नोटिस के साथ नगर पंचायत के अवशेष करो एवं निश्चित किया गया शुल्क की रसीद लगाना अनिवार्य है इसके बिना नोटिस वैद्य नही होगा।

(3) भवन के निर्माण के लिए स्वीकृत जारी न किये जाने की दशा में अदा किया गया शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

(4) नगर पंचायत के क्षेत्राधिकार के अन्दर किसी भवन का निर्माण, पुनर्निर्माण या किसी भवन में या उसके किसी भाग में परिवर्तन या बढाने या प्रोजेक्शन के नोटिस के साथ मानचित्र या सूचनायें दो प्रतियों में दी जायेगी, किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि सार्वजनिक सड़कों तथा गलियों के सह निकट दरवाजा या खिड़की खोलने के लिए मानचित्र की आवश्यकता नहीं है।

(5) प्रार्थना–पत्र के साथ प्रस्तावित स्थान का मानचित्र एक मीटर बराबर एक सेंटीमीटर के पैमाने से कम नहीं खींचा जायेगा और उसमें निम्नलिखित दर्शाया जायेगा।

(क) स्थल की सीमायें और उनकी माप सीमावर्ती भूमि जो उसके स्वामी की है।

(ख) भवन के सह निकट की गलियों की चौडाई मोहल्लों का नाम, भवन की सीमायें प्रदर्शित होगी।

(ग) हर मंजिल का नक्शा शहर के सह निकट खुलने वाले दरवाजे तथा खिड़कियों आदि की स्थिति।

(घ) नक्शों में नवीन निर्माण जिसके लिए प्रार्थना–पत्र दिया गया है लाल रंग से तथा पुराने भवन नीले रंग से दिखाया जायेगा।

(च) भवन के पास सरकारी बिजली की लाइन की क्षैतिज दूरी स्पष्ट रूप से मानचित्र पर अंकित की जायेगी।

4– निर्माण की स्वीकृति धारा 180 के अन्तर्गत की जायेगी। प्रत्येक स्वीकृति छः माह तक वैद्य होगी। किन्तु प्रार्थी द्वारा समय बढाने के प्रार्थना–पत्र पर मूल स्वीकृति से दो वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

5– यदि निर्माण की स्वीकृति दी जाने के उपरान्त नगर पंचायत की किसी समय यह संतुष्टि हो जाये कि किसी गलत सूचना के आधार पर अनुमति ली गई है तो नगर पंचायत अनुमति रद्द कर सकती है। इस प्रकार की अनुमति के अन्तर्गत किया गया कोई कार्य बिना अनुमति किया माना जायेगा।

6– अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी तथा इनके द्वारा अधिकृत सदस्य या कर्मचारी किसी भी समय स्वीकृति चाहने वाले कार्यो का निरीक्षण कर सकता है।

7– भवन निर्माण हेतु दी गई स्वीकृति का प्रभाव धारा 184 के अनुसार होगी।

8– चलचित्र भवन बनाने की अनुमति जिलामजिस्ट्रेट द्वारा दी गई अनुमति के पश्चात प्रदान की जायेगी।

9– भवन निर्माण हेतु नक्शे में प्रोजेक्शन एवं चबूतरे का विवरण स्पष्ट अंकित किया जायेगा। प्रोजेक्शन की स्वीकृति निम्न प्रतिबन्धों के साथ दी जायेगी।

(1) भवन के ऊपर मंजिल से बालकनी, बरामदा, छज्जा या अन्य प्रक्षेप ऐसी सड़क के ऊपर नहीं बनाया जायेगा जिसकी चौड़ाई 12 फिट से कम हो।

(2) किसी भी प्रक्षेप की चौडाई 3 फिट से अधिक नहीं होगी किन्तु सड़क के धरातल से प्रक्षपे की ऊचाई 12 फिट से कम नहीं होगी।

(3) यदि प्रस्तावित प्रक्षेप से बिजली की लाइन तक पहॅुच सकना सम्भव होगा तो प्रक्षेप की अनुमति न दी जायेगी। जब तक बिजली की लाइन में परिवर्तन न हो जाय।

(4) प्रत्येक प्रक्षेप के लिए शुल्क अलग–अलग लिया जायेगा। यदि एक ही भवन में दो या अधिक मंजिलों पर प्रक्षेप बनता हैं तो शुल्क अलग–अलग लिया जायेगा।

10– अधिनियम की धारा 186 के अन्तर्गत निर्माण को रोकने तथा निर्माण किये गये भवन को गिराने का अधिकार इन उपविधियों में किसी बात के होते हुए भी हागे ा।

(1) इन उपविधियों की किसी बात से यह न समझा जायेगा कि वह सब सड़कों व नलियों के ऊपर अतिक्रमण तथा प्रक्षेपों को हटाने के लिए नगर पालिका अधिनियम की धारा 211 के द्वारा नगर पंचायत को प्रदत्त किसी अधिकार को कम करती है, भले ही ऐसे अतिक्रमण तथा प्रक्षेपों के लिए स्वीकृति दे दी हो।

11– प्रस्तुत मानचित्र पर अधिशासी अधिकारी द्वारा धारा 180 एवं धारा 298 शीर्षक 'क' के उपशीर्षक (ज) में निहित प्रावधानों के सम्बन्ध में एवं निर्माण की रीति अभीवियों, चिमनियों, नालियों शौंचालयों, संडासों, मूत्रालयों और मलकूप की स्थिति, वायु के निर्वाध संचरण को सुनिश्चित करने, आगे लगने की रोकथाम के लिये भवन के चारों ओर छोड़ा जाने वाला स्थान, मंजिलों की संख्या अन्य ऐसे विषय जिससे सतायन या स्वच्छता पर प्रभाव पड़ता हो, भवन के बाहर ग्रीन एरिया के अनुपाल, रेनवाटर हार्वेस्टिंग इत्यादि के सम्बन्ध में यथाशक्य विचार किया जायेगा। विशेष ध्यान रखा जायेगा कि भवन में ऑगन या वाटिका के लिए कुछ भूमि खाली छोडों लाये खाली भूमि के क्षेत्र का निर्धारण मौके की स्थिति को ध्यान में रखकर किया जायेगा। तदुपरान्त मानचित्र हेतु स्वीकृत अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी द्वारा प्रदान की जायेगी।

12–यदि मानचित्र अस्वीकृत किया जाता है, तो नगर पंचायत द्वारा कारणों को दर्शाते हुए आपत्तियों को दुरुस्त करने की अपेक्षा की जा सकती है। तदोपरान्त पुनः आवेदन किया जा सकता है। इस हेतु कोई आवेदन शुल्क नहीं लिया जायेगा।

13–आर्किटेक्ट के लिए रु0 10,000.00 (दस हजार रुपया) वार्षिक शुल्क लेकर लाईसेन्स दिया जा सकता है। लाइसेन्स की अवधि 1 अप्रैल से 31 मार्च होगी। लाइसेन्स जारी होने के उपरान्त अन्य आर्किटेक्ट से बनाया हुआ मानचित्र अवैध करार दिया जा सकता है–

(1) यदि कोई लाईसेन्स शुदा आर्किटेक्ट नहीं है तो नक्शा किसी भी योग्यता प्राप्त आर्किटेक्ट से बनवाया जा सकता है।

(2) आवेदक के मानचित्र को तैयार कराने का दायित्व नगर पंचायत का नहीं होगा।

14– किसी सड़क या भूमि के ऊपर अपनी जगह में कोई दरवाजा, खिड़की, नाली अनुमति लेकर ही बनायी जायेगी।

15– भवन का निर्माण किसी भी कारण से नगर पंचायत की नाली/नाले/सड़क को आच्छादित नहीं करेगा।

(1) भवन के सामने के नाले को यथासम्भव लोहे का चलायमान जाल डालकर आवागमन योग्य किया जा सकता है, ताकि नाले/नालियों की सफाई में कोई बाधा न उत्पन्न हो नाले/नालियों/सड़क के आच्छादन की स्थिति में प्रथम अपराध के लिये रु0 2,000.00 एवं अग्रेतर उल्लंघन की स्थिति में रु0 200.00 प्रतिदिन का अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा।

(2) कोई भी भवन निर्माण सरकारी सड़क से या नाली के बाहरी किनारे से 2 फुट भूमि को छोड़कर किया जाएगा तथा गलियों में 1 फुट भूमि छोड़कर निर्माण किया जायेगा।

16–भवन निर्माण कार्य आरम्भ करने पर भवन स्वामी–द्वारा नगर पंचायत को यह सूचना दी जायेगी कि कार्य आरम्भ कर दिया गया है। निर्माण कार्य पूरा किये जाने का प्रमाण–पत्र अवश्य प्रस्तुत करना होगा। यह प्रस्तावित भवन तब तक पूर्णरूपेण या अंशतया अध्यासित नहीं किया जायेगा, जब तक कि पालिका इस आशय का प्रमाण–पत्र जारी न कर दे।

17– संदर्भित भवन का निर्माण अनुज्ञापित तकनीकी व्यक्ति के पर्यवेक्षण में कराया जायेगा। निर्माण निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता एवं विशिष्टियों के लिये आवेद क पूर्ण रूपेण उत्तरदायी होगा।

18–कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक या निजी सड़क या गली में पालिका की स्वीकृति के बिना नाली, फर्श का निर्माण नहीं करेगा और न ही कोई फर्श या नाली तोड़ेगा या उसमें परिवर्तन करेगा। उल्लंघन की स्थिति में प्रथम अपराध के लिये रु0 2,00.00 प्रतिदिन का अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा।

19–कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक या निजी सड़क या गली में या किनारे पालिका की स्वीकृति के बिना भवन निर्माण सामग्री का भण्डारण नहीं करेगा। इसके लिए नियमानुसार कार्य आरम्भ करने से पूर्व अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना–पत्र देकर स्वीकृति प्राप्त करनी होगी। स्वीकृति प्रदान करने के उपरान्त भी यदि पालिका को यह विश्वास करने का कारण हो कि उक्त भवन निर्माण सामग्री का भण्डारण से यातायात या सार्वजनिक आवागमन में कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तोडी गई अनुमति समाप्त की जा सकती है।

20–भवन निर्माणकर्ता कार्य समाप्त कर सड़क पर पड़ा मैटरियल/मलवा आदि साफ कराएगा और गढ्ढे आदि भरवाएगा। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक या निजी सड़क या गली/नाला/नाली में या किनारे पालिका की स्वीकृति के बिना भवन के मलबे का भण्डारण नहीं करेगा। यदि पालिका को यह विश्वास करने का कारण हो कि उक्त भवन के मलबे के सड़क/नाली/नाले में भण्डारण से यातायात या सार्वजनिक आवागमन/जल निकासी में कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तो पालिका उसे 24 घण्टे में हटाने की अपेक्षा व्यक्ति से कर सकती है और उल्लंघन की स्थिति में अर्थदण्ड आरोपित कर सकती है।

21– यदि कोई निर्माण स्वीकृति प्राप्त किये बिना किया जाता है, तो अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वतः संज्ञान लेने पर या आवेदक द्वारा निर्माण के पश्चात स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत करने पर यदि वह निर्माण इस उपविधि के अन्तर्गत दी गई शर्तो के अनुरूप बनाया गया है तो उसको स्वीकृति भी दी जा सकती है। ऐसी स्वीकृति के लिए निर्धारित शुल्क के अनिरिक्त 20 गुना अर्थदण्ड अधिशासी अधिकारी द्वारा अपने विवेकानुसार किया जा सकता है।

22–नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 212(क) के प्राविधानों के अन्तर्गत नगर पंचायत की सीमा के बाहर से 5 कि0मी0 की दूरी तक समस्त भवन, मार्ग या नाली के निर्माण इस उपविधि से नियंत्रित या विनियमित होंगे अर्थात यह उपविधि सीमा के बाहर 5 कि0मी0 की दूरी तक प्रभावी होगी।

23–स्वीकृति के लिए निम्नलिखित शुल्क अग्रिम देय होगा।

**अनुसूची**

| क्र0स0 | स्वीकृत योग्य शर्ते | दरे रु0 में |
|---|---|---|
| 01 | मानचित्र स्वीकृत हेतु प्रार्थना–पत्र का शुल्क | 500.00 |
| 02 | आवासीय भवन/कॉलोनी प्लान निर्माण/पुनः निर्माण अथवा परिवर्तन के लिए दर | 50.00 प्रति वर्ग मीटर। |
| 03 | व्यवसायिक एवं आवासीय तथा केवल व्यवसायिक/वाणिज्यिक/व्यापारिक प्रतिष्ठानों के भवन/कॉलोनी प्लान के निर्माण/पुनः निर्माण अथवा परिवर्तन के लिए दर | 200.00 प्रति वर्ग मीटर। |
| 04 | बहुमंजिला आवासीय बिल्डंग काम्प्लेक्स | 500.00 प्रति वर्ग मीटर। |
| 05 | बहुमंजिला व्यवसायिक बिल्डिंग काम्प्लेक्स | 1000.00 प्रति वर्ग मीटर। |
| 06 | खिड़की, दरवाजे, नाली आदि के निर्माण के लिए | 500.00 प्रति |
| 07 | अवधि बढाये जाने के लिए प्रार्थना–पत्र का शुल्क | 500.00 |
| 08 | छज्जा, बालकनी, चबूतरा के लिए शुल्क | 200.00 वर्ग मीटर |
| 09 | निर्माण सामग्री सार्वजनिक सड़क के किनारे रखने हेतु शुल्क (प्रति 50 वर्ग फिट पर) | प्रथम 2 दिन निःशुल्क अनिरिक्त प्रति 10 दिन रु0 1000.00। |
| 10 | सड़क व नालियों में भवन का जमा मलवा नगर पंचायत के कार्मियों द्वारा हटाने हेतु शुल्क | 5000.00 एकमुश्त। |
| 11 | मात्र दीवार निर्मित कराने हेतु | 25.00 प्रति मीटर। |

नोट–(1) प्रत्येक मंजिल का शुल्क अलग–अलग लिया जायेगा।

(2) दरों में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की बढोत्तरी होगी जो वित्तीय वर्ष के प्रथम अप्रैल से लागू होगी। इन शुल्क बढोत्तरी को पॉच वर्ष पश्चात लागू रखने के लिए नगर पंचायत पुनः विचार कर सकती है।

(3) यदि कोई दुकान, रेस्टोरेन्ट या गोदाम किसी सामाजिक या धार्मिक संस्था के द्वारा बनायी जा रही है तो उसकी फीस, उपरोक्त दरों की 1/2 होगी। मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा, गिरजाघर, धर्मशाला या अन्य कोई पूजा गृह जिसमें किराये आदि की व्यवस्था न हो वह निःशुल्क होगा।

(4) भूमिगत तल की अनुमति सामान्यतया नहीं दी जायेगी। अनुमति विशेष परिस्थिति में प्रस्तावित भवन के आसपास के भवनों एवं सार्वजनिक सड़क/नाली की स्थिति को ध्यान में रखकर उपरोक्त भवन श्रेणियों की दरों के 4 गुना दर पर ही दी सकेगी।

**दण्ड**

उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299 (1) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करके नगर पंचायत लालगंत निर्देश देती है कि इस उपविधि की किसी भी धारा का उल्लंघन करने पर रु0 1000.00 तक अर्थदण्ड दिया जायेगा। यदि अपराध प्रथम दोष होने के दिनांक से निरंतर जारी रहा हो तो रु0 25.00 प्रतिदिन अतिरिक्त अर्थदण्ड दिया जायेगा।

**लिपिक/टी0सी0**
नगर पंचायत लालगंज
रायबरेली।

**(राजभान शुक्ला) अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत लालगंज
रायबरेली।

**(सरिता गुप्ता) अध्यक्ष**
नगर पंचायत लालगंज
रायबरेली।

## एक नजर

### हलवाई ट्रेड के आवेदकों का साक्षात्कार आज

रायबरेली, अमृत विचार। उपयुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया कि शासन द्वारा प्रदेश में प्रचलित वर्तमान रोजगार योजनाओं में उप्र सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के लिए लक्ष्यों को सम्मिलित किया गया है। जिसमें विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत ट्रेडवार अधिक से अधिक लोगों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में लाभान्वित किया जाना है। हलवाई ट्रेड के सभी ऑनलाइन प्राप्त आवेदकों का साक्षात्कार किया जा रहा है। उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया कि 26 जुलाई 2024 को उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र में आवेदकों का साक्षात्कार लिया जाएगा।

### निषादराज बोट सब्सिडी को 31 तक करें आवेदन

रायबरेली, अमृत विचार। प्रभारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत निषादराज बोट सब्सिडी योजना के लिए अर्ह मत्स्य पालकों एवं मछुआरा समुदाय के इच्छुक व्यक्ति विभागीय पोर्टल पर एक जुलाई से 21 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन के लिए खोला गया था। उन्होंने बताया कि मत्स्य निदेशालय ने पुन: उक्त योजना में आवेदन करने के लिए 31 जुलाई की अंतिम तिथि बढ़ा दी है।

### इंटर लाकिंग मार्ग निर्माण को रोका, लोगों में आक्रोश

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग बाईपास बनने से अवरुद्ध हुए गांव के लोगों के लिए एनएचएआई इंटर लाकिंग मार्ग का निर्माण कर रहा है। जिसे गांव के कुछ लोगों ने बांस बल्ली लगाकर रोक दिया है। जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी असंतोष है। मामला पट्टी रहस कैथवल गांव का है। गांव के पास से एनएचएआई द्वारा राजमार्ग का बाईपास बनाया गया है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हुआ है। गांव के लोगों का कहना है यह इंटर लाकिंग मार्ग भूमि संख्या 1237 पर बन रहा है। जो राजस्व अभिलेखों में नवीन परती दर्ज है। बावजूद गांव के कुछ लोगों ने बांस बल्ली लगाकर इस इंटर लाकिंग मार्ग निर्माण को रोक दिया है। गांव के विमलेश आदि ने तहसीलदार को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### टेंपो पलटने से 10 छात्राएं घायल

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। लखनऊ के पिपरसण्ड नवोदय विद्यालय में आयोजित खेल प्रतियोगिता के बाद रायबरेली से टेंपो से नवोदय विद्यालय लौट रहीं 10 छात्राएं व अध्यापिका टेंपो के अनियंत्रित होकर पलटने से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से छात्राओं सहित अध्यापिका अर्चना यादव को सीएचसी महराजगंज लाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य चंदन बागीश ने बताया कि मामूली चोटें आई हैं। इलाज कराया गया है सभी छात्राएं विद्यालय में सुरक्षित है।

### पिकअप ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, चालक घायल

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। बृहस्पतिवार सुबह कस्बे के रेलवे स्टेशन के पास लखनऊ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकअप आगे चल रहे ई रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी। ई रिक्शा चालक लक्ष्मण पुत्र बाबू (27) निवासी भवनपुर थाना शिवगढ़ जो रेलवे स्टेशन पर सवारी उतार कर वापस कस्बे की ओर आ रहा था। जो गंभीर रूप से घायल हो गया तथा रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गया। ई-रिक्शा में अन्य सवारियां नहीं बैठी हुई थी वरना बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता था। पिकअप चालक मौके का फायदा उठाकर भाग निकला तथा स्थानीय लोगों के द्वारा ई रिक्शा चालक को एंबुलेंस की सहायता से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया, जहां युवक का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

# चुनाव में बड़े पैमाने पर फर्जी वोटिंग का आरोप

## फर्जी प्रमाणपत्र मामला : भाजपा विधायक अशोक कुमार ने की किसी बड़ी एजेंसी से जांच कराने की मांग

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर

**विधायक का आरोप**

▸▸ क्षेत्र में बनाए जा रहे हैं फर्जी आधार कार्ड व पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थी

**अमृत विचार।** सलोन में बनाए गए 19000 से ज्यादा फर्जी प्रमाण पत्रों मामले में स्थानीय विधायक अशोक कुमार ने बड़ा आरोप लगाया है। विधायक का कहना है कि इसी से लोकसभा के चुनाव में रायबरेली और अमेठी में बड़े पैमाने पर 'बोगस' वोटिंग हुई है।

विधायक का कहना है कि किसी बड़ी एजेंसी द्वारा इसकी जांच की जानी चाहिए। इतना ही नहीं विधायक का आरोप है कि क्षेत्र में फर्जी आधार कार्ड और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के फर्जी लाभार्थी भी बनाए जा रहे हैं।

सलोन में ग्राम विकास अधिकारी विजय सिंह यादव की आईडी से 19000 से ज्यादा फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का मामला सामने आया है। इस फर्जीवाड़ा मामले में जहां ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित कर जन सेवा केंद्र के संचालक जीशान, रियाज सहित चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच करने आई जोन लखनऊ व एटीएस आईजी भी सलोन आए थे। अशोक कुमार का कहना है सीएचसी संचालक जीशान के यहां किराए पर रहे रहे ग्राम विकास अधिकारी की आईडी से 19000 से ज्यादा फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का जो मामला सामने आया है उसके लिए उन्होंने एसीएस से स्वयं बात की थी जिस पर पूरे मामले को शासन द्वारा गंभीरता से लेकर जांच की जा



भाजपा विधायक अशोक कुमार

रही है। विधायक का कहना है कि सिर्फ सलोन तहसील ही इसकी जांच प्रदेश और देश स्तर पर होनी चाहिए। विधायक ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्रों का रोहंगिया और बांग्लादेश से भी कनेक्शन जुड़ने का अंदेशा जताया है। इतना ही नहीं विधायक का आरोप है कि इस तरह जो फर्जी वोटर कार्ड, और फर्जी आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं उनसे रायबरेली और अमेठी में हुए लोकसभा चुनाव में बड़े पैमाने पर बोगस वोटिंग कराई गई है। इसकी किसी बड़ी एजेंसी के द्वारा जांच की जानी चाहिए।

**सलोन में बड़े पैमाने पर हुआ है फर्जीवाड़ा**

विधायक का आरोप है कि उन्हें जानकारी मिली है कि कुछ ऐसे भी जन सेवा केंद्र हैं जहां फर्जी आधार कार्ड बनाए जाते हैं। विधायक का कहना है कि सलोन में ऐसे दो जन सेवा केंद्र है जहां प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के फर्जी लाभार्थी भी बनाए जाते हैं। उनके खाते में जब आ जाता है तो सीएचसी संचालक पहली किस्त उनसे स्वयं ले लेते हैं। विधायक का कहना है कि सलोन में बड़े पैमाने पर खेल हुआ है। रियाज, जीशान और ग्राम विकास अधिकारी विजय ने पिछले दो-तीन वर्षों में बड़े पैमाने पर सम्पत्ति बनाई है। विधायक का कहना है कि अगर बैकग्राउंड खंगाला जाए जांच एजेंसियों को बड़ा लाभ मिल सकता है।

**आज मुख्यमंत्री से मिलेंगे विधायक**

सलोन विधायक ने बताया कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर सलोन में हुए इस फर्जीवाड़े की जांच एटीएस या एनआइए से जांच कराने की मांग की जाएगी। इसके साथ ही क्षेत्र में फर्जी किसान सम्मान निधि का लाभ विशेष जाति व समुदाय के लोगों को दिया जा रहा है। 12 से 14 वर्ष के बच्चों के खाते में पैसा आया है। इसकी भी मुख्यमंत्री से मिलकर वृहद स्तर पर जांच कराने की मांग की जाएगी।

# ऊंचाहार में सालों से चल रहा था फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का खेल

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली।

**अमृत विचार।** सलोन में हजारों फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का मामला उच्च स्तर पर जांच की जद में है। इसमें चार लोग जेल जा चुके हैं। ऐसा ही मामला ऊंचाहार में कई सालों से होता रहा है। ऊंचाहार के ब्लाक गेट के पास और बैंक ऑफ बड़ौदा के बगल में दो जनसुविधा केंद्र संचालक जन्म प्रमाण पत्र बनाते रहे हैं। इन लोगों द्वारा कई हजार जन्म प्रमाण पत्र बनाया गया है। एक जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए डेढ़ सौ से दो सौ रुपया लिया जाता था। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रोफार्मा पर यह प्रमाण पत्र जारी किया जाता था। बताया जाता है कि इन केंद्रों पर पैसा जमा करने के तीन-चार दिन बाद प्रमाण पत्र बनाकर दे दिया जाता था। विगत कई वर्षों से यह काम किया जा रहा था। सलोन में फर्जीवाड़ा पकड़े जाने के बाद यहां भी सारा काम बंद कर दिया गया है। किंतु विगत कई सालों में कई हजार जन्म प्रमाण पत्र यहां से जारी हो चुके हैं, जिनके आधार पर अन्य पहचान अभिलेख भी तैयार किए जा चुके हैं। सलोन प्रकरण के बाद स्थानीय स्तर पर लोगों में इन दो केंद्र संचालकों को लेकर खासी सुगबुगाहट है। खंड विकास अधिकारी कामरान नेमानी का कहना है कि उन्हे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। आपके जरिए जानकारी मिली है, मामले का पता करता हूं।

# आपदा से बचाव के लिए किया पूर्वाभ्यास

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली।

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन विभाग लखनऊ द्वारा गुरुवार को गंगा तट डलमऊ में मॉक एक्सर साइज किया गया। इस दौरान टीम ने बाढ़ के समय डूबने आदि जैसी आपदाओं से निपटने का पूर्वाभ्यास किया। इसमें क्षेत्रीय विभागों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। सभी विभागों द्वारा अपने-अपने आपदा के समय दी जाने वाली सुविधाओं की एक्सर साइज की गई।

गुरुवार को गंगा तट डलमऊ के रानी शिवाला घाट पर उप जिलाधिकारी डलमऊ मनोज कुमार सिंह की अगुवाई में मॉक



डलमऊ गंगा नदी में डूबे युवक को बाहर निकाल कर उसके बचाव का अभ्यास करती एसडीआरएफ टीम। अमृत विचार

एक्सरसाइज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि विश्व बचाओ दिवस के क्रम में मॉक एक्सरसाइज का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन लखनऊ द्वारा क्षेत्रीय विभागों के अधिकारियों और कर्मियों के साथ बाढ़ आपदा के पहले और आपदा के दौरान तथा आपदा के बाद होने वाली समस्याओं से निजात दिलाने के लिए एक्सरसाइज की गई। बाढ़ के समय डूबे हुए को बचाने के लिए एसडीआरएफ टीम के कर्मचारियों के साथ क्षेत्रीय गोताखोर द्वारा बचाव की मॉक एक्सरसाइज की गई।

कार्यक्रम में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, विकास विभाग, खाद्य पूर्ति विभाग एवं एसडीआरएफ के कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने कार्यों का अभ्यास किया गया। जिसकी ट्रेनिंग के निर्देश आपदा प्रबंधन नई दिल्ली के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दी गई। इस मौके पर तहसीलदार डलमऊ उमेश चंद्र, नायब तहसीलदार डलमऊ शिवम सिंह राठौर, क्षेत्राधिकारी अरुण सिंह, कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर, डा विनीत सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल हरिओम त्रिपाठी आदि के साथ अन्य विभाग के अधिकारी व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए 30 सितंबर तक करें आवेदन

**रायबरेली, अमृत विचार।** गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय पुरस्कार दिये जाने के लिए जिले के पात्र व्यक्तियों के आवेदन पत्र 30 सितंबर तक चार प्रतियों में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए हैं। डीएम हर्षिता माथुर ने बताया कि शासन ने पूर्व में परिचालित किये गये मार्गदर्शी सिद्धान्त के अनुसार पुरस्कार प्राप्त करने की अर्हताए तय की गई है। प्रदेश में निवासरत व्यक्तियों में से कोई एक व्यक्ति, जिसने मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य किया हो तथा इसके लिए पूर्णतः समर्पित रहे हो।

## सार-संक्षेप

### रायन में स्टूडेंट काउंसिल का हुआ गठन



रायन इंटरनेशनल स्कूल में स्टूडेंट काउंसिल के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं।

रायबरेली, अमृत विचार। गुरूवार को रायन इंटरनेशनल स्कूल में स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया। इसके बाद काउंसिल के सभी पदाधिकारी को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। स्टूडेंट काउंसिल के शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि 66 यूपी एनसीसी बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल संजीव खुराना तथा विशिष्ट अतिथि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उद्यान अकादमी के असिस्टेंट कमांडर मनप्रीत सिंह एवं निशांत सिंह यादव थे। आए हुए सभी अतिथियों को विद्यालय गेट पर एनसीसी कैडेट्स ने उनके सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया। कार्यक्रम प्रधानाचार्या सदफ खान, आयुषी तिवारी, स्मिता सिंह, वंशिका सिंह स्पीकर, श्रेष्ठा गुप्ता, सानिध्य चौहान, अखंड प्रताप सिंह, अन्नय वीर सिंह, मानस खत्री, शताक्षी त्रिपाठी, मौली जैन, अन्यया वाजपेई, उत्कर्ष त्रिपाठी, श्रेया श्रीवास्तव, निशांत सिंह यादव, दीनानाथ सिंह, सुषमा सिंह, आलोक मिश्रा आदि लोग मौजूद थे।

### पूर्व सभासद ने फांसी लगा कर दी जान

लालगंज, रायबरेली। लालगंज नगर के पूरे देवी रामलीला मैदान निवासी मोहम्मद रफीक उर्फ बबलू पुत्र मजीद ने तंगहाली के चलते फांसी लगाकर जान दे दी। पूरी देवी मोहल्ले के मुस्लिम परिवार में गुरुवार सुबह उसे समय हड़कंप मच गया जब रफीक का शव फांसी पर लटका हुआ पाया गया। मोहम्मद रफीक समाजवादी पार्टी का नेता था और पूर्व में सभासद भी रहा था। रफीक की मौत से उसकी पत्नी जरीना और दो बच्चे बेसहारा हो गए हैं। रफीक ने घर के अंदर फांसी लगाई है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने रफीक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### आबकारी विभाग ने 75 लीटर अवैध कच्ची शराब पकड़ी

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। गुरूवार को जिला आबकारी अधिकारी रविन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक लालगंज संजीव सिंह व आबकारी निरीक्षक सदर अखिलेश कुमार की संयुक्त टीम द्वारा जनपदीय आबकारी स्टाफ के साथ थाना गुरुबक्शगंज के अन्तर्गत ग्राम शिवलहा, आशाराम का पुरवा व थाना खीरो के अंतर्गत ग्राम मोहनपुरा आदि गांवों में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों आदि स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान लगभग 75 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा 4 भट्ठियों को तोड़ते हुए लगभग 600 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया। चार अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किए गए। जिला कार्यकारी ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### रिश्वतखोरी के विरोध में उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। बिजली समस्या और विद्युत कर्मचारियों की रिश्वतखोरी के विरुद्ध ग्रामीणों का गुस्सा फूटा है। ग्रामीणों ने विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर जमकर हंगामा काटा और बिजली अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मामला रोहनिया विकास खंड के रसूलपुर विद्युत उपकेंद्र का है। गुरुवार को उपकेंद्र पर पहुंचे दर्जनों ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया है। ग्रामीणों के विद्युत अधिकारियों के विरुद्ध नारेबाजी भी की है। हंगामा करने वाले ग्रामीण रसूलपुर के निवासी थे। ग्रामीणों का कहना था कि उनके गांव में कम भार का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, जिससे लो वोल्टेज की समस्या रहती है। गांव का विद्युत तार भी जर्जर है। बिजली अधिकारियों से ट्रांसफार्मर और तार बदलने के लिए ग्रामीणों ने कहा तो उनसे सुविधा शुल्क मांगा जा रहा है। इसी से आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने उपकेंद्र पर हंगामा काटा। उधर अवर अभियंता अवनीश कुमार ने बताया कि इस समय बिजली की मांग बढ़ी हुई है, उपकेंद्र को इनकमिंग काफी कम मिल रही है, जिससे लो-वोल्टेज की समस्या है। मांग घटने पर समस्या खत्म हो जायेगी।

### श्री बरखण्डी विद्यापीठ में एनसीसी भर्ती परीक्षा सम्पन्न

शिवगढ़, रायबरेली। क्षेत्र के श्री बरखण्डी विद्यापीठ इंटर कॉलेज में एनसीसी कैडेट की भर्ती के लिए कक्षा 9 के छात्रों की लिखित, शारीरिक परीक्षा तथा मेडिकल चांच कराई गई। इसमें 35 छात्रों ने प्रतिभाग किया। कर्नल संजीव खुराना ने सीनियर कैडेटों व अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देशभक्ति के लिए त्याग, बलिदान, मेहनत, लगन तथा ईमानदारी की आवश्यकता होती है। प्रधानाचार्य राजकुमार गुप्ता ने बताया कि यह परीक्षा कर्नल विक्रमादित्य सिंह पाल, कर्नल संजीव खुराना के संरक्षण में सम्पन्न हुई। परीक्षा कराने में सूबेदार मेजर धनदेव, सूबेदार रघुबीर सिंह, हवलदार हरजीत सिंह तथा सीटीओ अविनाश सोनकर मौजूद रहे। सीएचसी शिवगढ़ में तैनात डा. सौरभ सिंह के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने एनसीसी भर्ती परीक्षा में शामिल छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

### अपनी रायबरेली रमणीय रायबरेली का लोगो जारी



लोगो जारी करतीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। शासन के मंशानुसार और जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की देखरेख में जनपद के चौराहों और प्रमुख स्थलों का सौन्दरीकरण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कई विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में अपनी रायबरेली रमणीय रायबरेली का लोगो जारी किया। शहर को सुंदर बनाने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा सिविल लाइन चौराहा, राजघाट तिराहा, झलकारी बाई, डीएम रेजिडेंसी, राजघाट तिराहा, जिला हॉस्पिटल, गोरा बाजार, आईटीआई चौराहा, मुंशीगंज, भदोखर आदि स्थानों के लिए कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही इन स्थानों पर स्ट्रीट लाइट, सेल्फी प्वाइंट भी लगाए जाएंगे। इन कार्यों में सहयोग के लिए रायबरेली विकास प्राधिकरण, एनटीपीसी, विद्युत विभाग और लोक निर्माण विभाग को भी लगाया गया है। नगर पालिका द्वारा ही 66 फुटा रोड, सारस होटल और वन स्टाफ सेंटर के पास रोड निर्माण और उसकी रिपेयरिंग का कार्य कराया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा त्रिपुला चौराहा से मुंशीगंज तक ग्रीन बेल्ट का निर्माण कराया जाएगा। नगर पालिका द्वारा जेल गार्डन रोड पर सब्जी और फलों के पटरी विक्रेताओं को उचित स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा। डिग्री कॉलेज चौराहा, हाथी पार्क और रतापुर चौराहा पर वर्टिकल गार्डन का निर्माण कराया जाएगा। नगर पालिका द्वारा बरगद चौराहा, मामा चौराहा, फायर और विकास प्राधिकरण द्वारा शाहिद स्मारक के दोनों तरफ उच्च प्रकाश स्तंभ स्थापित किए जाएंगे। इस मौके पर एडीएम वित्त एवम राजस्व अमृता सिंह, एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, ईओ स्वर्ण सिंह मौजूद रहे।

# डीसीएम और ट्रक की टक्कर में चालक की मौत

संवाददता, बछरावां, रायबरेली।

**अमृत विचार।** बछरावां-मौरावां हाईवे पर इंचौली गांव के पास डीसीएम व ट्रक की आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे में डीसीएम चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

वहीं, डीसीएम पर सवार उसके परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया गया है। गुरुवार को सुरेश पुत्र देवी प्रसाद निवासी शुक्लागंज कानपुर डीसीएम पर भाड़ा लादकर अयोध्या गया हुआ था। डीसीएम पर उसका परिवार भी था। वापस लौटते समय बछरावां-मोरावां मार्ग पर चोली गांव के पास एक ट्रक से डीसीएम की आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे में डीसीएम चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, पत्नी पूजा, गुनगुन पत्नी गोपुलाल, दिव्यांशी पुत्री सुरेश आयुष पुत्र दीपक घायल हो गए। एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया गया है। थानाध्यक्ष ओपी तिवारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# शिक्षक नेताओं ने दिया धरना

संवाददाता, रायबरेली।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में गुरूवार को डीआईओएस कार्यालय पर धरना दिया गया। धरने में 23 बिन्दुओं पर मांग की गई है। इस दौरान शिक्षक नेताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीआईओएस को सौंपा है।

गुरुवार को डीआईओएस परिसर में आयोजित धरने की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश कुमार मिश्र ने सीएम से कई मांगों को पूरा कराए जाने की मांग की है। मंडलीय मंत्री जगजीवन प्रसाद शुक्ल ने शिक्षकों को सावधान करते हुए कहा कि शून्य से लेकर 7वें वेतनमान तक की



डीआईओएस कार्यालय पर धरना देते शिक्षक नेता। अमृत विचार

उपलब्धियां किसी सरकार ने कृपा और दया करके थाल सजाकर हमें नहीं दिया, बल्कि ओम प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में अग्रजों ने काफी संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि चयन बोर्ड की धारा 21,18 और 12 भी हटा दी गई, जिसे पुनः वापस लेना है। इसके लिए संगठन के बैनर तले पूर्ण एकता के साथ संघर्ष करना होगा। डीआईओएस को को ज्ञापन देने वालों में बृजभूषण यादव, छीटू राम यादव, जेडी सिंह, नन्हेलाल, अखिलेश गुप्ता, अनिल कुमार तिवारी, विमलेश अवस्थी, अरविंद पांडे, अंजनी कुमार शर्मा, शिवकुमार अवस्थी आदि शामिल थे।

# बारिश से बढ़ी उमस गर्मी से लोग बेहाल

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** अलग अलग स्थानों पर हो रही बारिश के बाद भी लोगो को गर्मी से राहत नही मिल रही है। दिन से लेकर रात तक बारिश के बाद उमस बढ़ जाती है। जिससे लोगों का गर्मी से बुरा हाल रहता है। गुरुवार की सुबह कई जगहों पर धूप खिली रही तो कई जगहों पर बादल छाए रहे और बारिश भी हुई। जहां पर बारिश हुई वहां तो लोगों को गर्मी से थोडी राहत मिली वही जहां धूप रही वहां पर तेज उमस रही और लोग छाया ढूढ़ते रहे। गुरुवार को शहर के कई स्थानों पर बारिश हुई जबकि कई जगहों पर तेज धूप रही। बारिश की वजह से जलजमाव भी बना हुआ है। जिसकी वजह से संक्रामक बीमारियों का भी खतरा बना हुआ है।

# बालिकाओं के सशक्तिकरण में मीना मंच काफी प्रभावशाली : गौरव

संवाददाता, रायबरेली।

**अमृत विचार।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा लखनऊ की यूनिसेफ टीम प्रभारी गौरव त्रिपाठी ने गुरूवार को हरचंदपुर विकासखंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय अघौरा, नंदा खेड़ा और कठवारा पहुंचकर बालिका शिक्षा के तहत बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए संचालित मीना मंच कार्यक्रम की हकीकत जानी।

उन्होंने सोशल एक्टिविटी के तहत प्रत्येक शनिवार को परियोजना द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी सुगमकर्ता बालिकाओं के बीच आयोजित कराए गए विभिन्न



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चे। अमृत विचार

गतिविधियां जिससे बालिकाओं का जीवन कौशल विकास कराया जा सके। एसएस पाण्डेय ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में सभी पूर्व माध्यमिक एवं कंपोजिट तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों मीना मंच का गठन किया है और प्राथमिक विद्यालयों बाल संसद का गठन कर बच्चों को सशक्ति एवं मुखर बनाया जा रहा है। डॉ. शारदा सिंह, कमलेश कुमारी, एते शाम फातिमा, बंदिता शर्मा द्वारा मीना मंच संचालन के बारे में जानकारी दी गई।

# चबूतरे पर निर्माण होने से व्यापारियों में आक्रोश

**लालगंज, रायबरेली।** कृषि उत्पादन मंडी समिति लालगंज में फुटकर किसानों और व्यापारियों के लिए पूर्व में पक्का चबूतरा बनवाया गया था। जिसमें करीब एक सैकड़ा किसान और व्यापारी जमीन पर दुकान लगाकर व्यापार करते हैं। 6 महीने पूर्व व्यापारी हितों की अनदेखी करते हुए मंडी समिति प्रशासन ने खाली जगह पर दुकान निर्माण न करा कर पक्के चबूतरे पर दुकान बनवाने का प्रस्ताव पास किया, जिसका ठेका भी हो गया था। फरवरी महीने में उद्यान राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने लालगंज पहुंचकर दुकानों का शिलान्यास भी कर दिया था, तभी से छोटी आय वाले किसान और व्यापारी परेशान घूम रहे हैं।

**बैठक** डीएम ने की कर-करेत्तर, राजस्व वसूली एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक

# कम कर वसूली करने वाले विभाग करें सुधार : डीएम

संवाददता, रायबरेली।

**अमृत विचार।** बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कर करेत्तर, वसूली एवं राजस्व कार्यो की प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में डीएम ने सभी एसडीएम व तहसीलदारों से कहा कि अपने क्षेत्रों में राजस्व कार्यों की प्रगति के लिए नियमित रूप से निरीक्षण कर लक्ष्यों की पूर्ति करें। उन्होंने परिवहन विभाग से कहा कि अवैध वाहनों एवं यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर चालान करने की गति में तेजी लाई जाए। डीएम ने कहा कि



बचत भवन सभागार में बैठक की अध्यक्षता करतीं डीएम हर्षिता माथुर।

सभी विभाग कर आदि की वसूली में अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्रत्येक दशा में प्राप्त कराना सुनिश्चित कराये। उन्होंने आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि शराब की दुकानों पर नियमित रूप से जांच आदि सहित अन्य कार्यवाही भी नियमानुसार करें। वन विभाग की लक्ष्य के सापेक्ष अधिक प्रगति होने पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रगति को बनाए रखने के निर्देश दिए। मंडी विभाग में आवक की गति ठीक ना होने पर उन्हें निर्देशित किया कि प्रगति कर जल्द अवगत कराएं। परिवहन, आबकारी, विद्युत, व्यापार कर, खनन, स्टाम्प, नगर निकाय सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा कर कम वसूली वाले विभागों को प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वाणिज्य कर विभाग अपना प्रवर्तन का कार्य बढ़ाये और नियमानुसार कर आदि का वसूली को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में नियमानुसार ईकाईयों से कर आदि की वसूली का कार्य किया जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी न्यायिक अहमद फरीद खान, नगर मजिस्ट्रेट बाबूराम सहित समस्त उपजिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन पीएमजीएसवाई सड़क में फंसी एम्बुलेंस

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली।

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत निर्माण अधीन सड़क में आए दिन लोग परेशान हो रहे है। बरसात के मौसम में जगह-जगह खराब हुई सड़क की वजह से राहगीर चोटिल हो रहे हैं। स्कूली बच्चे भी समय से स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं। सड़क के निर्माण का कार्य बीते दिसंबर 2023 को पूरा हो जाना था, लेकिन लगभग सात महीने और बीत जाने के बाद भी अभी तक सड़क के निर्माण का कार्य भी शुरू नहीं हो सका है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के द्वारा छत्तीसगढ़ की एक कंपनी को सड़क के निर्माण की जिम्मेदारी सौंप गई है, लेकिन लापरवाह ठेकेदार सड़क का काम शुरू कराकर गायब हो गए, जिससे सड़क बदहाल स्थिति में पहुंच गई है।

गुरुवार को मैरीज लेने जा रही एक एंबुलेंस इसी बदहाल सड़क में फंस गई। लगभग दो घंटे तक मरीज तड़पता रहा, लेकिन एम्बुलेंस समय से मरीज को नहीं ले जा सकी। पूरे माता दी निवासी सविता पुत्री प्रताप की तबीयत अचानक खराब हो गई। तीमारदारों ने 108 पर फोन करके एंबुलेंस को बुलाया एंबुलेंस मरीज को लेने जा रही थी तभी गांव के पहले खराब सड़क होने की वजह से एंबुलेंस उसमें फंस गई।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,039.80 | 24,406.10 |
| गिरावट | 109.08 | 7.40 |
| प्रतिशत में | 0.14 | 0.03 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शुक्रवार, 26 जुलाई 2024

## एक नजर

### खाद्य तेल में टिकाव, मूंग और अरहर दाल सस्ती

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मूंग दाल और अरहर दाल सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। मूंग दाल 100 रुपये और अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। चना, दाल चना, मसूर दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रहीं।

### बजाज फिनसर्व ने लार्ज कैप फंड लॉन्च किया

**मुंबई।** बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने केंडट्री रणनीति के तहत बजाज फिनसर्व लार्ज कैप फंड के लॉन्च की घोषणा की। कंपनी ने बताया कि यह इस श्रेणी में अनूठा फंड है। इसमें उच्च सक्रिय शेयर और चुनिंदा 25-30 स्टॉक पर ध्यान केंद्रित करने वाली एक केंद्रित रणनीति है। इस अनूठे दृष्टिकोण के माध्यम से, फंड का लक्ष्य लंबी अवधि में बेहतर जोखिम-समायोजित रिटर्न प्रदान करना है।

### ईक्यूटी ने आरबीएल बैंक की अपनी हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली।** ईक्यूटी प्राइवेट कैपिटल एशिया ने गुरुवार को निजी क्षेत्र के आरबीएल बैंक में अपनी समूची 7.89 प्रतिशत हिस्सेदारी खुले बाजार में लेनदेन के जरिये 1,091 करोड़ में बेच दी। ईक्यूटी प्राइवेट कैपिटल अब आरबीएल बैंक से पूरी तरह अलग हो गई है। उसने अपनी इकाई मेपल-2 बी वी के जरिये हिस्सेदारी बेची। बीएसई पर थोक सौदों के बारे में उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, मेपल-2 बीवी ने 4,78,40,700 शेयरों की बिक्री की जो आरबीएल बैंक में 7.89 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। इन शेयरों को 228.08 रुपये प्रति शेयर के औसत भाव पर बेचा गया।

# शेयर बाजार में पांचवें दिन भी गिरावट

## धातु, बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 109.08 टूटा

मुंबई, एजेंसी



- पांच सत्रों में सेंसेक्स में 1.60% और निफ्टी 1.59% गिरा

वैश्विक बाजारों में नरमी के रुख के बीच धातु, बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से स्थानीय शेयर बाजार गुरुवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। बजट में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और अल्पावधि के पूंजीगत लाभ पर कर बढ़ाने की घोषणा के बाद से निवेशक अपना रुपया निकाल रहे हैं। बड़े पैमाने पर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने निकासी की है। पिछले कुछ सत्रों की तरह गुरुवार को भी बाजार में काफी उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही।

बीएसई का सेंसेक्स 109.08 अंक यानी 0.14% की गिरावट के साथ 80,039.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 671 अंक तक लुढ़कते हुए 79,477.83 अंक पर आ गया था। लेकिन टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में तेजी ने गिरावट को थाम लिया। एनएसई का निफ्टी भी 7.40 अंक यानी 0.03% गिरकर 24,406.10 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान यह 202.7 अंक गिरकर 24,210.80 अंक पर आ गया था। इन पांच सत्रों में सेंसेक्स में कुल 1,303.66 अंक यानी 1.60% और निफ्टी में 394.75 अंक यानी 1.59% की गिरावट आई है। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि बाजार शुरुआत में अमेरिकी बाजार में गिरावट के असर में रहा लेकिन आखिर तक इसने नुकसान की भरपाई की। इसके पीछ तेल एवं गैस, वाहन शेयरों में लिवाली की भूमिका रही।

एक्सिस बैंक के शेयरों में 5% से अधिक की गिरावट आई। एक्सिस बैंक के तिमाही के नतीजे निवेशकों को खुश करने में नाकाम रहे। नेस्ले, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। टाटा मोटर्स में 6% की बढ़त रही। लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस और पावर ग्रिड के शेयर भी बढ़त में रहे।

### मिडकैप और स्मॉल कैप में भी आई गिरावट

बीएसई मिडकैप में 0.22% और स्मॉलकैप में 0.14% की गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि उतार-चढ़ाव भरे सत्र के अंत में बाजार कमोबेश स्थिर स्तर पर बंद हुए। बजट में खपत को बढ़ावा देने और ऊर्जा बदलाव की दिशा में प्रयासों से इस खंड को लेकर सकारात्मक धारणा देखी गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। एफआईआई ने बुधवार को 5,130.90 करोड़ मूल्य के शेयरों की बिकवाली की।

## आईडीबीआई के संभावित निवेशकों को सुरक्षा मंजूरी मिली

- आरबीआई से हरी झंडी जल्द मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक में निवेश की मंशा जताने वालों को गृह मंत्रालय से जरूरी सुरक्षा मंजूरी मिल गई है और जल्द ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से भी मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी के साथ मिलकर आईडीबीआई बैंक में करीब 61% हिस्सेदारी को बेचने की तैयारी में है। केंद्र सरकार की 30.48% और एलआईसी की 30.24% हिस्सेदारी को बेचा जाएगा। जनवरी 2023 में निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग ने कहा था कि उसे आईडीबीआई बैंक में हिस्सेदारी की खरीद के लिए कई रुचि पत्र मिले हैं। गृह मंत्रालय से सुरक्षा और आरबीआई से उचित मानदंडों को पूरा करने की मंजूरी लेनी होगी।

## आयकर कानून का मसौदा तैयार करेगा कर विभाग

नई दिल्ली, एजेंसी



संजय मल्होत्रा

- राजस्व सचिव बोले- विधेयक को अंतिम रूप देने से पहले हितधारकों से लेंगे परामर्श

राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने गुरुवार को कहा कि बजट में प्रस्तावित नए सरलीकृत आयकर कानून का पहला मसौदा कर विभाग की आंतरिक समिति द्वारा तैयार किया जाएगा। विधेयक को अंतिम रूप देने से पहले हितधारकों से परामर्श लिया जाएगा। यह प्रक्रिया नई प्रत्यक्ष कर संहिता लाने से जुड़ी नहीं बल्कि आयकर कानून की व्यापक समीक्षा से जुड़ी है। वित्त

मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट में घोषणा की थी कि आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा छह महीने में पूरी कर ली जाएगी। इसका मकसद अधिनियम को संक्षिप्त, सुस्पष्ट, पढ़ने और समझने में आसान बनाना है। इससे विवाद कम होंगे, जिससे करदाताओं को कर निश्चितता मिलेगी।

मल्होत्रा ने कहा कि यह कोई नई प्रत्यक्ष कर संहिता नहीं है... यह एक व्यापक समीक्षा है। उन्होंने कहा कि समीक्षा के बाद सरलीकृत आयकर कानून का पहला मसौदा कर विभागकी एक आंतरिक समिति की ओर से तैयार किया जाएगा। उद्योग निकाय फिक्की के साथ एक परिचर्चा सत्र में मल्होत्रा ने कहा कि हम एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहेंगे पहला मसौदा एक आंतरिक दल की ओर से तैयार किया जाएगा। फिर हम देखेंगे कि इसे हितधारकों के परामर्श के साथ आगे कैसे बढ़ना है।

# अनचाहे कॉल, संदेशों पर रोक के लिए दें टिप्पणियां

नई दिल्ली, एजेंसी



- उपभोक्ता मंत्रालय ने महासंघों, संघों और हितधारकों के अनुरोधों पर तिथि बढ़ाई की आठ अगस्त

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने प्रचार-प्रसार संबंधी कॉल और एसएमएस जैसे अनचाहे एवं अवांछित कारोबारी संचार पर लगाम लगाने के मसौदे पर टिप्पणियां आमंत्रित की आखिरी तारीख बढ़ाकर गुरुवार को आठ अगस्त कर दी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न महासंघों, संघों और अन्य हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों के मद्देनजर तारीख बढ़ाई है। इस पहले टिप्पणियां प्रस्तुत करने की आखिरी तारीख 21 जुलाई थी।

मंत्रालय ने कहा कि उसे विभिन्न सुझाव तथा टिप्पणियां मिले हैं, जिन पर गौर किया जा रहा है। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और नियामकों सहित सभी हितधारकों के साथ परामर्श के बाद तैयार किए गए निर्देशों में व्यक्तिगत संचार को नहीं रखा गया है। इसमें कारोबारी संचार को प्रचार तथा सेवा संदेशों जैसी वस्तुओं या सेवाओं से संबंधित किसी भी संचार के रूप में परिभाषित किया गया है। ये निर्देश कारोबारी संचार से जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं पर लागू होंगे। मसौदे के मुताबिक, व्यक्ति की रजामंदी या पंजीकृत प्राथमिकताओं का ध्यान न रखने वाला कारोबारी संचार अनचाहे और अवांछित के रूप में वर्गीकृत हुआ है। अपंजीकृत नंबर या एसएमएस हेडर का उपयोग करना, कॉल न आने का विकल्प चुनने के बावजूद कॉल करना, डिजिटल सहमति न लेना, कॉल करने वाले और उद्देश्य की पहचान न करना और सहमति बंद करने का विकल्प न देने जैसी स्थितियां भी अनचाही और अवांछित कारोबारी संचार की श्रेणी में रखी जाएंगी।

# बजट से जलीय कृषि, समुद्री खाद्य निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी



सीमा शुल्क को युक्तिसंगत बनाने तथा वित्तपोषण सुविधाओं जैसी समुद्री क्षेत्र के लिए बजट घोषणाओं से देश के जलीय कृषि व समुद्री खाद्य निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। एमपीईडीए ने गुरुवार को यह बात कही।

समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) के अनुसार, बजट में समुद्री उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के मकसद से कई रणनीतिक उपाय हैं, जिनमें झींगा उत्पादन तथा निर्यात पर ध्यान दिया गया है। बजट में झींगा तथा मछली का चारा बनाने में इस्तेमाल कच्चे माल पर सीमा शुल्क छूट देने का प्रस्ताव है। खनिज तथा विटामिन प्री-मिक्स, क्रिल भोजन, मछली लिपिड तेल, कच्चा मछली तेल, एल्गल प्राइम, एल्गल तेल जैसे कच्चे माल को आयात शुल्क से छूट देने की भी घोषणा हुई। कीट भोजन और एकल कोशिका प्रोटीन के लिए आयात शुल्क घटाकर पांच प्रतिशत करने का भी प्रस्ताव है।

## सोना 1,000 रुपये टूटा और चांदी 3,500 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट से आभूषण विक्रेताओं की भारी बिकवाली के बीच गुरुवार को सोने का भाव 1,000 रुपये लुढ़ककर 70,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि पिछले कारोबारी सत्र में बुधवार को सोना 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

लगातार तीसरे दिन सोने में गिरावट जारी रही और 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,000-1,000 रुपये घटकर क्रमशः 70,650 और 70,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। चांदी का भाव भी 3,500 रुपये की गिरावट के साथ 84,000 रुपये प्रति किलो रह गया। कारोबारी सत्र में चांदी 87,500 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। तीन सत्रों में सोने की कीमत में 5,000 रुपये की गिरावट आई है। 23 जुलाई को सोने की कीमत 3,350 रुपये घटकर 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई थी, जो सबसे बड़ी गिरावट है।



## एक नजर

### जम्मू में 300 से ज्यादा बंदूक के लाइसेंस बरामद

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को जम्मू के सतवारी इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत से बंदूकों के 300 से ज्यादा लाइसेंस बरामद किये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि निर्माणाधीन इमारत से बंदूकों के 300 से अधिक लाइसेंस मिले हैं। इन दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है और जांच की जा रही है कि क्या वे फर्जी हैं, समाप्त हो चुके हैं या मान्य दस्तावेज हैं। सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है।

### जमानत के लिए विभव कुमार जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार ने राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में जमानत के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट के अनुसार कुमार ने 19 जुलाई को जमानत याचिका दायर की थी और 24 जुलाई को इसे पंजीकृत किया गया। विभव ने मामले में जमानत देने से इनकार करने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के 12 जुलाई के आदेश को चुनौती दी है और दावा किया है कि उनके खिलाफ आरोप झूठे हैं।

### अभिनेत्री के विरुद्ध ड्रग्स मामला हो सकता है खत्म

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने 2016 के ड्रग्स मामले में अभिनेत्री ममता कुलकर्णी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को सबूतों की कमी का हवाला देते हुए रद करने का संकेत दिया है। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने अभी विस्तृत आदेश जारी नहीं किया है लेकिन संकेत दिया है कि अभिनेत्री की याचिका को खारिज करने की अनुमति दी जा सकती है। अभिनेत्री ने दावा किया कि उन्हें ड्रग घोटाले में बलि का बकरा बनाया गया है जिसका पर्दाफाश ठाणे पुलिस के एंटी-नारकोटिक्स सेल ने 12 अप्रैल 2016 को किया था और जिसमें 80 लाख रुपये की ड्रग्स जब्त की गई थी।

### हरियाणा में चिकित्सकों की हड़ताल, सेवाएं ठप

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सरकारी चिकित्सकों ने मांगें पूरी न होने के विरोध में गुरुवार को हड़ताल शुरू कर दी जिससे सरकारी अस्पतालों में सेवाएं ठप रहीं। हरियाणा सिविल चिकित्सा सेवाएं संगठन के नेतृत्व में चिकित्सक हड़ताल कर रहे हैं। यह संगठन राज्य के सरकारी चिकित्सकों का प्रतिनिधित्व करता है। ये चिकित्सक विशेषज्ञ कैडर का गठन, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों की सीधी भर्ती नहीं, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए बांड राशि कम करने आदि मांग कर रहे हैं।

# पुणे में बारिश से चार की मौत, सेना तैनात

## उपमुख्यमंत्री पवार ने जलभराव क्षेत्र का किया दौरा, मौसम विभाग ने दी सतर्क रहने की चेतावनी

पुणे, एजेंसी



महाराष्ट्र के पुणे शहर में भरा बारिश का पानी।

महाराष्ट्र में गुरुवार को भारी बारिश से हुई घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई। बारिश से पुणे और मुंबई शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया जिसके बाद यहां से लोगों को निकाला जा रहा है। मुंबई में बारिश से रास्तों पर पानी भर गया है और रेल सेवा प्रभावित हो गई है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने पुणे का दौरा किया और कहा, सेना सिंहगढ़ मार्ग पर एकता नगर में तैनात है। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ इलाके में मौजूद हैं। लवासा में भूस्खलन वाले स्थल पर बचाव अभियान जारी है। भूस्खलन से कुछ बंगले प्रभावित हुए हैं और तीन लोगों के मलबे में होने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पुणे जिले के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर जिले के अधिकतर इलाकों के स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश घोषित किया गया है। पुणे शहर और वेल्हा, मुलशी, भोर तालुका समेत जिलों के अन्य हिस्सों में बुधवार रात से बारिश हो रही है। बाढ़ जैसे हालात के मद्देनजर फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए पुणे नगर निगम (पीएमसी) के अग्निशमन विभाग और आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुणे के जिलाधिकारी सुहास दिवासे ने बताया कि खडकवासला बांध के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश से जलाशय से 35 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

### मुंबई में भारी बारिश से जलभराव, ट्रेनें प्रभावित

**मुंबई।** मुंबई और उसके उपनगरों में भारी बारिश से सड़कों पर जलभराव होने से यातायात बाधित हुआ और लोकल ट्रेन सेवा प्रभावित हुई। जलग्रहण क्षेत्रों में बारिश से विहार और मोदक सागर झीलें उफान पर हैं। यात्रियों ने शिकायत की कि पश्चिमी रेलवे और मध्य रेलवे की ओर से संचालित उपनगरीय सेवाएं 10-15 मिनट देरी से चल रही हैं।

# बिहार विधानसभा में हंगामा, विपक्ष ने नीतीश सरकार में अविश्वास जताया

पटना, एजेंसी



- समानांतर कार्यवाही के संचालन व फर्नीचर पलटने की कोशिश
- अध्यक्ष ने चेताया- कोई घायल हुआ तो कार्रवाई को होंगे बाध्य

बिहार विधानसभा में उस समय हंगामा होने लगा जब विपक्षी सदस्यों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली सत्तारूढ़ सरकार में अविश्वास व्यक्त करते हुए सदन के बीचों-बीच समानांतर कार्यवाही संचालित करने का प्रयास किया।

एक दिन पहले सदन में महिला विधायकों के प्रति मुख्यमंत्री के व्यवहार तथा राजग सरकार के खिलाफ मार्च निकाल रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को विपक्षी महिला विधायक काली पट्टी बांधे थीं। विपक्षी सदस्य हंगाम कर रहे थे। अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने प्रश्नकाल चलाने का फैसला किया। उन्होंने फर्नीचर को पलटने की कोशिश कर रहे विपक्षी नेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि आपके कृत्यों से कोई घायल होता है, तो मैं कार्रवाई के लिए बाध्य हो जाऊंगा। प्रश्नकाल समाप्त होने तक विपक्षी विधायक सदन में डटे रहे लेकिन बाद में उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी आवाज नहीं सुनी जा रही है और वह सदन से बहिर्गमन कर गये।

विपक्षी सदस्यों की अनुपस्थिति के बीच शून्यकाल के संचालन के बाद अध्यक्ष ने कार्यवाही स्थगित कर दी। ऊपरी सदन में भी महिला विधायकों के प्रति मुख्यमंत्री के व्यवहार का मुद्दा विपक्षी सदस्यों ने उठाया, जिससे कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद सभापति अवधेश कुमार सिंह को विधान परिषद की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। प्रतिपक्ष की नेता राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री और मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि नीतीश कुमार का आरोप है कि विपक्ष की महिला विधायकों को कुछ भी पता नहीं है या वे कुछ भी नहीं समझती हैं।

# उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में दृढ़ रहें जवान : द्विवेदी

श्रीनगर, एजेंसी



- एलओसी पर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा, पद संभालने के बाद पहला कुपवाड़ा के अग्रिम इलाकों का दौरा

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को एलओसी पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तैनात जवानों से उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में दृढ़ रहने का आह्वान किया। सेना प्रमुख (सीओएएस) का पदभार संभालने के बाद उन्होंने अपनी पहली कश्मीर यात्रा में उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के अग्रिम इलाकों का दौरा किया।

उन्होंने क्षेत्र में हमलों में वृद्धि के बीच सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने एक्स पर पोस्ट किया कि जनरल उपेंद्र द्विवेदी सीओएएस ने चिनार कॉर्प्स के अग्रिम ठिकानों का दौरा किया और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कमांडरों और सैनिकों के साथ बातचीत की। उन्होंने पेशेवरता के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए सभी रैंकों की सराहना की। उन्हें उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में दृढ़ रहने के लिए प्रेरित किया।

# मप्रः छात्रों को संस्कृत का श्लोक पढ़ने से रोकने के आरोप में प्रधानाचार्य के खिलाफ मामला दर्ज

गुना, एजेंसी

- निजी स्कूल की प्रधानाचार्य ने इस मामले में मांगी माफी

मध्य प्रदेश के गुना शहर में निजी स्कूल की प्रधानाचार्य के खिलाफ विद्यार्थियों को संस्कृत का श्लोक पढ़ने से रोकने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानाचार्य ने इस मामले में माफी मांग ली है।

घटना 15 जुलाई को वंदना कॉन्वेंट स्कूल में सुबह की सभा के दौरान हुई। तीन विद्यार्थियों ने सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया का पाठ किया। आरोप है कि प्रधानाचार्य सिस्टर कैथरीन ने उनसे माइक छीन लिया और कहा कि स्कूल में ऐसे श्लोक बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी में घटना का विवरण दिया गया है। दो दिन बाद कथित घटना के बारे में पता चलने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने स्कूल में हंगामा किया जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानाचार्य के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। उनके आग्रह पर सिस्टर कैथरीन वहां पहुंचीं और माफी मांगी। प्रधानाचार्य ने कहा कि वह दिन अंग्रेजी में बातचीत के लिए आरक्षित था और इसीलिए विद्यार्थियों को रोका गया। वह सभी धर्मों का सम्मान करती हैं और अगर उन्होंने किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है तो उन्हें खेद है।

पुलिस ने बताया कि माफी मांगने के बावजूद प्रदर्शनकारी प्रधानाचार्य पर कार्रवाई व उन्हें हटाने की मांग करते रहे तथा वे दो घंटे तक परिसर में रहे और मांग की कि स्कूल में रोजाना श्लोक का पाठ किया जाए।

## यूपीएससी, एसएससी परीक्षाओं में पेपर लीक की सूचना नहीं : जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली।** दो वर्षों के दौरान संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) और बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) की ओर से आयोजित भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होने की कोई घटना सामने नहीं आई है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि हाल में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई 2024 को ओएमआर (पेन और पेपर) मोड में नीट (यूजी) परीक्षा आयोजित की। कथित अनियमितताओं के मामले सामने आए। मामले को 22 जून 2024 को जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया गया था। दो वर्षों के दौरान संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड और बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान की ओर से आयोजित भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होने की कोई घटना सामने नहीं आई है।

# ऑस्कर नामित फिल्म में दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर होने पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट से फिल्म निर्माता निशा पाहुजा और नेटफ्लिक्स पर कार्रवाई का अनुरोध

दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को फिल्म निर्माता निशा पाहुजा और नेटफ्लिक्स पर कार्रवाई का अनुरोध करने वाली उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा, जिसमें कानून का उल्लंघन करते हुए सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग की पहचान उजागर करने का आरोप है।

झारखंड के गांव को केंद्र में रख कर बनाई टू किल ए टाइगर एक ऐसे व्यक्ति की पीड़ा बयान करती है जो अपनी 13 वर्षीय बेटी के लिए न्याय की लड़ाई लड़ता है। उसकी बेटी का तीन लोगों ने यौन उत्पीड़न किया था। इस साल 96वें अकादमी पुरस्कारों में फिल्म को सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री फीचर श्रेणी में नामित किया गया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की पीठ ने तुलिर चैरिटेबल ट्रस्ट की याचिका पर केंद्र के साथ एमी पुरस्कार के लिए नामित हो चुकीं फिल्म निर्माता पाहुजा और फिल्म को स्ट्रीम करने वाले ओटीटी प्लेटफॉर्म को नोटिस जारी किया है। पीठ में न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला भी शामिल थे। पीठ ने यह देखते हुए इस स्तर पर फिल्म की वर्तमान स्वरूप में स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया कि यह मार्च से ही यहां जनता के लिए उपलब्ध है।

## नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोपी 3 साल बाद गिरफ्तार

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में 12 वर्षीय लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को तीन साल बाद गिरफ्तार किया गया। ईटानगर के एसपी रोहित राजबीर सिंह के अनुसार, आरोपी निताई रॉय को 2021 में राजीव गांधी विश्वविद्यालय परिसर स्थित लेबर कॉलोनी में नाबालिग से बलात्कार करने के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ महिला थाने में मामला दर्ज हुआ था।

# नीट-यूजी पेपर लीक मामला : ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य व सूत्रधार में साठगांठ

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई ने मामले में अब तक की गई जांच के अनुसार किया खुलासा

राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक के सूत्रधार पंकज कुमार ने हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य और उप-प्रधानाधार्य के साथ सांठगांठ कर पांच मई को परीक्षा शुरू होने से कुछ घंटे पहले प्रश्नपत्र हासिल किया और उसे हल कर उन उम्मीदवारों को भेजा जिन्होंने पैसे दिए थे। सीबीआई ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

सीबीआई ने नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक की गई जांच की जानकारी देते हुए बताया कि कुमार ने ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के जिला समन्वयक एहसानुल हक और उप-प्रधानाचार्य व केंद्र अधीक्षक इम्तियाज आलम के साथ सांठगांठ कर अपराध को अंजाम दिया। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीबीआई ने बताया कि वह पटना के छात्रावास से बरामद आधे जले कागजों के आधार पर केंद्र की पहचान कर सकती है। नीट यूजी 2024 प्रश्नपत्रों वाले बक्सों को स्कूल में लाया गया और पांच मई की सुबह नियंत्रण कक्ष में रखा गया। प्रधानाचार्य और उप-प्रधानाचार्य ने सूत्रधार को कमरे में जाने की अनुमति दी। परीक्षा की सुबह हजारीबाग में एम्स पटना, रिम्स रांची और भरतपुर के मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के समूह ने प्रश्नपत्र हल किया।

## करगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर देशभर में पर्व जैसा माहौल, शहीदों को याद कर हुए भावुक

# मातृभूमि की रक्षा को अंतिम सांस तक डटे रहे थे जांबाज



यादों के झरोखों से...वर्ष 1999 में कारगिल में तिरंगा लहराते जवान।

मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने जीवन का अनुपम बलिदान देने वाले वीर जवानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता और उनकी शहादत को राष्ट्र सदैव याद रखेगा। कारगिल युद्ध लगभग 50 दिन चला और भारतीय सैनिकों ने सीमित हथियारों के साथ दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया। पूरा भारत सेना के साथ एकजुट खड़ा हुआ और पाकिस्तान को अपनी राष्ट्रभक्ति की मिसाल दिखाई। आज भारत में बने युद्ध स्मारकों में ही नहीं बल्कि दूसरे देशों में बने युद्ध स्मारकों में भी भारतीय जवानों के नाम अंकित हैं। कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को देश के सैन्यकर्मी यादकर भावुक हो गए।



### भारत ने रक्षा क्षेत्र में जबरदस्त ताकत हासिल की : मलिक



जनरल (सेवानिवृत्त) वीपी मलिक ने कहा कि 1999 में पाकिस्तान के साथ हुए कारगिल युद्ध के बाद से भारत ने रक्षा क्षेत्र में जबरदस्त ताकत हासिल की है। युद्ध के दौरान सेना प्रमुख रहे जनरल मलिक ने कहा कि कुछ कमज़ोरियों के कारण ही 1999 में पाकिस्तानी घुसपैठिए सीमा के इस पार घुसपैठ कर पाए थे। हमारे अधिकारियों और जवानों की बहादुरी के बल पर हमने पाकिस्तान के खिलाफ़ कारगिल युद्ध जीता था और पराजय के लिए विवश कर दिया गया।

### कारगिल युद्ध के बहादुरों का सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा: सीडीएस



प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि कारगिल युद्ध में बहादुर सैनिकों द्वारा दिया गया सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। जनरल चौहान ने कारगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर सशस्त्र बलों के सभी रैंकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा यह न केवल सैनिकों बल्कि देश के युवाओं की भावी पीढ़ियों को भी प्रेरित करता रहेगा। युद्ध की विशिष्टता पर प्रकाश डालते हुए सीडीएस ने कहा कि कारगिल युद्ध में न केवल सेना के लिए बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े सभी लोगों के लिए सबक थे।

### शहीदों की याद में पूर्व महिला सैन्य अधिकारी ने 160 किमी दौड़ लगाई



**मुंबई।** करगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर एक पूर्व महिला सेना अधिकारी ने श्रीनगर से द्रास तक 160 किलोमीटर की दौड़ पूरी की। लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) वर्षा राय ने चार दिन के अंदर 160 किलोमीटर की दूरी दौड़ते हुए पूरा की। उन्होंने कहा मैंने उन बहादुरों के सम्मान में दौड़ लगाई है जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। लेफ्टिनेंट कर्नल राय श्रीनगर से द्रास सेक्टर तक दौड़ लगाते हुए करगिल युद्ध स्मारक पहुंची। उन्होंने 19 जुलाई को अपनी यात्रा शुरू की थी और यह 22 जुलाई को समाप्त हुई। उनके साथ चिनार वारियर्स मैराथन टीम भी थी।



### मोदी आज जाएंगे कारगिल, विश्व की सबसे ऊंची सुरंग के लिए विस्फोट करेंगे



प्रधानमंत्री मोदी कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कारगिल क्षेत्र का दौरा करेंगे। इस दौरे में वह लद्दाख क्षेत्र में वीडिया कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विश्व की सबसे ऊंची शिंकुन ला सुरंग परियोजना का पहला विस्फोट करेंगे। इस दौरान प्राणों की आहुति देने वाले शहीद वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। शिंकुन ला सुरंग परियोजना में 4 .1 किलोमीटर लंबी दोहरी सुरंग प्रणाली का निर्माण किया जाएगा। यह सुरंग निमू-पदुम-दारचा मार्ग पर लगभग 15,800 फुट की ऊंचाई पर बनायी जा रही और इससे लेह के लिए हर मौसम में आवागमन की सुविधा होगी।

## एक नजर

### तुर्की में 72 आईएस संदिग्ध पुलिस हिरासत में

**तुर्की।** यहां की पुलिस ने आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट में शामिल होने के संदेह में 72 लोगों को हिरासत में लिया है। गृह मंत्री अली येरलिकाया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। येरलिकाया ने सोशल मीडिया पर कहा आईएस के खिलाफ एक अभियान में 13 प्रांतों से 72 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। मंत्री ने कहा कि पुलिस ने राजधानी अंकारा और इस्तांबुल तथा अंताल्या शहरों में छापेमारी की और तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में धन जब्त किये।

### रूस और चीन के बमवर्षक विमान देखे गए

**बीजिंग।** चीन और रूस के लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम चार बमवर्षक विमानों को अलास्का के नजदीक अंतर्राष्ट्रीय जल सीमा के ऊपर उड़ते देखा गया, जिसके जवाब में अमेरिका तथा कनाडा ने अपने लड़ाकू विमान भेजे। अमेरिका एवं कनाडा की संयुक्त एरोस्पेस कमान ने एक बयान में यह जानकारी दी।

### सिंगापुर में आतंकवादी हमले का खतरा

**सिंगापुर।** इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के बाद से सिंगापुर में संभावित आतंकवादी हमले का खतरा बना हुआ है। सिंगापुर आतंकवाद खतरा आकलन रिपोर्ट 2024 के अनुसार, इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के बाद से आतंकवाद का खतरा बढ़ गया है। साथ ही, क्षेत्रीय चरमपंथी तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर सिंगापुर विरोधी बयानबाजी के भी मामले बढ़े हैं।

### गाजा से पांच इजरायली बंधकों के शव बरामद

**यरूशलम।** इजरायली सेना ने गुरुवार को दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर से पांच इजरायली बंधकों के शव बरामद किए। सेना ने बताया कि जिन लोगों के शव बरामद किये गये हैं उनका पिछले अक्टूबर में हमास आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था और तब से वे गाजा में कैद थे।

# मोदी की रूस यात्रा के समय को लेकर अमेरिका निराश

## यात्रा के दौरान नाटो शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा था अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी



- **अमेरिकी सांसदों ने भारत-रूस के बढ़ते संबंधों पर चिंता जताई**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐसे समय रूस की यात्रा करने को लेकर अमेरिका निराश है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन यहां नाटो शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे थे। यह बात अमेरिकी विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने उन सांसदों से कही, जिन्होंने भारत-रूस के बढ़ते संबंधों को लेकर चिंता जाहिर की थी।

मोदी ने 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन के निमंत्रण पर 8-9 जुलाई को रूस की आधिकारिक यात्रा की थी। यह यूक्रेन संघर्ष की शुरुआत के बाद से मोदी की पहली रूस यात्रा थी। भारत ने 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की अभी तक निंदा नहीं की है और लगातार बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के समाधान की वकालत की है। दक्षिण एवं मध्य एशिया के लिए सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने यहां संसदीय बैठक में अमेरिकी सांसदों से कहा मैं मोदी की मॉस्को यात्रा के प्रतीकवाद और समय को लेकर हमारी निराशा के बारे में आपसे पूरी तरह सहमत हूं। हम अपने भारतीय मित्रों के साथ बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा यदि मैं उस यात्रा के संदर्भ पर कुछ प्रकाश डालूं तो संभव है कि आप कुछ आश्वस्त हों। मॉस्को जाने से दो सप्ताह पहले प्रधानमंत्री मोदी ने इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से भी मुलाकात की थी।

### मोदी का सम्मान करता हूं : लू

लू ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करता हूं और प्रशंसा करता हूं। मॉस्को में युद्ध अपराधी पुतिन को गले लगाते हुए देखकर हैरान और दुखी हुआ, वह भी उसी दिन जब यूक्रेन में बच्चों के अस्पताल पर मिसाइलें दागी।

### भारत का दो टूक जवाब रूस से संबंध दीर्घकालिक

**नई दिल्ली।** भारत ने मोदी की रूस यात्रा और रूस के साथ उसके संबंधों पर अमेरिकी मंत्री डोनाल्ड लू की टिप्पणियों को खारिज करते हुए कहा कि भारत और रूस के संबंध दीर्घकालिक हैं और बहुध्रुवीय विश्व में इसकी सराहना करनी चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि विश्व में सभी देशों को चयन की स्वतंत्रता है। अमेरिकी कांग्रेस में कार्यवाही के दौरान लू ने प्रधानमंत्री के रूस दौरे के समय को लेकर सवाल खड़ा किया और कहा कि भारत सस्ते हथियारों के लिए रूस पर निर्भर है।

## कोलंबिया में फुटबॉल मैदान पर हुए ड्रोन हमले में 10 की मौत

**बोगोटा।** दक्षिण-पश्चिम कोलंबिया के काउका विभाग में एक फुटबॉल मैदान पर मंगलवार रात हुए ड्रोन हमले में एक नाबालिग सहित 10 लोगों की मौत हो गई। काउका में आर्मी स्पेसिफिक कमांड के प्रमुख जनरल फेडेरिको मेजिया के अनुसार यह हमला अर्गेलिया शहर के एल प्लैटेडो जिले में कोलंबिया विद्रोही समूह के निष्क्रिय हो चुके क्रांतिकारी सशस्त्र बलों के असंतुष्टों द्वारा किया गया।

उन्होंने स्थानीय मीडिया से कहा कि मैदान पर हमले से पहले, जहां बच्चे खेल रहे थे, विस्फोटकों से लैस ड्रोन द्वारा सेना पर 13 हमले हुए। मंगलवार को स्थानीय समयानुसार रात लगभग 9:00 बजे, फुटबॉल मैदान के पश्चिमी हिस्से में एक घर से भेजे गए आखिरी ड्रोन द्वारा मैदान पर एक विस्फोटक उपकरण गिराया गया, जिससे अज्ञात संख्या में लोग प्रभावित हुए और नाबालिग की दुर्भाग्यपूर्ण हत्या हुई। जनरल मेजिया ने कहा कि ये हमले गुरिल्ला विरोधी सैन्य अभियानों के जवाब में किए गए हैं।

# भारत विरोधी तत्वों पर कार्रवाई करे कनाडा

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत ने कनाडा के एडमॉन्टन में मंदिर में तोड़फोड़ की रिपोर्ट पर चिंता जताते हुए कनाडा सरकार से दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में इस मुद्दे पर सवालों के जवाब में कहा हमने इस मामले को दिल्ली और ओटावा दोनों में कनाडा के अधिकारियों के साथ दृढ़ता से उठाया है।

हम तोड़फोड़ की निंदा करते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि स्थानीय अधिकारी जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी और त्वरित कार्रवाई करेंगे। मंदिरों के विरुद्ध ये हमले बार-बार होने वाली घटना बन गए हैं और एक ऐसे उद्देश्य से किए जाते हैं जिसे समझना मुश्किल नहीं है। जायसवाल ने कहा कि हमने कनाडा में हाल के दिनों में ऐसी कई घटनाएं देखी हैं। अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की कमी ने ऐसे आपराधिक तत्वों को और अधिक प्रोत्साहित किया है। उग्रवाद और हिंसा की वकालत करने वालों और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाने की जरूरत है अन्यथा कनाडा में कानून का शासन और बहुलवाद के प्रति सम्मान को गंभीर रूप से कमजोर किया जाता रहेगा।

### बार-बार हो रही हिंसा

उन्होंने कहा हम उम्मीद करते हैं कि कनाडा उन भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करेगा जिन्होंने बार-बार हिंसा के जरिए भारतीय नेताओं, संस्थानों, एयरलाइंस और राजनयिकों को धमकी दी है। हम हमारे ख़िलाफ़ धमकियों पर कड़ी कार्रवाई, समान स्तर की कार्रवाई देखना चाहेंगे।

## सभी समुदायों से समान व्यवहार पर भारत के साथ बातचीत जारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बुधवार को कहा कि उसने सभी धार्मिक समुदायों के सदस्यों से समान व्यवहार के महत्व पर भारत के साथ चर्चा की है। कुछ राज्यों के ढाबा, होटल मालिकों को अपने भोजनालयों में नाम प्रदर्शित करने के लिए मजबूर करने संबंधी खबरों के बारे में पूछे जाने पर विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने संवाददाताओं से कहा हमने ऐसी खबरें देखी हैं।

हमने उन खबरों को भी देखा है कि भारत के उच्चतम न्यायालय ने 22 जुलाई को उन निर्देशों के कार्यान्वयन पर अंतरिम रोक लगा दी। मिलर ने कहा इसलिए वे (निर्देश) वास्तव में अब प्रभावी नहीं हैं। सामान्य तौर पर, जैसा कि हम हमेशा कहते हैं, दुनिया में कहीं भी सभी धर्म और विश्वास की स्वतंत्रता के अधिकार के लिए सार्वभौमिक सम्मान को बढ़ावा देने और सम्मान देने को लेकर हम प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा हमने सभी धार्मिक समुदायों के सदस्यों के लिए समान व्यवहार के महत्व पर अपने भारतीय समकक्षों के साथ बातचीत की है।

# नेपाल : दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स मिला

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में एक दिन पहले दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है और यह जांच टीम को सौंप दिया गया है। दुर्घटना में एक बच्चे सहित 18 लोग मारे गए थे। सौर्य एयरलाइंस का पोखरा जा रहा बॉम्बार्डियर सीआरजे-200' विमान बुधवार को त्रिभुवन अतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई।

घटना में विमान में सवार 18 लोगों की मौत हो गई और पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों में चालक दल के दो सदस्य, एयरलाइन के तकनीकी कर्मचारी और चार वर्षीय एक लड़के सहित तीन लोगों का परिवार शामिल है। नागर विमानन प्राधिकरण के उपमहानिदेशक हंस राज पांडे ने बताया कि ब्लैक बॉक्स जांच टीम को सौंप दिया गया है।

### कॉकपिट अलग होने से बच गया था पायलट

**काठमांडू।** दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में एक मात्र जिंदा बचा व्यक्ति विमान के पायलट कैप्टन मनीष हैं जो विमान में आग लगने से पहले चमत्कारिक रूप से कॉकपिट के अलग होने से सुरक्षित निकलने में सक्षम हुए। हवाई अड्डे के सुरक्षा कर्मियों ने बताया कि जब विमान रनवे से फिसलकर कंटेनर से टकराया तो कॉकपिट का अगला हिस्सा उसमें फंस गया जबकि विमान का बाकी हिस्सा जमीन के दूसरी ओर जाकर गिर गया था।

## इमरान खान ने याचिका दायर की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने 9 मई की हिंसा के मामलों में खुद को सैन्य हिरासत में सौंपे जाने की आशंका के मद्देनजर एक याचिका दायर की है। याचिका में दलील दी गई है कि घटनाओं में शामिल बंदियों को नागरिक अदालतों के अधिकार क्षेत्र में रहना चाहिए। यह याचिका खान के वकील उजैर करामत ने लाहौर उच्च न्यायालय में दायर की है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, मामले में संघीय सरकार और सभी चार प्रांतों के महानिरीक्षकों (आईजी) को प्रतिवादी बनाया गया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान (71) ने कहा कि उन पर जनरल हेडक्वार्टर (जीएचक्यू) में विरोध प्रदर्शन भड़काने का आरोप लगाते हुए एक झूठी कहानी गढ़ी गई है।

# लोकतंत्र को बचाने के रास्ते में कोई बाधा नहीं आ सकती : बाइडेन

वाशिंगटन, एजेंसी

- **बाइडेन का राष्ट्र के नाम संबोधन, चुनावी मैदान से हटने के कारण बताए**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने देश में राष्ट्रपति पद के लिए होने जा रहे चुनाव की दौड से हटने के बाद व्हाइट हाउस ओवल ऑफिस से राष्ट्र के नाम संबोधन में चुनाव से चार महीने से भी कम का समय रहने के बीच मैदान से हटने के कारण के बारे में बताया। बाइडेन ने बुधवार रात को 11 मिनट के प्राइम-टाइम भाषण में कहा हमारे लोकतंत्र को बचाने के रास्ते में कोई बाधा नहीं आ सकती। इसमें व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा भी शामिल है। राष्ट्रपति ने 27 जून को बहस में खराब प्रदर्शन के बाद उनकी उम्र और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बढ़ गईं, जिसके कारण 30 से अधिक डेमोक्रेटिक सांसदों ने सार्वजनिक रूप से उनसे पद छोड़ने का आग्रह किया। बाइडेन ने कहा इसलिए मैंने निर्णय किया है कि आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि मशाल को नयी पीढ़ी के हाथों सौंप दिया जाये। यह हमारे राष्ट्र को एकजुट करने का सबसे अच्छा तरीका है। अमेरिकी अब जो निर्णय लेते हैं, वे आने वाले दशकों के लिए राष्ट्र और दुनिया का भाग्य निर्धारित करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित करने के लिए अपना पूरा समर्थन दिया है। साथ ही उन्होंने डेमोक्रेट्स से रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को हराने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। हैरिस ने बहुत जल्दी ही डेमोक्रेटिक पार्टी के कई नेताओं का समर्थन हासिल कर लिया।

## कमला हैरिस शासन करने के योग्य नहीं : डोनाल्ड ट्रंप

- **चुनावी रैली को संबोधित करते हुए डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी पर किया तीखा हमला**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस देश में शासन करने के योग्य नहीं हैं। हैरिस के संभावित उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार अपनी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी पर यह तीखा हमला किया। राष्ट्रपति जो बाइडेन (81) ने बीते सप्ताहांत में राष्ट्रपति पद की चुनावी दौड़ से अपना नाम वापस लिए जाने के बाद कमला हैरिस के नाम का अनुमोदन किया था। हैरिस (59) अब संभावित डेमोक्रेटिक उम्मीदवार हैं और अगस्त में ''डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में उन्हें आधिकारिक तौर पर पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार घोषित किया जाएगा। ट्रंप ने कहा कमला हैरिस अमेरिकी इतिहास की सबसे उदार निर्वाचित राजनीतिज्ञ हैं। वह एक अति-उदारवादी राजनीतिज्ञ हैं। वह बर्नी सैंडर्स से भी ज़्यादा उदार हैं। पूर्व राष्ट्रपति ने आरोप लगाया अगर वह कभी सत्ता में आईं तो वह इस देश को बहुत तेज़ी से नष्ट कर देंगी।

## बॉलीवुड हलचल



# बॉलीवुड में कमबैक करना चाहती है सोनम

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री और अनिल कपूर की पुत्री सोनम कपूर फिर से बॉलीवुड में कमबैक करना चाहती है। सोनम कपूर ने वर्ष 2018 में बिजनेसमैन आनंद आहूजा के साथ शादी की और वर्ष 2022 में मां बनी। सोनम कपूर लंबे अरसे से फिल्मों से दूर है। सोनम कपूर ने बताया है कि वह जल्द ही फिल्मों में कमबैक करने वाली हैं। सोनम कपूर ने बताया, मैं फिर से एक्टिंग शुरू करने वाली हूं, चाहे लोग मुझे चाहें या ना चाहें। सोनम ने बताया कि उन्हें अब भी जो रोल ऑफर हो रहे हैं वो 20 साल की उम्र वाले किरदार हैं। सोनम कपूर ने अपनी कजिन सिस्टर्स जान्हवी कपूर और खुशी कपूर का उदाहरण देते हुए कहा, मैं जान्हवी या खुशी जितनी यंग नहीं दिखती, लेकिन मैं इस बात के लिए बहुत खुश हूं कि लोग मुझे एक ऐसे इंसान के रूप में देखते हैं जिसकी उम्र ज्यादा नहीं है। भले ही मेरा एक बच्चा हो।

## श्रद्धा ने की तमन्ना तारीफ



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने तमन्ना भाटिया की तारीफ करते हुये कहा है कि उन्होंने इतनी हसीन स्त्री, कभी नहीं देखी है। फिल्म स्त्री 2 वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म स्त्री का सीक्वल है। फिल्म स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर, राज कुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, तमन्ना भाटिया, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं। इस फिल्म का पहला गाना रिलीज कर दिया है। इस गाने में तमन्ना भाटिया नजर आ रही है। आज की रात गाने की रिलीज के बाद से तमन्ना भाटिया सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही हैं। तमन्ना भाटिया ने स्त्री 2 के इवेंट का लुक अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जहां फैंस ने जमकर उनकी तारीफ की।

### लव रंजन की एक्शन फिल्म में काम करेंगे अजय देवगन

**मुंबई।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन, फिल्मकार लव रंजन की एक्शन फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। अजय देवगन ने लव रंजन की सुपरहिट फिल्म दे दे प्यार दे में काम किया है। अजय इन दिनों लव रंजन फिल्म दे दे प्यार दे 2 में काम कर रहे है। अजय देवगन एक और फिल्म में लव रंजन के साथ काम करने जा रहे हैं। यह एक हाई बजट एक्शन फिल्म होगी। कहा जा रहा है कि इस एक्शन फिल्म का निर्देशन जगन शक्ति कर रहे हैं।

## खगोल विज्ञान | नई जानकारी को वैज्ञानिकों ने वीनस क्लाउड डिसकंटीनिटी का नाम दिया

# शुक्र के वातावरण में तैर रही अम्लीय बादल की दीवार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** शुक्र ग्रह के वातावरण में एक नए बदलाव की जानकारी आई है। वैज्ञानिकों ने इसे वीनस क्लाउड डिसकंटीनिटी यानी शुक्र बादल विच्छेदन नाम दिया है। यह अम्लीय बादलों का बड़ा जखीरा है, जो ऊंची दीवार के रूप मे शुक्र के वातावरण से गुजर रही है।

इटली के एमेच्योर वैज्ञानिक लुइगी मोरोन ने पिछले सप्ताह इसका पता लगाया है। वीनस क्लाउड डिसकंटीनिटी अपेक्षाकृत नई तरह की अलग खोज है। जिसके संकेत 2016 में जापान के वीनस ऑर्बिटर अकात्सुकी से मिल गए थे। बादलों का यह विशाल जखीरा शुक्र के भूमध्य रेखा को लंबवत रूप से काटती हुई जा रही है, जो लगभग 5000 मील तक फैली हुई है। यह लगभग 200 मील प्रति घंटे की गति से शुक्र की परिक्रमा कर रही है।



कुछ तरह का है शुक्र ग्रह का वातावरण का काल्पनिक चित्र।

यह वायुमंडलीय व्यवधान शुक्र पर मौसम के संदर्भ में नई घटना है। किसी अन्य ग्रह पर इस तरह की घटना अभी तक नही देखी गई है। बहरहाल शुक्र के इस विचित्र बदलाव के कारण का अभी पता नही चल पाया है। ज्ञातब्य हो शुक्र का वातावरण वायुमंडल बेहद घना है। माना जाता है कि वह पृथ्वी के वायुमंडल से लगभग 90 गुना अधिक विशाल है। इसके वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड गैस 96 फीसद है। नाइट्रोजन की मात्र सिर्फ 3 प्रतिशत है। सल्फ्यूरिक एसिड बादलों की एक मोटी परत इसके वातावरण में तैरती है। शुक्र का रंग पीला नजर आता है।

### क्यों बदल गया वातावरण

शुक्र ग्रह का वातावरण कैसे बदल गया ? यह ऐसा प्रश्न है, जिसका उत्तर आज तक नही मिल सका है। अत्यधिक कार्बन डाइऑक्साइड के साए में घिरे शुक्र का पारा निरंतर बढ़ रहा है। माना जाता है कि कभी पृथ्वी के समान शुक्र की जलवायु हुआ करती थी। सागर व नदिया बहा करती थी। मगर ऐसा क्या हुआ, हो जो सब गायब हो गया और एसिड की बारिश इसके ऊपरी वातावरण में होने लगी।

### प्राचीन काल में ही हो गई थी शुक्र ग्रह की पहचान

**नैनीताल।** शुक्र ग्रह चन्द्रमा के बाद आकाश मे हमारा सबसे निकटतम पड़ोसी है। आसमान मे सबसे ज्यादा चमकने वाला ग्रह भी। रोमन लोग इसे वीनस, यूनानी कुप्रोस जिसका लैटिन रूप सिप्रिस जिसका अर्थ है शुक्र कहते थे। वहीं ऋग्वेद मे वेन शब्द को आकाश की चमकीली ज्योति कहा गया है। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का मत था कि वेन, वीनस, कुप्रिस और शुक्र शब्द एक ही अर्थ के घोतक हैं। चार हजार वर्ष पूर्व जब यूनानियों और भारतीय आर्यो के पूर्वज एक स्थान पर रहते थे, तब वे शुक्र को पहचानकर इसका नामकरण कर चुके थे।